✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स


✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 223 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 9 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



राजगीर स्थित सीआरपीएफ के नवारक्षी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान 24 राज्यों से आये 1340 नवारक्षियों ने ली देश सेवा की शपथ




## रेल अधिकारियों को आज 70वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल अपने संगठन में उत्कृष्ट सेवा और उल्लेखनीय योगदान के लिए 100 समर्पित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्रतिष्ठित 70वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित करने जा रही है। यह पुरस्कार समारोह 9 जनवरी को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (यशोभूमि), द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव चयनित रेलवे कर्मियों को यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस अवसर पर रेलवे एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, रेलवे तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य तथा विभिन्न रेलवे ज़ोन और उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक भी उपस्थित रहेंगे। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 के लिए कुल 100 पुरस्कारार्थियों का चयन किया गया है। ये पुरस्कार नवाचार, परिचालन दक्षता, सुरक्षा, संरक्षा, राजस्व वृद्धि, परियोजनाओं की समय पर पूर्णता, खेल उत्कृष्टता तथा अन्य विशिष्ट सेवा क्षेत्रों में योगदान के लिए दिए जा रहे हैं। इस क्रम में 17 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऐसे नए नवाचारों, प्रक्रियाओं और कार्य प्रणालियों को अपनाने के लिए सम्मानित किया जाएगा जिनसे उत्पादकता में वृद्धि, व्यय में बचत, आयात प्रतिस्थापन और संसाधनों के अधिक प्रभावी उपयोग को बढ़ावा मिला, जिससे भारतीय रेल की




समग्र दक्षता सुदृढ़ हुई। वहीं 22 रेलवे कर्मचारियों एवं अधिकारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा, जिनसे मानव जीवन एवं रेलवे संपत्ति की रक्षा हुई और जिन्होंने असाधारण साहस, प्रतिबद्धता एवं जनसेवा की भावना का परिचय दिया। समारोह के दौरान 14 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रेलवे आय बढ़ाने तथा बिना टिकट यात्रा, चोरी एवं अन्य कदाचारों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार19 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परिचालन सुधार, सुरक्षा एवं संरक्षा में वृद्धि, बेहतर रखरखाव पद्धतियों तथा रेलवे परिसंपत्तियों के कुशल उपयोग और संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए जबकि 16 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रिकॉर्ड समय में महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा 10 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित श्रेणियों से इतर विभिन्न कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट, समर्पित एवं प्रभावशाली योगदान एवं दो ऐसे खिलाड़ियों को भी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उपलब्धियां हासिल कर भारतीय रेल का नाम रोशन किया है। व्यक्तिगत पुरस्कारों के अतिरिक्त विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेलवे ज़ोनों को 26 शील्ड प्रदान की जाएंगी जिससे उनके समग्र प्रदर्शन (शेष पृष्ठ 11 पर)

## बिहार की विकास दर 13 फीसदी के पार, जीएसडीपी में भी उछाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की विकास दर 13.09 फीसदी हो गई है। वर्तमान मूल्य पर वर्ष 2024-25 का जीएसडीपी में वार्षिक वृद्धि दर 13.09 फीसदी है जबकि स्थिर मूल्य पर वार्षिक वृद्धि दर 8.64 फीसदी है। वहीं बिहार में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) बढ़कर 76490 रुपए हो गया है। यह वर्तमान मूल्य पर वर्ष 2024-25 का प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद है जबकि स्थिर मूल्य पर यह 40973 रुपए है। यह जानकारी योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य की 357 विकास योजनाओं को हरी झंडी मिली है। इन पर 16 हजार 887 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मंत्री ने बताया कि वित्तीय



वर्ष 2025-26 में दिसंबर तक इन योजनाओं को स्वीकृत प्रदान की गयी है। वे सूचना भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता योजना के तहत 8.76 लाख युवाओं को सहायता दी गयी है। इन्हें 1267 करोड़ का भुगतान किया गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत 72206 योजनाओं को पूरा किया गया है जबकि 17621 योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। पूर्ण की गयी योजनाओं पर 3634 करोड़ रुपए खर्च किये गये हैं। इसके अलावा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में 18 वीं लोकसभा सांसदों की अनुशंसा वाली 1108 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। इन पर 117.65 करोड़ खर्च हुए हैं जबकि राज्यसभा (शेष पृष्ठ 11 पर)

## गन्ना के मूल्य में 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के गन्ना किसानों को नीतीश सरकार ने बड़ी सौगात दी है। नए साल में गन्ना के मूल्य में बढ़ोतरी कर दी गई है। बिहार सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना की नई दर निर्धारित की है। इसमें 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसका फायदा गन्ना किसानों को मिलेगा। बताया जा रहा है कि पटना में सचिवालय की गन्ना उद्योग विभाग की राज्य के चीनी मिल मालिकों के साथ गुरुवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। नई दरों के मुताबिक उत्तम प्रजाति का गन्ना अब 380 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। वहीं सामान्य प्रजाति के गन्ना का मूल्य 360 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। अगर निम्न प्रजाति का गन्ना है तो उसकी कीमत 330 रुपये प्रति क्विंटल होगी। सरकार ने सभी प्रजाति के गन्ना का मूल्य बढ़ाया है। बिहार में गन्ना का सबसे ज्यादा उत्पादन पश्चिम चंपारण जिले में होता है। इसके अलावा, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, पटना और भागलपुर जैसे जिलों में भी किसान गन्ना उत्पादन करते हैं। हालांकि, पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के मुकाबले बिहार में गन्ना के दाम अब भी कम हैं। यूपी सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में गन्ना का मूल्य तय किया था। इसके अनुसार उन्नत किस्म का गन्ना 400 रुपये और साधारण किस्म का गन्ना 390 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवेश अग्रवाल के निधन से सीएम नीतीश दुखी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वेदांता ग्रुप के चेयरमैन प्रसिद्ध उद्योगपति अनिल अग्रवाल के पुत्र अग्निवेश अग्रवाल के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि स्व. अग्निवेश अग्रवाल उभरते हुए उद्योगपति थे। उनके निधन से उद्योग के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### चार चिकित्सकों का इस्तीफा मंजूर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गृह विभाग (कारा) के कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय ने राज्य की विभिन्न काराओं में संविदा पर तैनात चार चिकित्सकों का त्यागपत्र मंजूर कर लिया है। इनके साथ ही एक संविदा चिकित्सक की सेवा समाप्त कर दी गयी है। विभाग के मुताबिक फुलवारीशरीफ मंडल कारा के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. रवि और डॉ. शालिनी किशोर, किशनगंज मंडल कारा की डॉ. मंजीरा प्रवीण और औरंगाबाद मंडल कारा की डॉ. अनुप्रिया का त्यागपत्र स्वीकार हुआ है। इनके अलावा समस्तीपुर मंडल कारा के अधीक्षक की अनुशंसा पर संविदा आधारित सामान्य चिकित्सक डॉ. सौरभ कुमार की सेवा समाप्त की गयी है।

### हाईकोर्ट में दो वकीलों ने ली जज पद की शपथ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** दो वरिष्ठ वकीलों रितेश कुमार और प्रवीण कुमार ने हाईकोर्ट में जज पद की शपथ ली। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने दोनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन शताब्दी भवन में किया गया था। इस अवसर पर नये जजों के परिजनों के अलावा हाईकोर्ट के सभी जज, कई सेवानिवृत्त जज, महाधिवक्ता पीके शाही, बिहार स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष रामाकांत शर्मा, केंद्र सरकार के एडिशन सॉलिसिटर जनरल डॉ. केएन सिंह, तीनों अधिवक्ता संघों के अध्यक्ष व महासचिव, अधिवक्ता और हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी उपस्थित थे।

### छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने दी जान

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** दरभंगा में एक नाबालिग छात्रा ने छेड़छाड़ से परेशान होकर आत्मघाती कदम उठाया। मामला बिशनपुर थाना क्षेत्र का है जहां दसवीं की छात्रा ने मौत को गले लगा लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि गांव का एक युवक उनकी बेटी को लंबे समय से परेशान कर रहा था।

## सड़क हादसे में ममेरे-फुफेरे भाई समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** घने कोहरे के कारण जिले में सड़क हादसे में वृद्धि हो रही है। ताजा मामला रोहतास जिले का है जहां सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कछवा थाना क्षेत्र के दनवार रोड की है। कुहासा तथा धुंध के कारण एक बाइक की ट्रक से टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतक पप्पू कुमार एवं सरोज कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल लाया गया है। मृतक दोनों युवक आपस में ममेरा-फुफ़ेरा भाई लगते थे। हादसे के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों बालू घाट में काम करते थे तथा बाइक से बालू घाट आज जा रहे थे। इसी दौरान धुंध और कुहासा के कारण एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गए जिससे पप्पू और सरोज दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पप्पू कुमार भोजपुर जिला के सहार थाना के लोदीपुर का रहने वाला था जबकि सरोज कुमार कछवा थाना के रहने वाले उमेश चौधरी का पुत्र था। घटना की जानकारी मिलने पर कछवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में ले लिया। वहीं धौडाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में जल संसाधन विभाग के एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बक्सर जिले के दफाडीह गांव निवासी जगन्नाथ सिंह के 30 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। रोहित कुमार डिहरी स्थित जल संसाधन विभाग में सेक्शन (शेष पृष्ठ 11 पर)

## कमल किशोर बिहार विधानसभा प्रेस सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के जाने-माने पत्रकार और नवबिहार टाइम्स प्रकाशन समूह के प्रधान संपादक कमल किशोर को बिहार विधानसभा की प्रेस सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस संबंध में नवगठित समिति की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी गई। बिहार विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 71(ग) के अंतर्गत गठित यह समिति मीडिया से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विधानसभा अध्यक्ष को परामर्श देती है। साथ ही सत्र के दौरान सदन में हुए सार्थक विमर्श तथा सरकार के सकारात्मक पक्ष को आम जनता तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी इसी समिति की होती है। प्रेस सलाहकार समिति के सभापति विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार हैं, जबकि वरिष्ठ पत्रकार विनोद बंधु को उपसभापति बनाया गया है। समिति के अन्य प्रमुख सदस्यों में आकाशवाणी से



अजय कुमार, दूरदर्शन से सैयद सलमान हैदर, दैनिक जागरण से अरुण अशेष, प्रभात खबर से मिथिलेश कुमार, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के राज्य समन्वयक विनय कुमार सहित कई वरिष्ठ पत्रकार शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि कमल किशोर पिछले चार दशकों से सक्रिय पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं। उन्होंने प्रदीप, आर्यावर्त, पाटलिपुत्र टाइम्स, हिंदुस्तान, आज, दैनिक जागरण सहित समाचार एजेंसियों हिंदुस्तान समाचार, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया, वार्ता के अलावा आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए भी पत्रकार के रूप में सेवाएं दी हैं। बीते चार दशकों में शायद ही कोई ऐसा विषय हो जो उनकी लेखनी से अछूता रह गया हो। वर्ष 1987 में उन्होंने दैनिक हलचल नामक अखबार का प्रकाशन एवं संपादन शुरू किया, जो 1990 में नवबिहार टाइम्स के रूप में नए कलेवर में सामने आया। तब से अब तक नवबिहार टाइम्स का नियमित प्रकाशन जारी है और यह बिहार की आम जनता की आवाज के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। विज्ञान तथा विधि विषयों से स्नातक कमल किशोर ने हमेशा जन सरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता को प्राथमिकता दी है और बिहार की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में उनकी गहरी रुचि रही है। वर्ष 2002 में इंटरनेशनल मीडिया फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली में बिहार के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ आंचलिक पत्रकारिता के लिए उन्हें सम्मानित किया गया था। इसके अलावा जिला और राज्य स्तर पर भी उन्हें कई बार सम्मान मिल चुका है। आकाशवाणी-दूरदर्शन संवाददाता संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में वे वर्षों तक कार्यरत रहे हैं तथा अंतर माध्यम प्रचार समन्वय समिति के राज्यस्तरीय सदस्य भी रहे हैं। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित संपादकों के सम्मेलन और आर्थिक संपादकों के सम्मेलन में भी वे कई बार आमंत्रित सदस्य के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। कमल किशोर के प्रेस सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनयन पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन, औरंगाबाद जिला प्रेस क्लब, जिला नागरिक परिषद, ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस सहित जिले के विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## पटना में भी गंगा नदी के ऊपर वॉटर मेट्रो चलाने की योजना

**- विनय कुमार**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना को जाम से मुक्ति दिलाने और रिवर टूरिज्म को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अब कोच्चि वाटर मेट्रो की तर्ज पर यहां 'गंगा वॉटर मेट्रो' चलाने की तैयारी जोरों पर है। कोच्चि वॉटर मेट्रो के प्रबंध निदेशक लोकनाथ बेहरा ने गुरुवार को बताया कि इस अत्याधुनिक और पर्यावरण अनुकूल सेवा के लिए बिहार सरकार के साथ चर्चा अंतिम चरणों में है। इस प्रोजेक्ट के लिए लगभग 769 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 45 किलोमीटर लंबे रूट की डीपीआर तैयार की जा रही है। योजना के मुताबिक गंगा नदी के किनारे कुल 10 अत्याधुनिक स्टेशन बनाने का प्रस्ताव है। इन स्टेशनों में दीघा घाट, कालीघाट, गांधी घाट, महेंद्रु घाट, कंगन घाट, नारियल घाट, पानपुर घाट, ठक्कर महतो घाट,



कोनहारा घाट और चेचर घाट शामिल हैं। वॉटर मेट्रो पूरी तरह से इलेक्ट्रिक हाइब्रिड नावों पर आधारित होगी जो शून्य कार्बन उत्सर्जन के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखेगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस ये नावें पूरी तरह वातानुकूलित होंगी। कोच्चि की सफलता को देखते हुए इसे पटना के लिए एक टिकाऊ और भविष्योन्मुखी परिवहन मॉडल माना जा रहा है।

### ट्रैफिक से राहत और पर्यटन को बढ़ावा

इस सेवा के शुरू होने से पटना की सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा और घंटों का सफर मिनटों में तय हो सकेगा। इसके साथ ही गंगा के ऐतिहासिक घाटों के पास से गुजरने के कारण यह 'रिवर टूरिज्म' (नदी पर्यटन) के लिए भी आकर्षण का बड़ा केंद्र बनेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल का प्राथमिक लक्ष्य पटना के शहरी परिवहन को अधिक हरा-भरा और प्रदूषण से मुक्त बनाना है। कोच्चि वॉटर मेट्रो पहले ही दुनिया भर के लिए एक मिसाल बन चुकी है और अब पटना भी इसी राह पर चलने के लिए तैयार है।

## जीरो फैटेलिटी जिलों में बिहार के छह जिले शामिल : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश के 100 जीरो फैटेलिटी जिलों में बिहार के छह जिले शामिल हैं। इसमें पटना, मुजफ्फरपुर, सारण, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), गया और नालंदा हैं। यह जानकारी परिवहन एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री की अध्यक्षता में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक में दी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार इन जिलों में दुर्घटना के कारणों को चिन्हित कर इसे शून्य करने पर काम कर रहा है। मंत्री ने बताया कि राज्य में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। वर्ष 2025 में कुल 484 ऐसी बैठकें आयोजित हुई थी जिसमें जिलों



की स्थानीय परिस्थितियों, दुर्घटना प्रवण स्थलों व प्रमुख जोखिम कारकों की समीक्षा स्थानीय डीएम, एसपी, परिवहन, पथ, अभियांत्रिकी विभाग द्वारा की गई। दुर्घटनाओं को शून्य करने के लिए 1 से 31 जनवरी तक सभी जिलों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम किया जा रहा है। इसमें रैली, मार्च, मैराथन, वाहन चालकों का प्रशिक्षण, स्कूलों-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा (शेष पृष्ठ 11 पर)

C M Y K

**समस्तीपुर पहुंचे बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक**

# एनडीए सरकार, समाज के सभी वर्गों के लिए कर रही काम : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष और विधायक संजय सरावगी समस्तीपुर पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। समस्तीपुर में उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा एनडीए सरकार की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के विषय पर भी व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आए लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र की सरकार हो या बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



के नेतृत्व में चल रही एनडीए की सरकार, समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रही है। इन कार्यों को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम कार्यकर्ताओं पर है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक जिले में 10 जनवरी तक एनडीए प्रेस वार्ता करेगी। उन्होंने विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत का परिणाम है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने साफ कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां आम कार्यकर्ता भी अपने काम की बदौलत पार्टी के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। यहां परिवार और जाति का कोई स्थान नहीं होता। उन्होंने इसका वर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर काम करना चाहिए। हमारी पार्टी विचारधारा वाली पार्टी है जिसे हम सत्ता में आने के बाद भी नहीं छोड़ते हैं जब सत्ता में आते हैं तो उस विचारधारा को लेकर आगे बढ़ते हैं। भाजपा विचारधारा आधारित संगठन है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने विकसित भारत गारंटी और आजीविका मिशन ग्रामीण यानी विकसित भारत-जी राम जी कानून को लेकर विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि विपक्ष कोई भी अच्छे कामों का विरोध करता है। आज यही कारण है कि विपक्ष का सूपड़ा साफ हो रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस योजना को लेकर भ्रामक बातें कर विरोध कर रही है। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष द्वय नीलम सहनी (उत्तरी), शशिधर झा (दक्षिणी), विधान पार्षद तरुण चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमरन सिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इससे पहले समस्तीपुर जाने के क्रम में ताजपुर सहित विभिन्न स्थानों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

**किसानों के लिए राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम**

# किसानों को मिलेगा स्मार्ट प्रशिक्षण, बढ़ेगी आय : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि राज्य के किसानों की आय में निरंतर वृद्धि, कृषि को अधिक लाभकारी एवं रोजगारोन्मुख बनाने तथा आधुनिक तकनीकों के प्रभावी प्रसार के उद्देश्य से कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), पटना द्वारा राज्य के बाहर राज्य स्तरीय किसान प्रशिक्षण सह परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समेकित कृषि प्रणाली विषय पर आधारित है जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सतत कृषि विकास, जोखिम प्रबंधन तथा संसाधनों के समुचित उपयोग की एक सशक्त एवं व्यवहारिक पद्धति के रूप में स्थापित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित किसानों को झारखंड स्थित मोबाइल कृषि विद्यालय और सेवाएं (मास), रांची में पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण सह परिभ्रमण 08 से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान किसानों को



आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों, यांत्रिकीकरण, मूल्य संवर्धन एवं सफल कृषि मॉडलों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया जाएगा जिससे वे अपने क्षेत्र में इन नवाचारों को प्रभावी रूप से अपनाने में सक्षम हो सकें। मंत्री ने कहा कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु जिले के प्रत्येक प्रखंड से दो-दो प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है। इस प्रकार कुल 46 किसान इस कार्यक्रम से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को फसल उत्पादन, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, बागवानी, मशरूम उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन जैसी गतिविधियों को एकीकृत रूप में अपनाने की विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही उत्पादन लागत में कमी, उत्पादकता में वृद्धि, जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों, डिजिटल तकनीक के उपयोग तथा कृषि उत्पादों के विपणन एवं बाजार से सीधा जुड़ाव जैसे विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और किसानों की आय वृद्धि के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'सात निश्चय' और समावेशी विकास के विजन से प्रेरित होकर बिहार सरकार राज्य के किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं टिकाऊ कृषि से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। समेकित कृषि प्रणाली के माध्यम से किसानों को बहुआयामी आय के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। आत्मा, पटना द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों के कौशल विकास, नवाचार अपनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है जो बिहार को कृषि क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## आई-पैक के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर ममता बनर्जी का हस्तक्षेप निंदनीय : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कहा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का केंद्रीय एजेंसियों के काम में दखल देना निंदनीय है। मनी लॉड्रिंग और कोयला तस्करी के मामले में ईडी की छापेमारी के दौरान आरोपी प्रतीक जैन के घर पहुंचकर वहां से अपने साथ फाइल छीनकर ले जाना सीधे-सीधे केंद्रीय जांच एजेंसी के काम को बाधित करना है। सुश्री बनर्जी का कन्सलटेंसी एजेंसी आई-पैक के कार्यालय व उसके संचालक प्रतीक जैन के घर इडी की छापेमारी के दौरान पहुंचना आरोपी को बचाने का



प्रयास है। संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति का जांच एजेंसी के काम में इस तरह की दखलंदाजी असंवैधानिक व घोर आपत्तिजनक है। श्री पाण्डेय ने कहा कि एस आई आर से बौखलाई ममता बनर्जी दरअसल कुछ महीने बाद बंगाल में होने वाले चुनाव में सम्भावित हार से बेचैन है।

## शिक्षक राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं: डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन सभागार में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता नर्मदेश्वर शर्मा उर्फ पन्ना बाबू के स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित शिक्षक संवाद सह बिहार की समकालीन शिक्षा में शिक्षकों की भूमिका विषयक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद् और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह समाज की दिशा और दशा तय करने के साथ राष्ट्र के भविष्य



का निर्माता भी होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक संवाद जैसे कार्यक्रम आत्मचिंतन, अनुभवों के आदान-प्रदान और नवाचार के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं जिससे शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा केवल ज्ञान के हस्तांतरण तक सीमित नहीं रह गई है। बदलते सामाजिक और तकनीकी परिवेश में शिक्षक की भूमिका मार्गदर्शक, प्रेरक और परिवर्तनकर्ता के रूप में और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। नई तकनीकों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और विद्यार्थियों की विविध आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को निरंतर अद्यतन रखना आज के शिक्षक की आवश्यकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम शिक्षकों को अपनी चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करने, उनके समाधान तलाशने और सफल शिक्षण अनुभवों को साझा करने का अवसर देते हैं। इससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि विद्यार्थियों और समाज पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम सभी शिक्षकों को नई ऊर्जा, नई सोच और नई दिशा प्रदान करेगा। अंत में उन्होंने आयोजन से जुड़े लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी शिक्षक साथियों से संवाद में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद् और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## एचडीएफसी बैंक स्मार्टगेटवे पेमेंट प्लेटफॉर्म सीबीडीसी के साथ हुआ इंटीग्रेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी, डिजिटल रुपया को अपने ऑनलाइन मर्चेंट पेमेंट प्लेटफॉर्म, स्मार्टगेटवे में इंटीग्रेट करने की घोषणा की है। यह इंटीग्रेशन मर्चेंट को एचडीएफसी बैंक चेकआउट इकोसिस्टम के अंदर ग्राहकों को एक सुरक्षित, बिना किसी लागत वाला और सरकार समर्थित डिजिटल पेमेंट ऑप्शन देने में सक्षम बनाता है। इस सुधार के साथ स्मार्टगेटवे मर्चेंट अब यूपीआई, कार्ड और नेट बैंकिंग जैसे मौजूदा पेमेंट तरीकों के साथ-साथ डिजिटल रुपये के जरिए बिना किसी ट्रांजैक्शन लागत के पेमेंट स्वीकार कर सकते हैं। ग्राहकों को एक आसान डिजिटल पेमेंट अनुभव का फायदा मिलता है जो तुरंत और सुरक्षित दोनों है। एचडीएफसी बैंक दिसंबर 2025 तक उन पायलट बैंकों में से एक है जो लगभग 8.45 लाख रजिस्टर्ड सीबीडीसी वॉलेट को सर्विस दे रहा है जिसमें हर महीने 13,000-15,000 नए वॉलेट जोड़े जा रहे हैं। उपभोक्ताओं के लिए डिजिटल रुपया यूपीआई की सुविधा के साथ आरबीआई समर्थित डिजिटल करेंसी का अतिरिक्त भरोसा प्रदान करता है जिससे हर ट्रांजैक्शन तेज, सुरक्षित और मुफ्त हो जाता है।

## पटना में होगा 'बिहार स्टार्टअप यात्रा' का शुभारम्भ, युवा उद्यमियों को मिलेगा नया मंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के युवा उद्यमियों और नवाचार से जुड़े युवाओं के लिए एक बड़ी पहल के तहत पटना में जल्द ही 'बिहार स्टार्टअप यात्रा' का शुभारम्भ होने जा रहा है। अपनी चर्चित डॉक्यूमेंट्री 'भारत स्टार्टअप यात्रा' की देशभर में मिली सफलता के बाद अक्टूबर स्काई अब बिहार में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस आयोजन का उद्देश्य राज्य के युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना, उन्हें सम्मान देना और उनके विचारों को व्यवसाय में बदलने का अवसर प्रदान करना है। अक्टूबर स्काई द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित इस कार्यक्रम में देश की अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के अनुभवी लीडर, निवेशक और मेंटर्स शामिल होंगे। इसके साथ ही बिहार के कई मंत्रियों, कैबिनेट मिनिस्टर समेत कई जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी भी प्रस्तावित है। आयोजन को एक बड़े उद्यमिता शिखर सम्मेलन के रूप में तैयार किया जा रहा है जिसमें बिहार के स्टार्टअप्स और नवाचार करने वाले युवाओं को सीधे मार्गदर्शन और नेटवर्किंग का लाभ मिलेगा। आयोजकों के अनुसार जहां 'भारत स्टार्टअप यात्रा' डॉक्यूमेंट्री के जरिए देशभर के उद्यमियों की प्रेरक कहानियां सामने लाई गई थीं, वहीं 'बिहार स्टार्टअप यात्रा' एक व्यावहारिक मंच के रूप में काम करेगी। यहां नए उद्यमी, शुरुआती चरण के स्टार्टअप संस्थापक, निवेशक और मेंटर्स और बिहार के जनप्रतिनिधि एक साथ जुड़ेंगे। इसका उद्देश्य है कि बिहार के युवा केवल नौकरी की तलाश तक सीमित न रहें, बल्कि उद्यमिता को भी एक मजबूत करियर विकल्प के रूप में अपनाएं। अक्टूबर स्काई की निदेशक नलिनी सिन्हा ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। उन्होंने बताया कि बिहार के युवाओं में भी नई सोच और आगे बढ़ने की पूरी क्षमता है।

## 10 से पूरे बिहार में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के तहत होगा आंदोलन : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए वीबीजी-राम-जी अधिनियम के दुष्प्रभावों के विरुद्ध तथा मनरेगा की वैधानिक गारंटी की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन 'मनरेगा बचाओ संग्राम' को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम, पटना में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। बैठक में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान की रणनीति, जिला-वार जिम्मेदारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा कर




उसे अंतिम रूप दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया नया वीबीजी-राम-जी अधिनियम मनरेगा की मूल भावना पर सीधा हमला है। यह कानून गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण जनता के रोजगार के अधिकार को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि करोड़ों गरीब परिवारों की आजीविका की वैधानिक गारंटी है जिसे किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मनरेगा विरोधी नीति के खिलाफ पूरे प्रदेश में जन-जन को जागरूक करेगी और सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव, पंचायत-पंचायत जाकर केंद्र सरकार की नीतियों की सच्चाई जनता के सामने रखेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए केवल एक योजना नहीं, बल्कि काम के अधिकार और सम्मानजनक आजीविका की गारंटी है। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वीबीजी-राम-जी विधेयक मनरेगा की आत्मा को कमजोर करने वाला, संघीय ढांचे पर प्रहार करने वाला और गरीब-मजदूर विरोधी कदम है। इसके दुष्परिणाम ग्रामीण रोजगार, मजदूरी भुगतान, सामाजिक सुरक्षा और पंचायती राज व्यवस्था पर पड़ेंगे। इसी के विरोध में कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' का व्यापक, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक अभियान 10 जनवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक चलाएगी। इस संघर्ष का उद्देश्य केंद्र सरकार को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाना, राज्यों पर डाले जा रहे आर्थिक बोझ को उजागर करना और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराना है। 10 जनवरी को जिला स्तरीय प्रेस कांफ्रेंस के साथ अभियान का औपचारिक शुभारंभ होगा। 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास और प्रतीकात्मक विरोध के माध्यम से अहिंसा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता व्यक्त की जाएगी।

## नारायण रेकी सत्संग परिवार द्वारा शीतलहर से बचाव हेतु 150 जरूरतमंदों को विंडचीटर दिए गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नारायण रेकी सत्संग परिवार के पटना हेड अरविंद कुमार के नेतृत्व में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर से बचाव हेतु एक सराहनीय सेवा अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत पटना के विभिन्न मोहल्लों में 150 से अधिक जरूरतमंद लोगों को विंडचिटर (गरम जैकेट) वितरित किए गए। अरविंद कुमार ने बताया कि अब तक कुल 1100 विंडचीटर जरूरतमंदों को बांटे जा



चुके हैं। इस अवसर पर नारायण रेकी के पटना हेड अरविंद कुमार ने बताया कि कड़ाके की ठंड में सड़क किनारे रहने वाले, मजदूर वर्ग, रिक्शा वाले, सब्जी वाले, वृद्ध एवं असहाय लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राज दीदी का कहना है कि नारायण रेकी का उद्देश्य मानव सेवा करते हुए जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाना है।

## एग्री स्टैक योजना के तहत जमाबंदी सत्यापन अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने एग्री स्टैक योजना के तहत किसानों की जमाबंदी सत्यापन की जिम्मेवारी विभाग के 15 वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दी है। इसे अभियान का दर्जा दिया गया है। सभी नामित पदाधिकारी 10 जनवरी तक अपने लिए आवंटित जिला मुख्यालय में शिविरों के माध्यम से जमाबंदी दावों के सत्यापन की निगरानी करेंगे। विभाग का मानना है कि इस अभियान से एग्री स्टैक के अंतर्गत किसानों का भूमि डेटा अधिक सटीक, अद्यतन और भरोसेमंद होगा। किसानों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। चकबंदी निदेशक राकेश कुमार को मधेपुरा, सुपौल और सहरसा, विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह को रोहतास, कैमूर और बक्सर, निदेशक, भू-अर्जन कमलेश कुमार सिंह को पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपर सचिव डॉ. महेन्द्र पाल को पूर्णिया, किशनगंज, अररिया और कटिहार, सहायक निदेशक आजीव वत्सराज को दरभंगा और समस्तीपुर जिलों का दायित्व सौंपा गया है।

## विश्व हिंदी दिवस पर कविवर सुरेन्द्र नाथ सक्सेना की स्मृति में पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कविवर सुरेन्द्र नाथ सक्सेना की स्मृति में चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान, पटना और श्री साहित्य कुंज, रांची के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 10-01-2025 को पाटलिपुत्र परिषद, चौक, पटना सिटी में एक भव्य काव्य-संध्या और पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कविवर सुरेन्द्र के ज्येष्ठ सुपुत्र तुषार कांति ने बताया कि इस कार्यक्रम में कविवर सुरेन्द्र के काव्य-ग्रंथ 'विष-बाण', उनकी सुपुत्री मनीषा सहाय सुमन द्वारा साहित्य संवाहक पत्रिका का उन पर आधारित विशेषांक तथा उनके सुपुत्र पीयूष कांति के गजल-संग्रह 'तिश्नगी रह गई' का लोकार्पण तथा एक कवि-सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा। कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि भगवती प्रसाद द्विवेदी करेंगे तथा कमलनयन श्रीवास्तव, प्रेम किरण, गोरख प्रसाद मस्ताना, मधुरेश शरण, डा. आरती कुमारी समेत कई प्रख्यात कवि-कवयित्रियां काव्य-पाठ करेंगे। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र के द्वारा 17 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में मुजफ्फरपुर के प्रधान शिक्षक केशव कुमार एवं पूर्णिया की प्रधान शिक्षिका मधु प्रिया करेंगी बिहार का प्रतिनिधित्व। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र द्वारा सफल विद्यालय नेतृत्वः विकसित भारत @ 2047 के लिए नवाचारी मार्ग विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 17 से 19 जनवरी 2026 तक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में किया जा रहा है।

## भवनों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भवन निर्माण विभाग की ओर से 10 जनवरी एवं 11 जनवरी 2026 को अधिवेशन भवन पटना में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के निर्माण कार्य से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभागीय अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं, साइट इंजीनियर्स तथा संवेदकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। 10 जनवरी को उत्तर बिहार विंग के सभी संबंधित अभियंता एवं संवेदक भाग लेंगे जबकि 11 जनवरी को दक्षिण बिहार विंग एवं पटना विंग के अभियंता एवं संवेदक शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि द्वारा किया जाएगा। सचिव के द्वारा अभियंताओं एवं संवेदकों को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के निर्माण की वर्तमान स्थिति, तकनीकी मानकों तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। साथ ही प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में भवनों के वास्तुशिल्पीय संरचनात्मक डिजाइन, विद्युत फिटिंग्स, कार्य निष्पादन, गुणवत्ता जांच सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विभाग के वरीय पदाधिकारियों एवं अभियंताओं द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## पूर्व रेलवे गंगासागर मेला 2026 के लिए व्यापक यात्री-अनुकूल व्यवस्थाओं के साथ तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सागरद्वीप में हर साल आयोजित होने वाला गंगासागर मेला लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है जो गंगा और बंगाल की खाड़ी के संगम पर स्नान करने के लिए एकत्रित होते हैं। इस पवित्र अवधि के दौरान आमतौर पर शांत रहने वाला सागरद्वीप एक जीवंत 'लघु भारत' में परिवर्तित हो जाता है जहां विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं और संस्कृतियों से आए तीर्थयात्री एक साझा आध्यात्मिक उद्देश्य के साथ एकत्रित होते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए कोलकाता-हावड़ा-सियालदह पहुंचने और काकद्वीप एवं नामखाना स्टेशनों के रास्ते सागरद्वीप की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु पूर्व रेलवे ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। ये उन्नत सुविधाएं, यात्री-सुविधाएं एवं अतिरिक्त रेल सेवाएं 10 जनवरी से 16 जनवरी, 2026 तक मेला की चरम भीड़ अवधि के दौरान प्रभावी रहेंगी। रेलवे अधिकारियों की निगरानी में रेलवे सहायता बूथ एवं रेलवे स्वयंसेवक हावड़ा, सियालदह, मेट्रो प्रवेश बिंदुओं, नामखाना, काकद्वीप तथा अन्य अधिक भीड़ वाले स्थानों पर 24 गुणे 7 कार्यरत रहेंगे। सियालदह, हावड़ा, नामखाना, काकद्वीप एवं अन्य प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के लिए स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर वातावरण सुनिश्चित करने हेतु व्यापक स्वच्छता उपाय लागू किए गए हैं। यात्रियों की सहज आवाजाही के लिए मेला अवधि के दौरान हावड़ा और सियालदह के बीच कोलकाता मेट्रो द्वारा विशेष अतिरिक्त सेवाएं चलाई जाएंगी। इससे हावड़ा पहुंचने वाले श्रद्धालु मात्र 10 मिनट में सियालदह पहुंचकर नामखाना एवं काकद्वीप जाने वाली ट्रेनों में चढ़ सकेंगे।

**सियालदह से विशेष ट्रेनें:** यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार सियालदह से नामखाना एवं काकद्वीप की ओर विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। ताकि तीर्थयात्रियों की अतिरिक्त यात्रा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

**उन्नत टिकट बुकिंग सुविधाएं:** सियालदह, हावड़ा, काकद्वीप एवं नामखाना पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले जाएंगे। इसके अतिरिक्त बी.बी.डी. बाग, ईडेन गार्डेन और प्रिंसेप घाट स्टेशनों पर हैंडहेल्ड टिकटिंग टर्मिनल भी उपलब्ध होंगे।

## एम्स पटना में 50 लाख के गबन का खुलासा, चीफ कैशियर निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में करीब 50 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में संस्थान के चीफ कैशियर अनुराग अमन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह खुलासा अकाउंट ऑफिसर पीयूष आनंद द्वारा कराई गई आंतरिक ऑडिट के दौरान हुआ, जिसमें वित्तीय अभिलेखों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। सूत्रों के अनुसार नियमित ऑडिट के दौरान कैश बुक, भुगतान रजिस्टर, रसीदों और बैंक खातों के मिलान में भारी अंतर सामने आया। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि कई नकद खाता दोनों से लेन-देन बिना आवश्यक दस्तावेजों और सक्षम स्वीकृति के किए गए थे। ऑडिट टीम द्वारा विस्तृत जांच किए जाने पर लगभग 50 लाख रुपये की राशि का स्पष्ट हिसाब नहीं मिल सका जिससे गबन की आशंका जताई गई। मामले के उजागर होते ही एम्स पटना प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। संस्थान की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर बताया गया कि आरोप अत्यंत गंभीर हैं और प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता के ठोस साक्ष्य मिले हैं।

### डीडीसी ने जिला परिषद जमीन पर चल रहे नाली-गली निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

# अवैध रूप से संचालित दुकानों को चिह्नित कर शीघ्र खाली कराने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय बाजार के मुर्गा-मछली गली में जिला परिषद की भूमि पर चल रहे पीसीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य को डीडीसी ने गुरुवार को कार्य स्थल पर पहुंच निरीक्षण किया। बता दें कि यह निर्माण कार्य जिला परिषद मद से कराया जा रहा है और यह कार्य जबसे शुरू किया गया है तबसे ही विवादों के घेरे में रहा, लेकिन अंततः गुरुवार को इन सभी विवादों पर विराम तब लग गया जब डीडीसी एवं जिला परिषद विमल कुंवर द्वारा कार्य स्थल पहुंच इसका प्रत्यक्ष निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला परिषद की भूमि पर कराए गए ढलाई कार्य सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया। उप विकास आयुक्त के साथ संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे जिनके द्वारा सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच कर सत्यापन किया गया। निरीक्षण के क्रम में तिलौथू जगदेव चौक के पास सब्जी मंडी निर्माण के लिए भूमि को चिन्हित किया गया जिससे स्थानीय लोगों को सुविधा मिल सके। इसी क्षेत्र में जिला परिषद की निजी भूमि पर पीसीसी रोड ढलाई के बगल में दुकान निर्माण हेतु भूमि को भी चिन्हित किया गया। जिला परिषद की भूमि पर अवैध रूप से संचालित दुकानों को चिन्हित किया गया जिन्हें शीघ्र खाली कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही वैध रूप से दुकान निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने हेतु विभागीय अभियंता को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त तिलौथू में जिला परिषद की भूमि पर बूढ़ी माई के समीप बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमि को चिन्हित किया गया जिससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। मौके पर भाजपा नेता महेंद्र ओझा, ऋतुराज उपाध्याय, प्रतिनिधि शिव कुमार, सुनील गोस्वामी, शमीम अंसारी सहित कई स्थानीय दुकानदार लोग उपस्थित रहे।

## कैमूर का पूर्व एसआई बर्खास्त : डीआईजी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्यप्रकाश ने गुरुवार को कैमूर जिला बल के तत्कालीन पुलिस अधिकारी अशोक कुमार राय-दो सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। डीआईजी के अनुसार वे वर्तमान में सिवान जिला बल में पदस्थापित है। उन्होंने बताया कि कैमूर जिले में 2023 में कैमूर जिला के चांद थानान्तर्गत महदाईच चेकपोस्ट पर पदस्थापन के दौरान उत्तरप्रदेश में जाकर शराब पीने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने बताया कि सिवान जिला बल को विभागीय कार्यवाही व जांच पदाधिकारी द्वारा दोषी पाये जाने के फलस्वरूप कैमूर एसपी पुलिस के अनुशंसा के आलोक में श्री राय को सेवा से बर्खास्त किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

# 20वीं रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा की सफलता को लेकर समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** 20वीं रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर समीक्षा बैठक किसान प्रेमचंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मार्गदर्शन हेतु प्रफुल्ला कांत, क्षेत्रीय संगठन मंत्री (उत्तर मध्य क्षेत्र) तथा महरंग उरांव, सह सचिव, श्रद्धा जागरण-अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के दौरान स्वागत समिति के पदाधिकारियों द्वारा यात्रा की तैयारियों एवं अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्वागत सचिव महेन्द्र ओझा ने संपूर्ण कार्ययोजना और व्यवस्थाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उमेश शुक्ल, सह सचिव लाल बिहारी, राकेश सिन्हा, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा (सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू), प्रधानाचार्य प्रेमचंद सिंह (सरस्वती आईटीआई, तिलौथू), विभाग निरीक्षक धरनी कांत पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बताया गया कि वनवासी बंधु-भगिनी स्वागत समारोह का आयोजन 31 जनवरी 2026 (शनिवार) को सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू के प्रांगण में संध्या 6:30 बजे से किया जाएगा जिसमें देश-विदेश से लगभग 5000 तीर्थ यात्री भाग लेंगे। सभी तीर्थ यात्री 1 फरवरी 2026 (रविवार) को रोहतासगढ़ किला परिसर में आयोजित वनवासी कल्याण महोत्सव में सहभागिता करेंगे।

## शोक सभा का आयोजन

**करगहर (नबिटा)।** डुमरा पंचायत के जन वितरण दुकानदार रामायण साह के आकस्मिक निधन होने पर जन वितरण प्रणाली अध्यक्ष जनार्दन उपाध्याय के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता आपूर्ति पदाधिकारी सुरभि कुमारी ने किया।

# नवविवाहित दंपतियों को आशा कार्यकर्ता देंगी नयी पहल किट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य से नई पहल किट का वितरण आशा कार्यकर्ताओं को किया गया अब ये कार्यकर्ता अपने-अपने पोषक क्षेत्र में नवविवाहित दंपतियों तक यह किट पहुंचाएंगी और उन्हें परिवार नियोजन के लिए प्रेरित करेंगी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि यह पहल दो बच्चों तक परिवार सीमित रखने और जनसंख्या नियंत्रण को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है। इसके लिए कुल 400 किट उपलब्ध कराई गई हैं। प्रत्येक नई पहल किट में नवविवाहित दंपतियों के लिए आवश्यक और उपयोगी सामग्री रखी गई है जिनमें एक प्लास्टिक की डोलची, विवाह पंजीकरण फॉर्म, जागरूकता पर्चा, तौलिया, कंघी, बिंदी, नेलकटर और रूमाल आदि शामिल है। किट वितरण कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक जय प्रकाश सिंह, डीओ आर के चौधरी, एमसीओ एस मांझी, बीसीएम राकेश कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी और अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने एफआर एवं ई-केवाईसी कैंप का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** किसानों के एफआर एवं ई-केवाईसी कार्य को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायतों में आयोजित विशेष कैंपों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने कुदरा प्रखंड अंतर्गत चिलबिली पंचायत के पटखौलिया गांव में आयोजित एफआर एवं ई-केवाईसी कैंप का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कैंप में किसानों की उपस्थिति, पंजीकरण एवं ई-केवाईसी की प्रगति, उपलब्ध संसाधनों तथा कर्मियों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि कैंप में आने वाले प्रत्येक किसान का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु एफआर एवं ई-केवाईसी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि शेष पात्र किसानों को चिन्हित कर पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ताकि कोई भी किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कैंप में तकनीकी व्यवस्था सुचारु रहे, इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों एवं कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट समय पर जिला स्तर को उपलब्ध कराई जाए। प्राप्त सूचना के अनुसार अब तक कैमूर जिला अंतर्गत कुल 11230 किसानों द्वारा एफआर कराया जा चुका है। जिला प्रशासन द्वारा सभी किसान बंधुओं से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी पंचायत में आयोजित कैंप में उपस्थित होकर शीघ्र अपना एफआर एवं ई-केवाईसी पूर्ण करा लें जिससे उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।

## बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** भभुआ-कुदरा बायपास रोड स्थित अतुल वाटिका के पास बुधवार को अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। यह हादसा बुधवार की सुबह करीब 11 बजे हुई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल भभुआ पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार घायलों की पहचान भभुआ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 18 निवासी बसंतु खरवार के 18 वर्षीय पुत्र पवन कुमार तथा उसी वार्ड के बबलू पांडेय के 14 वर्षीय पुत्र शिवांश कुमार के रूप में हुई है। इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि दोनों युवक बाइक से घूमने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान भभुआ-कुदरा बायपास रोड पर अतुल वाटिका के पास बाइक अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे एक घर के दरवाजे में जोरदार टक्कर के साथ पलट गयी। इस हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। इस घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया जहां सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। शिवांश कुमार को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया जबकि पवन कुमार का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। इस घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

# प्रमाणपत्र फर्जी मिलने पर होगी प्राथमिकी और वेतन की वसूली

### बीपीएससी से चयनित जिले के चार हजार शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की होगी जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** बीपीएससी के तहत टीआर-1, टीआर-2 एवं टीआर-3 के अंतर्गत चयनित जिले के लगभग 4000 शिक्षकों के शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य प्रमाणपत्रों की जांच की जायेगी। इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) शंभू प्रसाद सिंह ने जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। आदेश में कहा है कि बीपीएससी के तहत चयनित सभी शिक्षकों से निर्धारित प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एकत्र कर विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि उनका सत्यापन संबंधित बोर्ड एवं विश्वविद्यालयों से कराया जा सके। डीपीओ स्थापना ने जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि बीपीएससी के माध्यम से नियुक्त सभी शिक्षकों के शैक्षणिक प्रमाणपत्र, प्रशैक्षणिक प्रमाणपत्र, आवासीय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (इडब्ल्यूएस) प्रमाणपत्र की जांच की जायेगी। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के शिक्षकों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रमाणपत्रों की छायाप्रति लेकर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जांच के दौरान विशेष रूप से उन महिला शिक्षकों के मामलों की समीक्षा की जायेगी जो उत्तर प्रदेश की निवासी हैं, लेकिन बीपीएससी परीक्षा में बिहार की महिलाओं को मिलने वाले पांच प्रतिशत आरक्षण का लाभ लेकर चयनित हुई हैं। ऐसे मामलों की अलग से जांच करायी जायेगी कि संबंधित शिक्षिका बिहार की स्थायी निवासी है या नहीं और क्या उन्हें आरक्षण का लाभ नियमानुसार मिला है। इसके अलावा इडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र को लेकर भी सख्ती से जांच की जायेगी। विभाग को शिकायत मिली है कि कई ऐसी महिला अभ्यर्थियों ने इडब्ल्यूएस श्रेणी का लाभ लेकर नौकरी प्राप्त की है जिनके पति पहले से सरकारी या निजी नौकरी में कार्यरत हैं जो नियमों के विरुद्ध है। ऐसे सभी मामलों की जांच कर वास्तविक स्थिति का पता लगाया जायेगा। सेवा से किया जायेगा बर्खास्त। डीपीओ स्थापना शंभू प्रसाद सिंह ने अपने आदेश में साफ कहा है कि यदि जांच के दौरान किसी भी शिक्षक का कोई भी प्रमाणपत्र फर्जी, गलत अथवा नियमों के विपरीत पाया जाता है तो संबंधित शिक्षक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। साथ ही अब तक प्राप्त वेतन की वसूली की जायेगी और सेवा से बर्खास्त करने की भी कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में डीपीओ स्थापना शंभू प्रसाद सिंह ने बताया कि इस जांच का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाये रखना और नियमों के अनुरूप योग्य अभ्यर्थियों को ही सेवा में बनाये रखना है। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इस कार्य को गंभीरता से लेकर समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं, ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कहा कि अगर जांच के दौरान जिस किसी भी शिक्षक का प्रमाणपत्र फर्जी पाया जाता है तो संबंधित शिक्षक पर प्राथमिकी दर्ज कर वेतन की वसूली की जायेगी।

# डाक पार्सल कंटेनर से 955 लीटर शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** दुर्गावती थाने की पुलिस ने दुर्गावती थाना क्षेत्र के रोहुआ मोड़ के समीप एनएच-19 पर एक डाक पार्सल वाहन की तलाशी ली तो कंटेनर से 955 लीटर अंग्रेजी बरामद हुई। शराब बरामद होते ही कंटेनर चालक सह मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया। कंटेनर चालक प्रमोद पांडे, पिता सुधाकर पांडे, ग्राम कनौला, थाना गढ़वाल, जिला-बलिया उत्तर प्रदेश का निवासी बताया गया है। दरअसल, दुर्गावती पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कंटेनर से शराब की बड़ी खेप बिहार लायी जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस यूपी-बिहार बॉर्डर स्थित एनएच-19 पर कंटेनर ट्रक के आने का इंतजार करने लगी। कुछ ही देर में कंटेनर ट्रक दिखाई दी, लेकिन पुलिस की गाड़ी को देखकर चालक डाक पार्सल वाहन को तेजी से बिहार की तरफ लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर दुर्गावती थाना क्षेत्र के रोहुआ मोड़ के समीप वाहन को पकड़ लिया। डाक पार्सल वाहन की तलाशी लेने पर क्लीनर की पेटी की आड़ में छुपा कर रखी गयी भारी मात्रा में शराब की पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने शराब सहित वाहन को जब्त कर लिया। साथ ही वाहन चालक प्रमोद पांडे को गिरफ्तार कर लिया गया। चालक प्रमोद पांडे ने पुलिस को बताया कि शराब की खेप हरियाणा गुड़गांव से नौबतपुर पटना के लिए जा रही थी। हमें क्लीनर की पेटी बता कर शराब लोड की गयी थी। उसी हिसाब से भाड़ा भी तय हुआ था। इधर, इस संबंध में थाना अध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया कि कंटेनर ट्रक से 955 लीटर शराब बरामद हुई है। क्लीनर की आड़ में कंटेनर ट्रक में शराब को लोड कर ले जाया जा रहा था।


## झारखण्ड सरकार, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उप निदेशक, कल्याण कार्यालय, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**नामांकन सम्बंधी सूचना वर्ष –2026**

**पलामू प्रमण्डल, अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित निम्नलिखित अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–2027 में रिक्ति के अनुसार वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 18.02.2026 तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र सम्बन्धित विद्यालयों में कार्य दिवस को जमा किये जायेंगे।**

| जिला | विद्यालयों का नाम | नामांकन का वर्ग |
|---|---|---|
| पलामू – | अनु0 जाति आवासीय उ0वि0, कौआखोह, पलामू। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जाति बालिका आवासीय प्राथमिक विद्यालय, लेस्लीगंज, पलामू। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| | अनु0जाति बालिका आवासीय प्राथमिक विद्यालय, डूमरी, छत्तरपुर, पलामू। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| लातेहार – | अनु0जन–जाति आवासीय मध्य विद्यालय, डोमाखाँड़, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जन–जाति आवासीय मध्य विद्यालय, छिपादोहर, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जन–जाति आवासीय मध्य विद्यालय, हेन्देहास, बरवाडीह, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, होटवाग, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, हड़गड़वा, चन्दवा, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | आदिम जन जा0 आ0 प्राथमिक विद्यालय, ऑराटाँड़, मनिका लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | आदिम ज0जा0 बालिका आवासीय प्रा0 विद्यालय, कुटमू, लातेहार। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| | आदिम ज0जा0 बालिका आवासीय प्रा0 विद्यालय, नेतरहाट, लातेहार। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| | अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, बालूमाथ, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0 ज0जा0 आवासीय प्रा0 विद्यालय, बनियों, लातेहार। | वर्ग प्रथम |
| | अनु0 ज0जा0 बालिका आवासीय प्राथमिक विद्यालय, गारू, लातेहार। | वर्ग प्रथम (केवल बालिका हेतु) |
| गढ़वा – | **राजकीय अ0ज0जा0 आवासीय उ0वि0, कुदरूम, गढ़वा।** | **वर्ग प्रथम,** |
| | **अनु0 जाति आवासीय मध्य विद्यालय, रमकण्डा, गढ़वा।** | **वर्ग प्रथम** |

1. आवेदन–पत्र प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अपराहृन 03.00 बजे तक सम्बन्धित जिला कल्याण कार्यालय एवं सम्बन्धित विद्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है, परन्तु जिस विद्यालय में नामांकन चाहते हैं उसी विद्यालय में नामांकन फॉर्म जमा किया जाएगा।
2. अनूसचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईयाँ जाति के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा। उसी प्रकार अनुसूचित जन–जाति के सभी उप जातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित आदिम जन–जातियों के लिए नामांकन में 25 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि के आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राएँ उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रमण्डलीय उप निदेशक कल्याण का अनुमोदन लेकर मेंधा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जन–जाति की अन्य उपजातियों के बच्चों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
3. वर्ग प्रथम में नामांकन हेतु मौखिक परीक्षा 22.02.2026 को सम्बन्धित विद्यालयों में प्रातः 11.00 बजे से होगी।
4. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची विद्यालयों के सूचनापट्ट पर प्रकाशित की जायेगी।
5. नामांकन हेतु आवेदन–पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 18.02.2026 निर्धारित है।
6. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को जाति प्रमाण–पत्र, आय प्रमाण–पत्र, बी0पी0एल0 कार्ड, आधार कार्ड एवं जन्म तिथि प्रमाण–पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. वर्ग 01 में नामांकन हेतु उम्र सीमा दिनांक 01.04.2026 को न्यूनतम 06 वर्श अधिकतम 07 वर्ष होनी चाहिए।
8. जिन छात्र/छात्राओं के माता–पिता सरकारी सेवा में कार्यरत हैं उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस आशय की घोशणा–पत्र आवेदक के माता–पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन–पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
9. असत्य एवं फर्जी घोशणा–पत्र देने वाले माता–पिता/अभिभावक के विरूद्ध आव यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
10. चयनित छात्र/छात्राओं को दिनांक 20.03.2026 तक नामांकन कराना अनिवार्य होगा। प्रतीक्षा सूची का नामांकन 01.04.2026 तक किया जायेगा।
11. इच्छुक छात्र–छात्राओं का चयन विभाग द्वारा गठित चयन समिति द्वारा करने के उपरान्त चयनित छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु कार्यवाही पंजी सभी सदस्यों से हस्ताक्षर के उपरान्त, पंजी उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर को दिनांक 27.02.2026 तक उपस्थापित कर अनुमोदन प्राप्त कर लेंगे।

ह/0 उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.370304 District(25-26):D


## राजा साहब मानवाधिकार के लिए युगपुरुष थे : इं. नवीन सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** स्थानीय पवित्र बंधन पैलेस में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन, नई दिल्ली की जिला इकाई रोहतास द्वारा संस्था के संस्थापक श्रद्धेय राजा साहब की जन्म जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा एवं जिला महिला प्रमुख प्रज्ञा सिन्हा ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों–रत्ना सिन्हा सहित अन्य विशिष्टजनों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा ने श्रद्धेय राजा साहब को मानवाधिकार आंदोलन का युगपुरुष बताया। उन्होंने कहा कि राजा साहब का संपूर्ण जीवन शोषित, वंचित एवं पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाने तथा आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। मानवाधिकार ही उनका धर्म और कर्म था। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही जिलाध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी पत्रकारों को साल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी राजा साहब के जीवन, संघर्ष और मानवाधिकार क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## रंगदारी व मारपीट मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के देवसडीहरा गांव से पुलिस ने छापेमारी कर रंगदारी नहीं देने पर मारपीट कर घायल करने के मामले में नामजद दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित देवसडीहरा गांव निवासी विशाल कुमार, पिता सिकंदर सिंह व अटल कुमार सिंह उर्फ मनीष कुमार सिंह, पिता जयप्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना यादव शामिल हैं। उक्त मामले को लेकर पीड़ित रितेश कुमार सिंह, पिता लल्लन सिंह गांव देवसडीहरा ने थाने में आवेदन दिया था कि उपरोक्त दोनों आरोपित रंगदारी मांग रहे थे। रंगदारी नहीं देने पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिये। इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गयी। इधर, अनुसंधानकर्ता रजनीकांत चौधरी ने दोनों आरोपितों के घर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि दोनों आरोपित गांव के ही एक व्यक्ति से रंगदारी के तौर पर जबरन पैसे मांग रहे थे।

## वरिष्ठ पत्रकार के पिता का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** दिनारा प्रखंड के परानपुर गांव निवासी एवं दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार कमला कान्त दूबे के पिता 90 वर्षीय हरिवंश दूबे का निधन बीएचयू, वाराणसी में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन से न केवल दूबे परिवार, बल्कि ज्ञान, साहित्य और अध्यात्म से जुड़े समाज को गहरा आघात पहुंचा है। हरिवंश दूबे जीवन भर ज्ञान-साधना के पथिक रहे। वे केवल एक गृहस्थ नहीं, बल्कि अध्ययनशील जीवन के जीवंत प्रतीक थे। उनका निवास स्थान स्वयं एक चलती-फिरती लाइब्रेरी के रूप में जाना जाता था जहां हजारों धार्मिक, दार्शनिक और साहित्यिक ग्रंथों का विशाल संग्रह मौजूद था। पुस्तकों के प्रति उनका लगाव केवल अध्ययन तक सीमित नहीं था, बल्कि वे उन्हें जीवन को समझने और साधने का माध्यम मानते थे। गीता का निष्काम कर्मयोग उनके जीवन दर्शन का मूल आधार रहा। वे शिव और श्रीकृष्ण के अनन्य उपासक थे– शिव से वैराग्य और श्रीकृष्ण से कर्मशीलता की प्रेरणा लेकर उन्होंने जीवन को संतुलन के साथ जिया। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, पुराण और गीता उनके लिए केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की विद्या थे।

## एसडीएम, बीडीओ बिक्रमगंज ने राष्ट्रीय जंबूरी छत्तीसगढ़ के लिए भारत स्काउट गाइड को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नई दिल्ली राष्ट्रीय मुख्यालय के नेतृत्व में हो रहे प्रथम रोवर रेंजर जंबूरी के लिए भारत स्काउट एवं गाइड, रोहतास जिला के तत्वावधान में प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में सहभागिता के लिए जिले की 27 सदस्यीय स्काउट गाइड टीम को जिला संगठन आयुक्त अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रितेश कुमार एवं प्राचार्या प्रमिला सिंह (डी ए वी बिक्रमगंज) ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जंबूरी 9 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक बुधली (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगी जिसमें देशभर के लगभग 15 हजार स्काउट-गाइड, रोवर एवं रेंजर भाग लेंगे जो कि डीएवी सेमरा बिक्रमगंज से बस के द्वारा आरा और आरा जंक्शन से साउथ बिहार एक्सप्रेस से दुर्ग छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन, राष्ट्रसेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ किया जाएगा। रोहतास की चयनित टीम में डी ए वी सेमरा बिक्रमगंज से गाइड में अंशी आर्या, सांवली सिंह, सोनाक्षी कुमारी, आरुषि कुमारी, सलोनी कुमारी, रियांशी कुमारी, श्रेष्ठा कुमारी, स्काउट में अर्पित सिंह, चंदन पटेल, कुमार श्रेयस, विपुल कुमार, दिव्य प्रकाश, अभिषेक कुमार गुप्ता, अमन कुमार, निखिल प्रकाश, आशीष कुमार, सुधांशु राय, आयुष कुमार गिरी, प्रकाश कुमार, ध्रुव कुमार, +2 विद्यालय गौशलडीह, सूर्यपुरा से खुशिकांजली सिंह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनहर से साहस कुमार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नरैना से शिवम कुमार, रामदुलारी गंगा उच्च विद्यालय चेनारी से आर्यन राज भाग लेंगे।

## एक नजर

### दरावां पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगाया गया शिविर

**कौआकोल /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के दरावां पंचायत में गुरुवार को फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में दर्जनों किसानों का निःशुल्क फार्मर आईडी कार्ड बनाया गया। राजस्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार एवं किसान सलाहकार सुबोध कुमार ने बताया कि शिविर में किसानों का आधार कार्ड एवं ऑनलाइन से निर्गत लगान रसीद एवं मोबाइल नम्बर प्राप्त कर सत्यापन के पश्चात फार्मर रजिस्ट्री किया गया। उन्होंने बताया कि किसान आईडी नहीं बनाने वाले किसानों को पीएम किसान सम्मान सहित अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित होना पड़ जायेगा। उन्होंने किसानों से अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री कार्ड बनवाने की अपील किया है।

### जेपी सेनानी कपिलदेव मिस्त्री का निधन


**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी पंचायत अंतर्गत जोगाचक गांव निवासी व जेपी सेनानी कपिलदेव मिस्त्री का गुरुवार को हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 67 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी एवं तीन पुत्रों समेत भरा पूरा परिवार छोड़कर चले।जेपी सेनानी दशरथ मिस्त्री ने बताया कि उन्हे 1975 में जेपी आंदोलन के दौरान भागलपुर एवं गया केंद्रीय कारा में लगभग एक वर्ष तक विचाराधीन कैदी के रूप में बंदी बना कर रखा गया था। जेल से मुक्त होने के बाद उन्होंने ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय जेपी आश्रम सोखोदेवरा से जुड़कर लगभग तीस वर्षों तक अपनी सेवा दिए। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार,जेपी सेनानी जयप्रकाश यादव,डॉ० चन्द्रिका प्रसाद आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

### हसनपुरा आंगनबाड़ी केंद्र को दिया गया टीवी



**नरहट (नवादा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीएसआई - सीएसआर फाउंडेशन नवादा के शौजन्य से गुरुवार को प्रखण्ड के हसनपुरा आंगनबाड़ी केंद्र को सैमसंग का 32 इंच का स्मार्ट टीवी प्रदान किया गया। सीएसआई कोडिनेटर गौतम कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ रहे गरीब बच्चों के आधुनिक तकनीक के माध्यम से बेहतर शिक्षा और बेहतर व्यवस्था के लिए एक बहुत ही अच्छा कदम उठाया गया। जिसमें सबसे पहले फंड से जिले के 3 आंगनबाड़ी केंद्रों को चिन्हित किया जाना था और जरूरतमंद लाभुकों का पहचान कर सैमसंग का 32 इंच का स्मार्ट टीवी एवं टैब दिया जाना था। जिस क्रम में आज नरहट ब्लॉक के खनवां पंचायत में हसनपुरा ग्राम में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को यह लाभ जिला के सीएसआई डीएम कुंदन कुमार के निर्देशानुसार प्रदान किया गया। जिसमें खनवां पंचायत के मुखिया उमेश राम, सुजीत कुमार, सहयोगी दिलखुश कुमार, धर्मवीर कुमार, रितिक, कुंदन, प्रभाकर आदि उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी ने कहा कि बच्चों को टीवी के माध्यम से उदाहरण आदि दिखाकर समझाने में मदद मिलेगा जिससे बच्चे अच्छे तरीके से समझ सकेंगे। वहीं पंचायत के मुखिया उमेश राम ने कहा कि गरीब बच्चों के प्रति हर रास्ते जो उन्नति कि ओर लेकर जाते हैं सब मिलकर उसका सम्मान करेंगे। टीवी मिलने पर छोटे छोटे बच्चों में उत्साह देखा गया।

### अवैध शराब कारोबार पर नवादा पुलिस का प्रहार, भट्ठियां ध्वस्त



**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अवैध शराब के कारोबार, परिवहन, सेवन एवं निर्माण पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रूपौ थाना क्षेत्र अंतर्गत अजय नगर पहाड़ पर पुलिस द्वारा बड़ी छापेमारी की गई, जिसमें अवैध शराब निर्माण के नेटवर्क को करारा झटका लगा है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अजय नगर पहाड़ के दुर्गम इलाके में अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहाड़ी क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान मौके से दो अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही करीब 4000 लीटर अर्धनिर्मित महुआ घोल को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया, ताकि भविष्य में इसका उपयोग न किया जा सके। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 60 लीटर देशी महुआ शराब के साथ शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण में संलिप्त तत्वों के मनोबल पर गहरा असर पड़ा है। नवादा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू किया जा रहा है और अवैध शराब से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को इस बुराई से मुक्त किया जा सके।

### पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** पशुपालकों की समस्याओं के समाधान व पशुधन उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय नारदीगंज के द्वारा हंड़िया पंचायत के जहानपुर गांव में एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का नेतृत्व भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. जितेंद्र दीपक,डा. नवनीत कुमार व डा इंद्रदेव कुमार ने की। इस शिविर में 68 पशुपालकों के 127 पशुओं का निःशुल्क जांचकर उपचार व दवाई दी गई। पशु चिकित्सकों ने दूधारू पशुओं में गाय, भैंस समेत अन्य दूधारू पशुओं को जांच,उपचार के बाद निःशुल्क दवाई दिए। जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. दीपक कुशवाहा ने कहा कि सरकार की योजना में बिहार को मुख्य दूध उत्पादक राज्य में शामिल करना है। विभाग की स्पष्ट मंशा है कि पशुओं में बांझपन को समाप्त कर देना है। आगामी वर्षों में दुधारू पशुओं को सिर्फ बाछी उत्पन्न करने की योजना बनाई गई है। कार्यक्रम में पशु चिकित्सालय से मनोज कुमार, प्रदीप कुमार मनोज कुमार सिंहा ने सक्रिय भूमिका निभाई। अध्यक्षता वार्ड सदस्य तरुण देवी ने की। नारदीगंज प्रखंड की मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की टीम में डा. सुधांशु कुमार, मुकेश कुमार व ब्रजेश कुमार की भी सहभागिता रही। जिससे शिविर की सेवाएं और अधिक प्रभावी एवं सुलभ बन सकी। शिविर के दौरान मैत्री कर्मी संतोष चौहान, मनोज कुमार सहित अन्य सहयोगी कर्मियों की उपस्थिति में पशुपालकों को पशु बांझपन से संबंधित समस्याओं का वैज्ञानिक तरीके से निदान किया गया। पशु चिकित्सकों ने कहा असंतुलित पोषण, समय पर गर्भाधान न होना, हार्मोनल असंतुलन, परजीवी संक्रमण एवं उचित प्रबंधन की कमी से पशुओं में बांझपन होता है। इसके अलावा पशुओं की प्रजनन क्षमता बढ़ाने हेतु संतुलित आहार, खनिज मिश्रण, समयबद्ध टीकाकरण, कृमिनाशक दवाओं के नियमित उपयोग तथा स्वच्छ प्रबंधन अपनाने की सलाह दी गई।

# मॉडल सोलर विलेज स्थापना को लेकर समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत सोलर पैनल स्थापना की प्रगति, सब्सिडी वितरण, कार्य निष्पादन तथा आ रही बाधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यपालक अभियंता (विद्युत) द्वारा बताया गया कि बिहार के प्रत्येक जिले में एक गांव को मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयनित गांव की जनसंख्या 5,000 से अधिक होनी चाहिए, जहां अधिकतम पक्के मकान हों, सौर रूफटॉप स्थापित करने की पर्याप्त संभावनाएं हों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो।जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आलोक में जिला स्तरीय समिति द्वारा गांव का चयन किया जाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मॉडल सोलर विलेज की स्थापना से समाज में सौर ऊर्जा के प्रति विश्वास बढ़ेगा और अधिक से अधिक लोग इस योजना से जुड़ेंगे। बैठक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा लाभ वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, किफायती एवं निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना है।जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि योजना से संबंधित जानकारी लाभार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए। आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी, जिसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नवादा; कार्यपालक अभियंता (विद्युत); सहायक परियोजना अभियंता, ब्रेडा; नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी, नवादा; वारिसलीगंज एवं हिसुआ; नगर पंचायत रजौली के प्रतिनिधि तथा संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बाइक की टक्कर से पैदल व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** बुधवार की देर शाम कोरावां-तेल्हाड़ा पथ पर मणीबिगहा गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में पैदल चल रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र के कोरावां पंचायत अंतर्गत मणीबिगहा गांव निवासी रामबाबू प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र कलिंदर प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, कलिंदर प्रसाद रोज की तरह सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही चिकसौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष गौरव सिंधु ने बताया कि दुर्घटना में शामिल बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनबीघा गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र पम्मी यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपित अपने ससुराल शिवशंकरपुर आया हुआ था और वहां से बाइक से कोरावां चिकन खरीदने गया था। लौटने के क्रम में मणीबिगहा गांव के पास यह हादसा हुआ। मृतक के पिता रामबाबू प्रसाद के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपित को व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मुख्यमंत्री ने कपिलदेव मिस्त्री के निधन पर गहरी शोक संवेदना की व्यक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा जिला के जोगाचक के रहने वाले कपिलदेव मिस्त्री जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व० कपिलदेव मिस्त्री जी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी द्वारा स्थापित ग्राम निर्माण मंडल में खादी सूत कातने वाले बुनकरों के बीच 40 साल तक काम किया था। मैंने भी कपिलदेव मिस्त्री जी से सूत कातने का प्रशिक्षण लिया था। वे वंचित समाज के लोगों के लिये काम करते थे। उनके निधन की खबर अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## नए लाभुकों के राशनकार्ड के लिए शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा।** जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार डोहरा पंचायत के मधुवन और मोतनाजे गांव ने नए राशनकार्ड बनाया जा रहा है। इसके लिए मधुवन मोतनाजे गांव में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत नए लाभुकों का राशनकार्ड के लिए शिविर आयोजित हुआ। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शैलेश कुमार, कार्यपालक सहायक विनीत कुमार भारती, प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार की मौजूदगी में लाभुकों का नए राशनकार्ड बनाने का कार्य हुआ। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा सभी आवेदन पत्र को आरटीपीएस करवाकर पात्र लाभुकों का नया राशनकार्ड बनाया जाएगा।

# जर्जर गेट गिरने से प्राथमिक विद्यालय में मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड के कैला पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दुधइला में गुरुवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब विद्यालय परिसर का मुख्य जर्जर गेट अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। सौभाग्य से हादसे के वक्त विद्यालय में बच्चे मौजूद नहीं थे, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। उल्लेखनीय है कि शीतकालीन अवकाश के कारण 8 जनवरी तक विद्यालय बंद है और इन दिनों केवल शिक्षक ही विद्यालय आ रहे हैं। विद्यालय के प्रधान शिक्षक विक्की कुमार ने बताया कि विद्यालय भवन, मुख्य गेट और चारदीवारी की जर्जर स्थिति को लेकर 6 जनवरी को ही प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक लिखित सूचना दी गई थी। इसके बावजूद गुरुवार सुबह मुख्य गेट गिर गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। यदि विद्यालय खुला होता और बच्चे परिसर में मौजूद रहते, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी। ग्रामीणों ने भी पहले ही जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आवेदन देकर विद्यालय के जर्जर कमरों, मुख्य गेट, चारदीवारी और शौचालय की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की मांग की थी। आवेदन में मंजू देवी, निशा देवी, शांति देवी, बिंदु देवी, प्रतिमा देवी, करी देवी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्राथमिक विद्यालय दुधइला की आधारभूत संरचनाएं अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं, जिनकी तत्काल मरम्मत कराना अति आवश्यक है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने शिक्षा विभाग से शीघ्र संज्ञान लेते हुए विद्यालय की मरम्मत एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



# एसडीओ ने सरमेरा की कई जन वितरण दुकानों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिहार शरीफ द्वारा सरमेरा प्रखंड में प्रशासनिक गतिविधियों की हकीकत परखने के लिए औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जहां किसान रजिस्ट्री शिविरों का जायजा लिया गया, वहीं जन वितरण प्रणाली की दुकानों और पंचायत सरकार भवन में गंभीर अनियमितताएं भी सामने आईं। एसडीओ द्वारा सरमेरा प्रखंड अंतर्गत धुनकी पंचायत के धनवांडीह एवं गौशनगर गांव में चल रहे किसान रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी सरमेरा एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरमेरा भी उपस्थित रहे। अधिकारियों को शिविर में कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने और अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद एसडीओ ने ग्राम पंचायत राज मीरनगर अंतर्गत प्रफुल्ल कुमार जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि ई-पॉस मशीन के अनुसार खाद्यान्न भंडारण अधिक है, जबकि विक्रेता द्वारा स्टॉक पंजी संधारित नहीं किया जा रहा था। इस गंभीर लापरवाही को लेकर संबंधित पीडीएस विक्रेता से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत राज केनार अंतर्गत बलिराम पासवान जन वितरण प्रणाली दुकान की भी जांच की गई। यहां भी ई-पॉस मशीन के अनुसार खाद्यान्न स्टॉक अधिक पाया गया तथा स्टॉक पंजी संधारण नहीं किए जाने की पुष्टि हुई। इस मामले में भी संबंधित विक्रेता से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। प्रशासनिक सख्ती का सिलसिला यहीं नहीं रुका। एसडीओ द्वारा पंचायत सरकार भवन, ग्राम पंचायत राज मलावा का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बायोमेट्रिक उपस्थिति की जांच में मात्र कार्यपालक सहायक उपस्थित पाए गए, जबकि अन्य कर्मी अनुपस्थित थे। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए पंचायत सचिव, पंचायत लेखापाल, ग्रामीण आवास सहायक, कचहरी सचिव, पंचायत तकनीकी सहायक एवं विकास मित्र से स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यों में लापरवाही, अनियमितता एवं गैरहाजिरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# किसान रजिस्ट्री अभियान को लेकर डीएम ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में चल रहे किसान रजिस्ट्री अभियान को लेकर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी संबंधित वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलेभर में चल रहे पंजीकरण कार्य की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई और अभियान को गति देने के निर्देश दिए गए। जिले के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 06 जनवरी से 09 जनवरी 2026 तक नालंदा की सभी 231 पंचायतों में एक साथ किसान रजिस्ट्री शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं से सीधे जोड़ना है। किसान रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का अद्यतन एवं प्रमाणिक डाटा तैयार किया जा रहा है, जिससे भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ बिना बाधा किसानों तक पहुंच सकेगा। प्रशासन की ओर से सभी प्रखंडों में शिविरों के सुचारु संचालन की व्यवस्था की गई है। अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने प्रचार-प्रसार को तेज कर दिया है। प्रत्येक प्रखंड में वाहन रथ के जरिए पंचायतों और गांवों में जाकर किसानों को शिविर की जानकारी दी जा रही है और आवश्यक दस्तावेजों के साथ कैंप में पहुंचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पंचायत में किसान रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि किसानों को मोबाइल नंबर एवं जरूरी दस्तावेजों के साथ शिविर में लाना सुनिश्चित करें, ताकि अधिकतम किसानों का पंजीकरण हो सके।

# रहुई में किसान रजिस्ट्री शिविर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** डीएम कुंदन कुमार ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान रहुई प्रखंड स्थित ई-किसान भवन में चल रहे किसान रजिस्ट्री शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पंजीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताया गया कि नालंदा जिले में किसानों की सुविधा के लिए 06 से 09 जनवरी 2026 तक किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिले की 231 पंचायतों में एक साथ संचालित हो रहा है। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कर उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का सीधा लाभ दिलाना है। किसान रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का अद्यतन एवं प्रमाणिक डाटा तैयार किया जा रहा है, जिससे भविष्य में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सकेगा। किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्रखंड में प्रचार वाहन (रथ) के माध्यम से पंचायतों और गांवों में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर अपने पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज एवं मोबाइल नंबर के साथ किसान रजिस्ट्री अवश्य कराएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर अवधि में जिलेभर में अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उनके निर्देश पर जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता (राजस्व) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।



# जदयू ने तीन लाख नए सदस्य बनाने का तय किया लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों में चलाए जा रहे जनतादल (यूनाइटेड) के सदस्यता अभियान का कारवां गुरुवार को सदर विधायक विभा देवी के नेतृत्व में नारदीगंज प्रखंड मुख्यालय पहुंचा जहां स्थानीय कार्यकर्ताओं ने टीम के सभी सदस्यों का स्वागत किया। मुख्य समारोह का आयोजन नारदीगंज जदयू चुनाव कार्यालय सह श्री राज कृष्णा ट्रस्ट कार्यालय परिसर में किया गया जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा ने की जबकि मंच का संचालन प्रियरंजन सिंह ने किया। सदस्यता अभियान के संबंध में संपूर्ण जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष जयशंकर चंद्रवंशी ने कहा कि विधायक विभा देवी की जीत सुनिश्चित करने में हरेक धर्म जाति या वर्ग के लोगों ने सहयोग किया है इसलिए इन सबों को जदयू परिवार से जोड़ना है। जिले में तीन लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे जनसहयोग और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। मौके पर सदर विधायक ने अपने सैकड़ों पुराने कार्यकर्ताओं को जदयू सदस्यता रशीद प्रदान कर अपने जदयू परिवार में शामिल किया। इसके अलावे प्रखंड के सभी ग्यारह पंचायतों में अधिकृत कार्यकर्ताओं को सदस्यता रशीद का बंडल सौंपा गया और अभियान को गति प्रदान की गई। मौके पर प्रखंड जदयू के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अलावे जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, अरुण कुमार सिन्हा, शंभू मालाकार, रामलखन यादव, नरेश यादव, सुनील यादव, गुड्डू यादव, पप्पू यादव, अजय यादव, विपिन यादव इत्यादि उपस्थित रहे।




# मत्स्य लाभुकों को मिले आधुनिक संसाधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और मत्स्य पालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला मत्स्य विभाग नालंदा द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभू कुमार के नेतृत्व में मत्स्य लाभुकों के बीच मत्स्य व्यवसाय से संबंधित आवश्यक संसाधनों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालकों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके व्यवसाय को अधिक सुदृढ़, लाभकारी और पारदर्शी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों को तसला, डिजिटल तराजू और मछली जाल जैसी अत्यंत उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। इन संसाधनों के माध्यम से मछली की तौल, खरीद-बिक्री और उत्पादन प्रक्रिया अधिक सुचारू हो सकेगी, जिससे मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभू कुमार ने लाभुकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार और मत्स्य विभाग मत्स्य पालकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों के उपयोग से न केवल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। उन्होंने लाभुकों से वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य पालन करने और विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। संसाधन प्राप्त करने वाले लाभुकों ने विभाग के इस प्रयास पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सहयोग उनके व्यवसाय को मजबूती देगा और आत्मनिर्भर बनने में सहायक साबित होगा। जिला मत्स्य विभाग नालंदा द्वारा मत्स्य पालकों के हित में लगातार उठाए जा रहे ऐसे कदम ग्रामीण रोजगार सृजन और आर्थिक मजबूती में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# बीआरसी में नामित मेंटर शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड संसाधन केंद्र पकरीबरावां में गुरुवार को नामित मेंटर शिक्षकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षक विनय कुमार एवं संतोष कुमार द्वारा मेंटर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया गया कि प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को मेंटर शिक्षक के रूप में नामित किया गया है। प्रशिक्षण पाकर ये शिक्षक विद्यालय में अध्ययनरत और पोषक क्षेत्र के रहने वाले दिव्यांग बच्चों के मेंटर शिक्षक के रूप में कार्य करेंगे। दिव्यांगता के क्षेत्र में इनके ज्ञानवर्द्धन और इनके उत्तरदायित्वों के विश्लेषण के लिए मेंटर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस अवसर पर लेखापाल रविन्द्र कुमार, शिक्षक सुबोध कुमार, मो. अख्तर, विनोद कुमार, उमेश प्रसाद यादव, अशोक कुमार, खुशबू रानी, कमलेश कुमार, दिलीप कुमार, जितेंद्र कुमार, सुप्रिया वसंत, पूर्णिमा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# किसान, महिला, युवा और स्वरोजगार को बढ़ावा देना सरकार का मुख्य उद्देश्य: डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को गया स्थित समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में कृषि, वन, नगर निगम, पशुपालन, जीविका, उद्योग सहित अन्य विभागों की योजनाओं और प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और बिहार के नीतीश कुमार के नेतृत्व में किसान, महिला, युवा और स्वरोजगार को बढ़ावा देना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। कृषि विभाग की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि गया जिले में 2 लाख 28 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि है। किसानों को बिजली, बीज और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 2 लाख 95 हजार किसानों को लाभ मिल रहा है। किसान चौपाल के माध्यम से फसल गुणवत्ता सुधार पर जागरूकता बढ़ाई जा रही है। समीक्षा में नाइट्रोजन की कमी सामने आई जहां यूरिया और डीएपी के साथ पोटाश के उपयोग की आवश्यकता बताई गई। 15 अंचलों में प्राकृतिक खेती हो रही है। जिला परिषद कार्यालय और बोधगया में कृषि प्रयोगशाला उपलब्ध है जबकि एक अन्य प्रयोगशाला निर्माणाधीन है। गुरारू में बेबी कॉर्न और बोधगया में स्वीट कॉर्न की खेती के साथ सब्जी उत्पादन से किसानों को सर्वाधिक लाभ मिला है। कृषि यंत्रीकरण योजना में 7 करोड़ 58 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 1 करोड़ 10 लाख रुपये से अधिक की सहायता दी गई। खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए 487 दुकानों का निरीक्षण हुआ, 17 पर अनियमितता पाई गई। वन विभाग की समीक्षा में बताया गया कि गया वन प्रमंडल की सात रेंजों में हरियाली मिशन, इको पर्यटन सहित योजनाएं संचालित हैं। पिछले वर्ष 5 लाख पौधारोपण किया गया। 20 नर्सरियों में 30 प्रजातियों के 10 लाख पौधे उपलब्ध हैं और सीड बॉल तकनीक का उपयोग हो रहा है। अफीम की अवैध खेती पर संयुक्त टीमें कार्रवाई कर रही हैं। नगर निगम को पार्कों की स्वच्छता और देखभाल सुनिश्चित करने, जाम नियंत्रण, डेल्हा-पैरेया और डेल्हा-टिकारी मार्ग पर वन-वे लागू करने तथा वेंडिंग जोन के अनुपालन के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को रोस्टर शीघ्र तैयार करने और समेकित बकरी-भेड़ विकास योजना में लाभार्थी बढ़ाने को कहा गया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से 7 लाख महिलाएं जुड़ी हैं जिनमें 6 लाख 20 हजार को राशि हस्तांतरित हो चुकी है। उद्योग विभाग को हाट विकास और ऑनलाइन पंजीकरण स्थल चिन्हित करन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी विभागों को समन्वय से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को कहा।

## इक्कीसवीं सदी के ग्रामीण डाक सेवक बने बदलाव के वाहक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया प्रमंडल के पश्चिमी अनुमंडल में गुरुवार को ग्रामीण डाक सेवकों के साथ एक नई और अलग तरह की बैठक आयोजित की गई जिसमें जेन-जेड पीढ़ी से जुड़े ग्रामीण डाक सेवकों के साथ संवाद किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरीय डाक अधीक्षक अंशुमान ने की जबकि डाक निरीक्षक गया पिंटू कुमार की उपस्थिति भी रही। बैठक के दौरान कहा गया कि इक्कीसवीं सदी के ग्रामीण डाक सेवक, विशेषकर जेन-जेड पीढ़ी से आने वाले शाखा डाकपाल, डाक विभाग में सकारात्मक बदलाव के प्रतीक बनकर उभर रहे हैं। तकनीक में दक्षता, नवाचार को अपनाने की क्षमता और सामाजिक जागरूकता के कारण यह पीढ़ी भविष्य के डाकघरों को आधुनिक और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। जेन-जेड ग्रामीण डाक सेवक डिजिटल तकनीकों के उपयोग में सहज हैं। पेपरलेस लेन-देन, मोबाइल एप्प्रयोग, डिजिटल भुगतान और वास्तविक समय ट्रैकिंग जैसी सेवाओं को तेजी से अपनाकर वे डाक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बना सकते हैं। साथ ही सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए वे ग्राहकों को डाक सेवाओं, योजनाओं और सूचनाओं से बेहतर तरीके से जोड़ने में सक्षम हैं। वे बदलाव को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए ई-कॉमर्स सहायता, घर-घर सेवा, डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन जैसी नई सेवाओं को ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# मगध विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग की राष्ट्रीय संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की स्मारिका का विधिवत विमोचन किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग परिसर में संपन्न हुआ। स्मारिका विमोचन समारोह में शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर उपेंद्र कुमार, संस्कृत विभाग की डॉ. ममता मेहरा तथा डॉ. एकता वर्मा सहित अनेक शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत केवल एक प्राचीन भाषा नहीं है, बल्कि यह भारतीय ज्ञान परंपरा की आत्मा है। इस प्रकार की शैक्षणिक संगोष्ठियां न केवल शोध कार्यों को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि मगध विश्वविद्यालय संस्कृत सहित अन्य शास्त्रीय विषयों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्देश्य, उसकी विषयवस्तु तथा अकादमिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। संस्कृत विभाग की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आशा एसओपी को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** नालसा नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के दिशानिर्देश में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आशा एसओपी बाल विवाह पर प्रशिक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बाल विकास निगम बिहार सरकार और कवच परियोजना सेंटर डायरेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार दास, महिला विकास निगम की डीपीएम जयवंती कुमरी तथा स्वास्थ्य विभाग के डीसीएम मनीष कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सचिव अरविंद कुमार दास ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक अपने-अपने प्रखंड स्तर पर विभागीय कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। साथ ही 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 16 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026 तक डोर-टू-डोर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि गया जिले में कहीं भी बाल विवाह की सूचना 1098 एवं 15100 पर दी जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान सेंटर डायरेक्ट स्वैच्छिक संस्था के चंद्रशेखर सिंह और कृष्ण मुरारी ठाकुर ने बाल विवाह के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि बाल विवाह 15 वर्ष की उम्र में नहीं, बल्कि पांच वर्ष की उम्र से शुरू होने वाली असुरक्षाओं जैसे स्कूल छोड़ना, पलायन, जातिगत भेदभाव और घरेलू हिंसा से जन्म लेता है। बाल विवाह अक्सर बाल श्रम और बाल तस्करी जैसे अन्य जोखिमों से जुड़ा होता है। परियोजना प्रबंधक दीनानाथ मौर्या ने बताया कि जोखिम की पहचान होने पर हाई रिस्क मामलों में तत्काल रिपोर्ट, रेस्क्यू, योजनाओं से जोड़ना और बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा समीक्षा आवश्यक है। मीडियम रिस्क में निरंतर फॉलोअप और लो रिस्क में तिमाही निगरानी और सहयोग पर जोर दिया गया।

# नाई समाज की राजनीति में समुचित भागीदारी जरूरी: मनोज कुमार नंदवंशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** नाई समाज के राष्ट्रीय संगठन नंदवंशी चेतना मंच की प्रखंड समिति की ओर से गुरुवार को स्थानीय मौलानगर स्थित प्रदीप क्लीनिक में एक आवश्यक प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंच के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार नंदवंशी उर्फ विद्या सागर ने की। बैठक में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार नंदवंशी ने कहा कि बिहार में नाई समाज की आबादी 25 लाख से अधिक है, लेकिन राजनीति में इसकी भागीदारी लगभग शून्य है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे जाति समुदाय हैं जिनकी आबादी कम है, फिर भी उनकी राजनीतिक भागीदारी व्यापक है। नाई समाज को भी अपने हक और पहचान के लिए संगठित होकर राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बताया कि नाई समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से आगामी 3 फरवरी को पटना में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती बड़े पैमाने पर मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में पूरे बिहार से हजारों की संख्या में नंदवंशी समाज के लोग पटना पहुंचकर अपनी एकजुटता और ताकत का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा 24 जनवरी को सभी प्रखंडों में भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई जाएगी। बैठक में 24 जनवरी को प्रखंड स्तर पर जयंती समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने की रणनीति तैयार की गई। मनोज कुमार नंदवंशी ने कहा कि 24 जनवरी को वजीरगंज में जयंती कार्यक्रम के बाद पटना में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह को सफल बनाने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कुमार नंदवंशी के हाथों को मजबूत करने को लेकर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इस अवसर पर अनिल नंदवंशी, मिथलेश नंदवंशी, अमन नंदवंशी, राजेश नंदवंशी, मृत्युंजय नंदवंशी, शौरभ नंदवंशी, प्रदीप कुमार सुधांशु, अवधेश नंदवंशी, मुकेश नंदवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंकित कुमार शर्मा ने खनिज विकास पदाधिकारी की परीक्षा में चौथा रैंक लाकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** टिकारी क्षेत्र के रहने वाले अंकित कुमार शर्मा ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा ली गई खनिज विकास पदाधिकारी की परीक्षा में चौथा रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एनटीपीसी में बतौर एक्जिक्यूटिव इंजीनियर के पद पर कार्यरत अंकित ने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल की। परीक्षा में सफल होने के बाद अंकित अब जिला खनन विकास पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। अंकित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया। जानकारी हो कि मूल रूप से कोंच के ददरेजी के रहने वाले किसान अजय कुमार उर्फ भोला शर्मा के पुत्र है। अंकित ने दसवीं की पढ़ाई टिकारी स्थित ज्ञान भारती स्कूल से पूरी कर अभयानंद सुपर थर्टी से इंजीनियरिंग की तैयारी की जिसके बाद एनआईटी राउरकेला से बीटेक की पढ़ाई पूरी की। बचपन से ही मेधावी छात्र रहे अंकित ने गेट परीक्षा में ऑल इंडिया 13वां रैंक हासिल किया था। अंकित ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय में क्लास वन ऑफिसर की परीक्षा में भी सफलता हासिल की थी। किसान पुत्र अंकित की इस सफलता पर उसके गांव सहित अन्य उसे जानने वाले दोस्तों में खुशी का माहौल है। अंकित के दसवीं तक शिक्षक रहे रवि प्रकाश सिन्हा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अंकित बचपन से ही मेधावी था। अंकित की यह सफलता उसकी मेहनत का परिणाम है।

## भूमि विवाद में महिला से मारपीट, नौ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के बरइ गांव में भूमि विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता के फर्द बयान के आधार पर गुरुवार को आंती थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी संख्या: 238_2025-26, दिनांक 06.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 (**डीईएन/स्पेशल/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल के महत्वपूर्ण स्थानों (53 स्थानों) पर तटबंध (एम्बैंकमंट) के स्थायित्व विश्लेषण के लिए जियोटेक्निकल जांच। **अनुमानित मूल्य :** रु. 86,30,520/–, **बयाना राशि:** रु. 1,72,600/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **समापन अवधि :** 03 (तीन) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 27.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-520/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उचक्कों ने महिला शिक्षिका से चार लाख रुपये छीने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े बाइक सवार उचक्कों ने एक महिला शिक्षिका से चार लाख रुपये की छीनतई कर ली। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़िता की पहचान बुधौल निवासी शिक्षिका सावित्री कुमारी के रूप में हुई है। पीड़िता ने बताया कि बुधवार की संध्या करीब साढ़े तीन बजे वह वजीरगंज स्थित स्टेट बैंक से चार लाख रुपये निकालकर अपने पति मुनेश्वर पासवान के साथ बाइक से घर लौट रही थी। बैंक से निकलते ही बाइक सवार उचक्के उनका पीछा करने लगे, लेकिन उन्हें इसका आभास नहीं हुआ। मीरगंज रोड से जब वे फतेहपुर रोड की ओर मुड़ने लगे, तभी पीछे से आए बाइक सवार उचक्कों ने उनके हाथ से रुपये से भरा बैग झपट लिया और फतेहपुर रोड की ओर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता और उनके पति ने शोर मचाते हुए उचक्कों का पीछा किया, लेकिन दखिनगांव मोड़ के पास बदमाश तपोवन पथ की ओर मुड़ गए। भागने के दौरान उचक्कों ने बैग से मोबाइल फोन निकालकर सड़क पर फेंक दिया और फरार हो गए। बाद में पुलिस की मदद से मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया। पीड़िता ने बताया कि बाइक पर दो उचक्के सवार थे, जिनमें से एक ने हेलमेट पहन रखा था।

# मारपीट मामले का अभियुक्त गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** मारपीट के एक मामले में कोंच थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया और गुरुवार को जेल भेज दिया। यह कार्रवाई कोंच थाना कांड संख्या 470/25 के तहत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी ने लिखित आवेदन देकर बताया था कि वह अपने घर पर था, इसी दौरान साधु यादव उर्फ संजीत यादव अपने सहयोगियों के साथ पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर अभियुक्तों ने जान मारने की नीयत से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में अनुसंधान के दौरान कोंच थाना द्वारा चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत अभियुक्त साधु यादव उर्फ संजीत यादव, पिता पुनदेव यादव, निवासी निघई, थाना कोंच, जिला गया को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# जनता की शिकायत सुनने के मुख्यमंत्री के निर्देश का साहित्यकार हिमांशु शेखर ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सामाजिक कार्यकर्ता सह साहित्यकार हिमांशु शेखर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारियों को जनता की शिकायतें सुनने तथा उनके सतत समाधान के निर्देश का स्वागत किया है। श्री शेखर ने कहा कि सरकारी पदाधिकारी को जनता का सेवक कहा जाता है, लेकिन वर्तमान समय में उनकी जीवन-शैली में जमींदारी प्रवृत्ति की झलक देखने को मिलती है। आम जनता महीनों तक सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटती रहती है, परंतु कई बार पदाधिकारियों के दर्शन तक नहीं हो पाते। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी पदाधिकारियों को सरकारी मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, इसके बावजूद अनेक मामलों में जनता के फोन कॉल को जानबूझकर नजरअंदाज किया जाता है, जो जनसेवा की भावना के विपरीत है। हिमांशु शेखर ने इस पहल को और प्रभावी बनाने हेतु अपने सुझाव मुख्यमंत्री को भेजे हैं। उन्होंने मांग की है कि शिकायत निवारण प्रक्रिया का सीधा प्रसारण किया जाए जिससे वरीय पदाधिकारी इसकी निगरानी कर सकें। साथ ही प्रत्येक शिकायतकर्ता को उनके आवेदन की प्राप्ति रसीद एवं पंजीकरण संख्या अनिवार्य रूप से दी जाए। इस व्यवस्था में डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम को शामिल किया जाए जिससे शिकायतकर्ता अपनी समस्या की स्थिति जान सकें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम के लिए निर्धारित समय-सीमा तय की जाए और तकनीक का उपयोग कर पूरी व्यवस्था को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए। श्री शेखर ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही सरकारी कर्मचारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

**शपथ पत्र**

मैं चुन्नु कुमार पिता कमिन्द्र यादव ग्राम-इसाक बिगहा पो.- पौथु थाना-पौथु, जिला- औरंगाबाद (बिहार) सत्य एवं निष्ठा के साथ शपथ पूर्वक निम्न बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा तथा आधार सं.-421053217404 में मेरा नाम चुन्नु कुमार अंकित है जो गलत है। मेरा मैट्रिक, इन्टर तथा आवासीय प्रमाण पत्र में मेरा नाम अभिषेक कुमार अंकित है जो सही है। मैं अपना सभी योग्यता प्रमाण पत्र के आधार पर अपना आधार कार्ड सं.-421053217404 में अपना नाम अभिषेक कुमार सुधार करने हेतु उक्त आशय का शपथ पत्र दे रहा हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 626 दिनांक 7.1.26

**शपथकर्ता**
**चुन्नु कुमार**

# पूर्व सरपंच जय किशोर सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** कोच प्रखंड के पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी रहे स्वर्गीय जय किशोर सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बड़े पैमाने पर आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्रों से जुड़े कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मानपुर ठाकुरबाड़ी के महंत संजय स्वामी द्वारा की गई। इस अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता प्रमोद चंद्रवंशी, शांति निकेतन एकेडमी के चेयरमैन हरि प्रपन्ना उर्फ पप्पु, पूर्व विधायक जितेंद्र प्रसाद सिंह, जनता दल यूनाइटेड के महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल, बुद्धा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रबंधक, तैलीय साहू समाज के जिलाध्यक्ष संजू साव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय जय किशोर सिंह के सामाजिक जीवन, जनसेवा और पंचायत स्तर पर किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे सरल, कर्मठ और समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उनके कार्य और योगदान क्षेत्रवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नगर परिषद की ओर से लगाया गया अत्याधुनिक हीटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के नयाबाजार स्थित बस स्टैंड परिसर में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक हीटर लगाया गया है। कड़ाके की ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए नगर परिषद की ओर से यह पहल की गई है जिससे बस स्टैंड पर रुकने वाले यात्रियों और आम लोगों को राहत मिल सके। हीटर लगाए जाने के दौरान नगर परिषद के कई वार्ड पार्षद मौजूद रहे। बताया जाता है कि इन दिनों शेरघाटी शहर समेत आसपास के इलाकों में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सुबह और शाम के समय बस स्टैंड पर यात्रियों की संख्या अधिक रहती है, ऐसे में ठंड से बचाव के लिए हीटर की व्यवस्था आवश्यक मानी जा रही थी। हीटर चालू होने के बाद यात्रियों ने राहत महसूस की और नगर परिषद की इस पहल की सराहना की।

स्थानीय लोगों और यात्रियों ने कहा कि ठंड के मौसम में बस स्टैंड पर लंबे समय तक बस का इंतजार करना पड़ता है, ऐसे में हीटर लगने से काफी सुविधा मिलेगी। लोगों ने नगर परिषद और जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद किया और उम्मीद



जताई कि भविष्य में भी इस तरह की सुविधाएं लगातार मिलती रहेंगी। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन किशोर ने बताया कि फिलहाल नयाबाजार बस स्टैंड में हीटर लगाया गया है, लेकिन आने वाले दिनों में शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी हीटर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य है कि ठंड के मौसम में आमजन, यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए नगर परिषद लगातार प्रयासरत है।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/40/2025–26**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्त्तों को पूरा करते हों, उनसे निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।
**निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर/खुली/40/2025–26, क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम :** DNR डिविजन के स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म लाइटिंग के लिए 30–70 प्रतिशत लाइटिंग सिस्टम की व्यवस्था।, **क्र.सं. :** 2, **अनुमानित लागत :** ₹ 4,44,59,100.30/–, **क्र.सं. :** 3, **अग्रधन राशि :** ₹ 3,72,300/–, **क्र.सं. :** 4, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 27.01.2026 को 12.00 बजे तक निर्धारित है।, **क्र.सं. :** 5, **उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाईट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा./ का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।
**नोट :** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो, तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा.),**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
पीआर/1580/डीएनआर/वि./टी/25–26/44

**IN THE COURT OF PRINCIPAL DISTRICT & SESSIONS JUDGE, BOKARO**
**Criminal Appeal No. 36/2025**
**Uday Kumar Singh ..... Petitioner**
**Versus**
**The State of Jharkhand & others....... Opp. Party**
**NOTICE**
AGAINST OPP. PARTY NO. 2:-
1) RAVI KUMAR, S/o Akhilesh Prasad Singh, Resident of-Post + P.S.-Risiap, Near- Sarkari Hospital. Centre ke Opposite, District-Aurangabad.
Office Address: Bharat Cycle Store.
C/o Akhilesh Prasad Singh, Opp. HDFC Bank. Aurangabad, P.O.- Aurangabad, P.S.- Aurangabad, District-Aurangabad, Bihar
WHEREAS the Petitioner had filed the above Criminal Appeal No. 36/2025 against you But you have not appeared in this Case in-spite of service of notice through Nazarat and Registered Post, hence, you are hereby informed through this publication to appear before this court on 17-01-2016 to answer your defence failing which the case will be heard ex-parte against you.

Given under my Signature and Seal of this court on this 6-01-2026.

**Principal District & Sessions Judge, Bokaro**

संपादकीय

# फिर खेल में राजनीति...

पड़ोसी देश बांग्लादेश और भारत के बीच रिश्तों में तनाव अब खेल तक आन पहुंचा है। बीसीसीआई के निर्देश पर शाहरूख खान की कंपनी केकेआर द्वारा बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर निकालने के बाद बांग्लादेश ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उसने कहा कि अब बांग्लादेश की क्रिकेट टीम टी 20 वर्ल्ड के अपने मैच भारत में नहीं खेलेगी। इस पर आईसीसी का क्या फैसला लेता है, यह देखने की बात है। लेकिन दोनों देशों के बीच चल रहे तनावपूर्ण रिश्ते अब और नीचे चले गए हैं। बांग्लादेश के युवा और खेल मामलों के सलाहकार आसिफ़ नज़रुल ने कहा था कि बांग्लादेशी क्रिकेटरों और देश का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुलामी के दिन ख़त्म हो गए हैं। एक बयान में आसिफ़ नज़रुल ने आरोप लगाया था कि बीसीसीआई ने चरमपंथी सांप्रदायिक समूहों के दबाव में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को मुस्तफिजुर रहमान को टीम से हटाने का आदेश दिया। गौरतलब है कि इस बार आईपीएल में शाहरूख खान की फ्रेंचाइजी केकेआर ने बांग्लादेशी खिलाड़ी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.2 करोड़ रू. में खरीदा था। लेकिन हाल में बांग्लादेश में लगातार हो रही हिंदुओं की हत्या के बाद कई हिंदू संतों और संगठनों ने बांग्लादेशी खिलाड़ी को आईपीएल में खिलाने पर कड़ा ऐतराज किया था। रहमान को लेने के लिए शाहरूख खान को टारगेट कर उन्हें 'गद्दार' तक कहा गया। हालांकि बांग्लादेश के घटनाक्रम का क्रिकेट से सीधा कोई रिश्ता नहीं है। उधर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से कहा है कि वह इस साल फरवरी में होने वाले टी 20 वर्ल्ड कप के उसके मैच श्रीलंका में कराए। यह वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से आयोजित कर रहे हैं। वैसे भी पाकिस्तान के भारत के साथ सभी मैच भी श्रीलंका में होने हैं। तयशुदा कार्यक्रम के मुताबिक बांग्लादेश का पहला मैच ओपनिंग डे पर वेस्टइंडीज से कोलकाता में होना है। उधर मुस्तफ़िज़ुर रहमान ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि अगर वे मुझे जाने देंगे, तो मैं क्या करूँगा? भारत में भी बीसीसीआई के फ़ैसले के बाद उस पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने कहा कि खेल को राजनीतिक तनाव से अलग रखा जाना चाहिए। वहीं इतिहासकार रामचंद्र गुहा का मानना है कि ये नासमझी भरा फैसला है और इसकी वजह से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच नज़दीकियां और ज्यादा बढ़ेंगी। हालांकि बीजेपी नेता संगीत सोम ने बीसीसीआई के इस फ़ैसले का स्वागत किया है। दूसरे, एमआई एमिरेट्स टी20 लीग मैचों में अंबानी की टीम में एक और मशहूर बांग्लादेशी खिलाड़ी शाकिब अल हसन खेल रहे हैं और शाकिब को अभी तक टीम से नहीं हटाया गया है। तो क्या बीसीसीआई भारत में हिंदूवादी कट्टरपंथियों के दबाव में आ गया। अगर बांग्लादेशी खिलाड़ियों को आईपीएल में नहीं लेना था तो नीलामी के पहले वैसे निर्देश दिए जाने चाहिए थे। सवाल भारत सरकार पर भी उठ रहे हैं। हाल में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में बांग्लादेश गए और श्रद्धांजलि देकर एक सकारात्मक कूटनीतिक पहल की। लेकिन रहमान को टीम से बाहर करने से बात फिर वहीं जा पहुंची है। इसी बात का जिक्र करते हुए वरिष्ठ पत्रकार राजदीप सरदेसाई ने कहा कि इस मामले में मुस्तफ़िज़ुर रहमान, शाहरुख खान और केकेआर को निशाना बनाया गया है। कांग्रेस नेता और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने भी कहा किएक फ्रेंचाइजी और उसके मालिक को सवाल करने का क्या मतलब है। ये नियम बीसीसीआई ने बनाया है। कोई बीसीसीआई, आईसीसी और गृह मंत्रालय पर सवाल क्यों नहीं कर रहा है।

# अमेरिकी नव उपनिवेशवाद का ताजा शिकार वेनेजुएला

**अमेरिकी सेना ने मुहिम को इस खूबी से संचालित किया कि किसी को पेशगी भनक भी न लगी। वेनेजुएला के सुरक्षा-बल कोई प्रतिरोध नहीं कर सके और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो अपनी पत्नी सिलिया फ्लोरेंस के साथ-डेल्टा फोर्स के हत्थे चढ़ गये। वह राजधानी कैनिक अड्डे में पत्नी के साथ निश्चिंत सो रहे थे कि अमेरिका के फौजी जवानों ने उन्हें दबोच लिया। मादुरो ने नजदीकी इस्पाती कक्ष में भागने की कोशिश कीं, किंतु असफल रहे। उन्हें बलात खींचते हुये बाहर ले जाया गया। उन्हें हथकड़िया पहनाई गयी और आँखों पर पट्टी बाँध दी गई। कुछ ही घंटों बाद वह अमेरिका में थे। इस दशा में वह लोअर मैनहट्टन में थे और उपस्थित जनों को 'गुडनाइट' और 'हैप्पी न्यू इयर' कहते पाये गये। अमेरिकी डिटेंशन सेंटर में रखे गये मादुरो पर अब मादक पदार्थों की तस्करी व अन्य अपराधों के लिये अमेरिकी कानून के तहत मुकदा चलेगा।**

डॉ. सुधीर सक्सेना

सब कुछ आईने की मानिंद साफ है। कहीं कुछ भी कुहरिल या गोपन नहीं। वेनेजुएला में तीन जनवरी शनिवार की स्याह सर्द रात में जो कुछ हुआ वह अमेरिकी नव उपनिवेशवाद का ऐसा खूंखार आक्रामक चेहरा है जिस पर निर्लज्जता का लेप नजर आता है। भूमिका बरसों से बन रही थी, किंतु यह अंदेशा कतई नहीं था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश पर अमेरिकी डेल्टा फोर्स काराकास में 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' को इस तरह अंजाम देंगे। अमेरिकी सेना ने मुहिम को इस खूबी से संचालित किया कि किसी को पेशगी भनक भी न लगी। वेनेजुएला के सुरक्षा-बल कोई प्रतिरोध नहीं कर सके और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो अपनी पत्नी सिलिया फ्लोरेंस के साथ-डेल्टा फोर्स के हत्थे चढ़ गये। वह राजधानी काराकास में सैनिक अड्डे में पत्नी के साथ निश्चिंत सो रहे थे कि अमेरिका के फौजी जवानों ने उन्हें दबोच लिया। मादुरो ने नजदीकी इस्पाती कक्ष में भागने की कोशिश कीं, किंतु असफल रहे। उन्हें बलात खींचते हुये बाहर ले जाया गया। उन्हें हथकड़िया पहनाई गयी और आँखों पर पट्टी बाँध दी गई। कुछ ही घंटों बाद वह अमेरिका में थे। इस दशा में वह लोअर मैनहट्टन में थे और उपस्थित जनों को 'गुडनाइट' और 'हैप्पी न्यू इयर' कहते पाये गये। अमेरिकी डिटेंशन सेंटर में रखे गये मादुरो पर अब मादक पदार्थों की तस्करी व अन्य अपराधों के लिये अमेरिकी कानून के तहत मुकदा चलेगा। इस मुकदमे के फैसले का अनुमान लगाना कठिन नहीं है।

अमेरिकी सेना को इस आक्रामक कार्रवाई के पूरा करने में बमुश्किल तीस मिनट लगे। जिस टुकड़ी ने इसे संपन्न किया, उसे फौज की एलीट टुकड़ी माना जाता है। इस कथित भद्र टुकड़ी ने पिछली लगभग एक छमाही में खूब तैयारी और अभ्यास किया। मादुरो क्या खाते हैं कहाँ जाते हैं और क्या पहनते हैं, यहाँ तक कि उनके पेटस (कुत्तों) की गतिविधियों की राई रत्ती जानकारी जुटाई गयी। रिहर्सल के लिये उनके ठिकाने की अनुकृति तैयार की गयी और



चाक-चौबंद इंतजाम के बाद मिशन को अंजाम दिया गया। इस अभियान में अमेरिका ने आधुनिकतम अपाचे हेलीकाप्टरों का भी इस्तेमाल किया। गौरतलब है कि अपाचे के साथ प्रतिरोध का ऐतिहासिक जनजातीय संदर्भ जुड़ा हुआ है। यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि अमेरिका को अपनी आक्रामक सैन्य कार्रवाई में किसी प्रतिरोध का सामना क्यों नहीं करना पड़ा? अमेरिकी पाबंदियों और ट्रंप की चेतावनियों के परिप्रेक्ष्य में मादुरो को सजग और सन्नद्ध रहना था। क्या वह ट्रंप के अंतिमेत्थम को घड़की मान रहे थे? वह अपनी सुरक्षित मांद में होते तो उन्हें दबोचना मुश्किल था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मादुरो ने सन् 2013 में शावेज के उत्तराधिकारी के तौर पर सत्ता संभाली थी, घरेलू और वैदेशिक नीति में वह शावेज के नक्शे पर चले। उन्होंने खुद तेल भंडारों का दोहन करना चाहा, जिन पर वाशिंगटन की अर्से से गिद्ध दृष्टि है। सन् 2018 और सन् 2024 के आम चुनावों में उन पर 'वोट चोरी'के गंभीर आरोप लगे। अमेरिका और योरोपीय देशों समेत घरेलू विपक्ष ने माना कि मादुरो चुनावी धांधली से फिर से सत्ता में आये हैं। अमेरिका ने उन पर खुल्लमखुल्ला नारको-टेररिज्म का आरोप लगाया और कहा कि मादुरो ड्रग कार्टेल का संचालन कर रहे हैं। कार्टेल डेलॉस सोल्स के संचालन और अन्य आरोपों से बिंधे मादुरो को असफल कू-दे-ता, विरोध प्रदर्शनों, धांधली के आरोपों, आर्थिक पाबंदियों आदि का सामना करना पड़ा। इस बीच वेनेजुएला में मुद्रा स्फीति की दर, मंहगाई और गरीबी बढ़ती गयी। जब-तब तेल निर्यात से उसे राहत मिली। वह तेल की बदौलत भयावह संकट से उबर भी जाता, लेकिन ट्रंप ने मादुरो की मुश्कें कसने की कसम खा रखी थी। अमेरिका ने रणनीति के तहत एंटी-ड्रग्स मुहीम छेड़ी, शैडो-फ्लीट पर पाबंदी लगा दी, तीस नौकायें नष्ट कर दीं और बंदरगाहों की नाकाबंदी कर दी। मादुरो पर पहले 15 मिलियन डालर का ईनाम था, जो ट्रंप के पुनः सत्ता में आने पर 25 मिलियन डॉलर और हाल में बढ़ाकर 50 मिलियन डॉलर कर दिया गया। यह एक बड़ी रकम है। इसके लोभ में लगता है कि मादुरो के प्रहरी और अंगरक्षक उनका साथ छोड़ गये। अंततः उनका हश्र भी कर्नल गद्दाफी और सद्दाम हुसैन सरीखा हुआ। वह जीते जी दुश्मन के हाथ लग गये।

दो करोड़ 85 लाख की आबादी का वेनेजुएला खनिज और तेल समृद्ध लातिनी अमेरिकी राष्ट्र है। तेल के अथाह भंडार के अलावा वहां लोहा, कोयले, सोने, हीरे और निकिल के बड़े भंडार है। पूर्व गुआना, ब्राजील और कोलंबिया से घिरे वेनेजुएला एंजेल समेत असंख्य सुंदर प्रपातों, वर्षा वन, सुरम्य उद्यानों, कदाटुंबा में बिजली उत्पादन और मेरिडा में सर्वोच्च केबल कार के लिये जाना जाता है। सन 2025 के लिये शांति का नोबेल पुरस्कार भी यहां की मारिया कोरिना मचाडो को मिला। ट्रंप इस पुरस्कार के प्रबंल दावेदार थे, लेकिन मचाडो ने उन्हें पछाड़कर बाजी मार ली। मचाडो मादुरो की प्रबल विरोधी हैं और उन्होंने अमेरिका से सैन्य हस्तक्षेप की बात भी की थी। नोबेल पुरस्कार के लिये वह बाहरी मदद से चुपचाप चोरी छिपे वेनेजुएला से निकलकर ओस्लो पहुंच गयी बताई जाती है।

इस बात में शक नहीं कि शेखीखोर ट्रंप के तेवर तीखे हैं। मादुरो को सबक सिखाने के बाद उनकी घुड़कियों का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वेनेजुएला में वही होगा, जो वह चाहेंगे। वेनेजुएला की सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक उपराष्ट्रपति सुश्री डेल्सी रोड्रिगेज अंतरिम राष्ट्रपति होंगी, लेकिन ट्रंप ने सुरक्षित, सही और न्यायपूर्ण सत्ता हस्तांतरण तक सत्ता हाथ में रखने की बात कही है। यानि अब संसाधन समृद्ध वेनेजुएला संयुक्त राज्य अमेरिका का उपनिवेश है। अमेरिका की विराट तेल कंपनियां वेनेजुएला में तेल उलीचेंगी और अनापशनाप मुनाफा बटोरेंगी। ट्रंप ने सेक्रेट्री ऑफ स्टेट मार्को रूबियो की डेल्सी रोड्रिगेज से बातचीत पर संतोष व्यक्त किया है। ट्रंप की दिक्कत यह है कि उनके देश में ही उनका विरोध हो रहा है। न्यूयार्क के मेयर ममदानी ने इस आक्रामक कार्रवाई का खुला विरोध किया है। रूस, चीन, ब्राजील, ईरान, क्यूबा, स्पेन, बेलिविया, चीले और कोलंबिया ने ट्रंप की निंदा की है, जबकि भारत ने पक्ष-विपक्ष में कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। समूचे विश्व में इसे दादागिरी और अंतराष्ट्रीय नियमों और राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन माना जा रहा है। इसमें शक नहीं कि चीले, बोलीविया, डोमीनिकन रिपब्लिकन, इक्वेडोर, ग्वाटेमाला, हैती, मेक्सिको, पनामा और निकारागुआ में हस्तक्षेप और तख्तापलट के बाद उसकी दाढ़ से खून लग गया है। अब सबकी नजर यूं तो पांच जनवरी को सुरक्षा परिषद की बैठक पर है, अलबत्ता यह सच है कि वेनेजुएला का प्रसंग खूँखार अमेरिकी नव-उपनिवेशवाद की ताजा कड़ी है।

अध्यात्म

## खुद की मदद करें, भगवान भी तभी मदद करेंगे

एक बार की बात है कि किसी दूर गाँव में एक किसान रहता था। उन दिनों बारिश का समय था चारों तरफ गड्ढों में पानी भरा हुआ था। कच्ची सड़क बारिश की वजह से फिसलन भरी हो गयी थी। सुबह सुबह किसान को बैलगाड़ी लेकर कुछ धन कमाने बाजार जाना होता था लेकिन आज बारिश की वजह से बहुत दिक्कत हो रही थी। फिर भी किसान धीरे धीरे सावधानी पूर्वक बैलगाड़ी लेकर बाजार की ओर जा रहा था। अचानक रास्ते में एक गड्ढा आया और बैलगाड़ी का पहिया गड्ढे में फंस गया। कीचड़ भरे गड्ढे से निकलना काफी मुश्किल था। बैल ने भी अपनी पूरी ताकत लगायी लेकिन सफलता नहीं मिली। अब तो किसान बुरी तरह परेशान हो उठा। उसने चारों तरफ नजर घुमाई लेकिन ख़राब मौसम में दूर दूर तक कोई नजर नहीं आया। किसान सोचने लगा कि किससे मदद माँगे कोई इंसान दिखाई ही नहीं दे रहा। किसान दुखी होकर एक तरफ बैठ गया और मन ही मन अपने भाग्य को कोसने लगा। हे भगवान! ये तूने मेरे साथ क्या किया? कोई आदमी भी दिखाई नहीं दे रहा इतना खराब नसीब मुझे क्यों दिया? किसान खुद के भाग्य को कोसे जा रहा था। तभी वहाँ से एक सन्यासी गुजरे उन्होंने किसान को देखा तो किसान सन्यासी के पास जाकर अपनी परेशानी बताने लगा। मैं सुबह से यहाँ बैठा हूँ, मेरी गाड़ी फँस गयी है और मेरा नसीब भी इतना ख़राब है कि कोई मेरी मदद करने भी नहीं आया। भगवान ने मेरे साथ बहुत अन्याय किया है। सन्यासी उसकी सारी बात सुनकर बोले: तुम इतनी देर से यहाँ बैठे अपने भाग्य को कोस रहे हो और भगवान को बुरा भला बोल रहे हो, क्या तुमने खुद अपनी गाड़ी निकालने का प्रयास किया? किसान: नहीं, सन्यासी: तो फिर किस हक़ से तुम भगवान को दोष दे रहे हो, भगवान उन्हीं लोगों की मदद करते हैं जो स्वयं की मदद करते हैं। अब किसान के बात समझ में आ गयी उसने तुरंत पहिया निकालने का प्रयास किया और वो सफल भी हुआ। ज्यादातर लोग उस किसान की ही तरह हैं जो खुद कुछ नहीं करना चाहते और हमेशा अपने भाग्य और दूसरे लोगों को कोसते रहते हैं। हमें लगता है कि भगवान ने हमारे साथ बहुत गलत किया है। हममें से कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजिनियर, कोई कलेक्टर, कोई लेकिन जब हम अपने काम में सफल नहीं होते तो यही विचार हमारे दिमाग में आता है कि हमारा भाग्य ख़राब है और भगवान ने कुछ नहीं दिया। लेकिन शायद आप भूल रहे हैं कि भगवान ने आपको, हम सबको एक बहुत अमूल्य चीज़ दी है: ये शरीर। आपके अंदर हर सामर्थ्य है तो फिर आप भाग्य भरोसे क्यों हैं? भगवान भी उन्हीं लोगों की मदद करते हैं जो खुद की मदद करते हैं। किसी महान पुरुष का एक दोहा है:

**विद्या धन उद्धम बिना, कहूँ जो पावे कौन बिना डुलाये ना मिले, ज्यूँ पंखा की पौन ।**

मतलब बिना कार्य किये आप कुछ नहीं पा सकते। जैसे आपके सामने पंखा रखा हो लेकिन वो जब तक आपको हवा नहीं देगा जब तक उसे अपने हाथ से झलेंगे नहीं। आप खुद की मदद करिये तभी भगवान भी आपकी मदद करेंगे तो आओ आज मिलकर एक साथ शपथ लेते हैं कि कभी अपने भाग्य को नहीं कोसेंगे और स्वयं ही अपने कर्णधार बनेंगे।

# संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता पर सवाल

**वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अपदस्थ करके हथकड़ियों में उनके देश से उठाकर न्यूयॉर्क में लाने की घटना को लेकर भारत की संतुलित प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। अमेरिका से व्यापारिक रिश्तों को लेकर जारी बातचीत के बीच अमेरिकी कार्रवाई की कड़ी आलोचना राष्ट्रीय कूटनीतिक लिहाज से सही नहीं कही जाएगी। वैसे भी ट्रंप जैसे राष्ट्राध्यक्ष के दौर में तो कड़ी प्रतिक्रिया अपने राष्ट्रीय हितों को संकट में डालने जैसा ही माना जाएगा। लेकिन जिस तरह भारत के लोगों ने इस कार्रवाई के विरोध में प्रतिक्रिया जताई है, उसे भी भारतीय लोक की स्वाभाविक प्रक्रिया का ही हिस्सा माना जाना चाहिए। भारतीय लोक स्वभाव से ही लोकतांत्रिक है और उसे लोकतांत्रिक सत्ताओं का सैनिक कार्रवाई के जरिए उखाड़ना पसंद नहीं रहा है। भारतीय लोक का मानस कमजोर के पक्ष में खड़े होने का रहा है। इसलिए अधिसंख्य भारतीय प्रतिक्रियाएं निकोलस मादुरो के पक्ष और अमेरिका के विरोध में है।**

उमेश चतुर्वेदी

अमेरिकी कार्रवाई ने दो तरह प्रस्थापनाएं की हैं। पहली यह कि ताकतवर के लिए कुछ भी करना संभव है। वह उसे नियमों और कानूनों की परिभाषा में बांध सकता है। दुनिया लाख चिल्लाती रहे कि किसी राष्ट्राध्यक्ष की सत्ता को उखाड़ फेंकना और उसे गिरफ्तार करके अपने कानूनों के दायरे में लाना अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है, लेकिन इसका अमेरिका की सेहत पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ने जा रहा। अमेरिका ने एक तरह से इतिहास को ही दोहराया है। अमेरिका अपने हितों के खिलाफ जिस देश को सिर उठाते देखता है, उसके खिलाफ उसे सैनिक, कूटनीतिक और आर्थिक कार्रवाई करने में देर नहीं लगती। इस मौके पर जार्ज बुश सीनियर के दौर को याद किया जाना चाहिए। कुवैत में इराकी सेना की कार्रवाई के खिलाफ उन्होंने खाड़ी युद्ध छेड़ दिया था। बेशक इस युद्ध की आग में झुलसने के चलते वे सत्ता में दोबारा वापसी नहीं कर पाए। लेकिन उनके अधूरे कार्य को उनके बेटे जार्ज बुश जूनियर ने पूरा किया। बेशक इसके लिए मुस्लिम चरमपंथियों और ओसामा बिन लादेन के कुख्यात संगठन अलकायदा ने मौका मुहैया कराया।

इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन की सत्ता को तहस-नहस करने के लिए तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश जूनियर और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने एक बहाना बनाया। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से इराक भेजे गए वैज्ञानिकों और पर्यवेक्षकों ने कथित रूप से रिपोर्ट दी कि इराक के पास व्यापक जनसंहार के रासायनिक हथियार हैं। अमेरिका की नजर में सद्दाम तानाशाह थे,इस लिहाज से ये हथियार मानवता के लिए घातक हो सकते थे।फिर क्या था,संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रस्ताव की आड़ में अमेरिका और ब्रिटेन ने इराकी शासन के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

अमेरिका की अगुआई वाली सेनाओं के हमले में इराक तहस-नहस हो गया। सद्दाम गिरफ्तार कर लिए गए, उनके खिलाफ मुकदमा चलाया गया और उन्हें व्यापक नरसंहार का दोषी ठहराते हुए फांसी पर लटका दिया गया। बाद के दिनों में बीबीसी ने रिपोर्ट दी कि जिन घातक रासायनिक हथियारों को खत्म करने के नाम पर इराक पर मित्र देशों की सेनाओं ने हमला किया, असलियत में ऐसे हथियार तो इराक के पास थे ही नहीं। बीबीसी को यह खबर लीक करने का शक हथियार जांचने पहुंचे अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों की टीम के सदस्य रहे ब्रिटिश वैज्ञानिक विलियम केली पर किया गया। बीबीसी के कई अधिकारियों और पत्रकारों को इस खबर के लिए अपनी नौकरी गवांनी पड़ी। एक सुबह टहलने गए विलियम केली भी रास्ते में मृत पाए गए। इराक में अमेरिकी तर्ज का लोकतंत्र स्थापित तो हो गया है,लेकिन क्या वहां शांति आ पाई है? कुछ ऐसा ही यक्ष प्रश्न वेनेजुएला को लेकर उभरने वाला है। सवाल यह है कि क्या डोनाल्ड ट्रंप की कार्रवाई के बाद वेनेजुएला में जो सत्ता स्थापित हुई है, क्या वह सही मायने में



लोकतंत्र स्थापित करके वहां नशा के कारोबार को रोक पाएगी। नशे के कारोबार की बात इसलिए की जा रही है, क्योंकि ट्रंप ने मादुरो पर बड़ा आरोप लगाया है कि वे नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहे थे, जिससे अमेरिकी हितों को चोट पहुंच रही थी। हालांकि उनके इस आरोप को अमेरिका की ही उपराष्ट्रपति रहीं कमला हैरिस ने नकारा है। उनका कहना है कि ट्रंप की कार्रवाई की मूल वजह के पीछे तेल का खेल है।

वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़ा कच्चे तेल का भंडार है। अनुमान है कि यह भंडार करीब 303 अरब बैरल है। लेकिन कच्चे तेल के उत्पादन में वह बहुत पीछे है। वैश्विक स्तर पर तेल उत्पादकों की जो सूची है, उसमें वेनेजुएला 21वें स्थान पर है। इसकी बड़ी वजह यह है कि उत्पादन के लिए वेनेजुएला के पास बुनियादी ढांचे की बेहद कमी है। इसके साथ ही मादुरो की सत्ता के चलते यहां लगातार अमेरिकी प्रतिबंध लगे हैं। इसकी वजह से वह उत्पादन नहीं कर पा रहा है। अमेरिकी प्रतिबंध के पहले तक भारत वेनेजुएला का दूसरे नंबर का तेल आयातक था। भारत की अमेरिकी कार्रवाई को लेकर संतुलित प्रतिक्रिया की एक बड़ी वजह भारतीय तेल कंपनियों का फंसा यहां पैसा है। कच्चे तेल के उत्पादन के लिए भारतीय तेल कंपनियों ने यहां निवेश कर रखा है। भारत के करीब नौ हजार करोड़ रूपए यहां फंसे हैं। उम्मीद की जा रही है कि बदली परिस्थितियों में भारत को यह रकम मिल सकती है या फिर तेल का आयात बढ़ सकता है। बहरहाल अमेरिका में भी एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जिसका मानना है कि मादुरो की गिरफ्तारी के पीछे ट्रंप की कोशिश अपने परिवार के नियंत्रण वाली तेल कंपनियों को फायदा पहुंचाना है।

अमेरिकी कार्रवाई ने एक सवाल यह भी उठाया है कि क्या संयुक्त राष्ट्रसंघ की अब भी जरूरत है। इस कार्रवाई के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। संयुक्त राष्ट्रसंघ को ट्रंप के अमेरिका ने एक बार फिर अंगूठा दिखाया है। अमेरिकी कार्रवाई के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ और उसके महासचिव की एक मात्र भूमिका बयान देने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने की रस्म तक सिमटी नजर आ रही है। अब दुनिया को सोचना होगा कि क्या ताकतवर ही दुनिया को चलाएंगे। क्या दुनिया में कमजोर राष्ट्रों, उनकी संप्रभुता और उनकी स्वतंत्रता का महत्व नहीं रहेगा। दिलचस्प यह है कि अमेरिका खुद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा पहरूआ मानता है। हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने लोकतंत्र की वह दुहाई देता रहता है। बेशक अंदरूनी स्तर पर उसके यहां लोकतंत्र मजबूत हो, लेकिन उसका मजबूत लोकतंत्र दुनिया में तानाशाही का माध्यम भी है, इसे भी दुनिया को देखना और समझना होगा।

अमेरिकी कार्रवाई ने एक बार परमाणु अस्त्रों की प्रासंगिकता को भी साबित किया है। सवाल यह है कि यदि वेनेजुएला भी छोटा ही सही,परमाणु ताकत होता तो क्या अमेरिकी सेना वहां ऐसी कार्रवाई कर पाती? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। परमाणु निरस्त्रीकरण के समर्थकों को इस विषय में सोचना होगा। अमेरिकी कार्रवाई से स्पष्ट है कि आज परमाणु हथियार संबंधित राष्ट्र की शांति और सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। यूक्रेन इसका उदाहरण है। अगर उसके पास भी परमाणु ताकत होती तो रूस शायद ही उसके खिलाफ कार्रवाई करने की हिमाकत दिखा पाता?

अमेरिकी कार्रवाई के बाद दुनिया का एक वर्ग मानने लगा है कि ट्रंप के अगले निशाने पर उत्तरी कोरिया के तानाशाह किम जोंग हैं। लेकिन यह सोचने वालों को नहीं भूलना चाहिए कि उत्तर कोरिया परमाणु हथियार से संपन्न है। उस पर हाथ डालने से अमेरिकी हाथ जलने का अंदेशा ज्यादा है। वैसे भी अमेरिका ने जहां भी कार्रवाई की है, इतिहास गवाह है कि ज्यादातर जगहों पर उसे देर से ही सही, मुंह की खानी पड़ी है। अफगानिस्तान, वियतनाम आदि इसके उदाहरण हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आज काम का दबाव काफी कम रहेगा। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के अवसर प्राप्त होंगे। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृषभ**
आप रुकी हुई परियोजनाओं को शुरू करने के लिये मेहनत करेंगे। किसी परिजन के स्वास्थ्य को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं।

**मिथुन**
आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। फिर भी सभी कार्य समय पर पूर्ण होते रहेंगे। अपने लक्ष्यों को लेकर काफी भावुक हो सकते हैं।

**कर्क**
परिवार और कार्यक्षेत्र में जैसा चल रहा है वैसा ही चलने दें। पुराने कर्जों के कारण आपको तनाव हो सकता है। किसी नजदीकी मित्र से गम्भीर मतभेद उभर सकते हैं।

**सिंह**
उच्च शिक्षा को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज मन में सन्तोष की भावना रहेगी। ऐसे कोई काम न करें।

**कन्या**
आपको कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। राजनैतिक मामलों से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
के रिश्तेदारों के साथ मुलाक़ात हो सकती है। अधिकारियों के साथ सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। मीडिया से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**वृश्चिक**
घर में अनुशासन बनाये रखें। करियर और शिक्षा को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। अपने गुप्त रहस्य और विद्या किसी से साझा न करें।

**धनु**
आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। नौकरी में स्थानान्तरण होने के योग बन रहे हैं। बॉस आपके काम से बहुत प्रसन्न रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ धीमापन हो सकता है।

**मकर**
आज आप स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। नकारात्मक परिस्थितियों के बीच भी संयम बनाये रखें। हालाँकि लोगों के ऊपर आपका अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपके उत्तम प्रदर्शन को लेकर चर्चा होगी। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। जल का पर्याप्त मात्रा में सेवन अवश्य करें।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। व्यापारी नया कारोबार शुरू करने का विचार बना सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को मर्यादित रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कार्पियो व ई रिक्शा में टक्कर तीन लोग जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के एनटीपीसी थाना क्षेत्र अंतर्गत सहनीया गांव के पास शुक्रवार को एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में ई-रिक्शा सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एनटीपीसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। एनटीपीसी थाना अध्यक्ष डीके प्रजापति ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### स्टेडियम के निर्माण को लेकर उठने लगे हैं सवाल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय के खेल मैदान का निर्माण कार्य इन दिनों प्रगति पर है। करीब चार महीने पहले पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू के द्वारा इसके पुनर्निर्माण को लेकर करीब पौने चार करोड़ रुपए राशि की लागत से काम शुरू किया गया है लेकिन योजना स्थल पर ना तो कोई डिस्प्ले लगाया गया है और ना ही काम के बारे में कोई जानकारी दी गई है। वहीं दूसरी तरफ खेल मैदान के पश्चिमी छोड़ पर नाले का निर्माण हो तो रहा है लेकिन जानकारों का कहना है कि बरसात के पानी का यदि ख्याल नहीं रखा गया तो यह खेल मैदान फिर से झील में तब्दील हो जाएगा और राशि की बर्बादी होगी। पूर्व नगर अध्यक्ष राजीव कुमार चुन्ना ने बताया कि कोई भी काम में पारदर्शिता बेहद जरूरी है जो देखने को नहीं मिल रहा है। साथ ही नाला को अंडरग्राउंड करके बनाया जाता तो फील्ड के चौड़ीकरण पर इसका असर नहीं पड़ता वहीं अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज के छात्र नेता केशव कुमार ने बताया की मामले को गंभीरता से लिया गया है। इस बाबत कॉलेज की प्राचार्य से इसकी जानकारी मांगी गई तो उन्होंने जानकारी संवेदक के द्वारा मुहैया न होने की बात कही।

### मारपीट में एक गंभीर रूप से जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना से महज 50 गज की दूरी पर गुरुवार के दिन 18 वर्षीय मोनू कुमार नामक युवक को कुछ बदमाशों ने जमकर पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में मोनू को माथे में गंभीर चोट आई और गहरे जख्म हो गए। घायल अवस्था में युवक को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में लाकर इलाज करवाया गया। घायल युवक ने बताया कि बांध रोड के कुछ बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इसकी लिखित शिकायत पुलिस में करने जा रहा हूं वहीं जख्मी युवक के युवा दोस्तों में काफी आक्रोश देखा गया। इस घटना की पुर्णावर्ती फिर से हो सकती है पुलिस जानकारी मिलते ही मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

### बालाजी स्थापना के 1 वर्ष पूरा होने पर कलश यात्रा एवं भंडारा का आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर क्षेत्र के बाजितपुर मोहल्ला स्थित भवानी चौक के पास एक साल पूर्व भगवान शिव और बालाजी के मंदिर का पुनर्निर्माण एवं रंग रोगन किए जाने के बाद श्रद्धालुओं के द्वारा 1 वर्ष पूरा हो जाने के बाद बड़े ही श्रद्धा और विश्वास के साथ यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होकर गाजे बाजे के साथ उमानाथ गंगा घाट पहुंची और माथे पर कलश लेकर यज्ञ स्थल के पास पहुंचे। आयोजक मंडली के बबलू प्रसाद ने बताया की शुक्रवार के दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है जिसको पूर्ण करने के लिए दर्जनों कार्यकर्ता रात दिन मेहनत करते नजर आ रहे हैं।

### ठंड में महिला पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल इन दोनों करके की ठंड और पछुआ हवा के साथ घने कोहरे की चपेट में है रात में न्यूनतम तापमान बहुत ज्यादा गिर जाने के चलते रात्रि 8:00 बजे के बाद बाढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पूरी तरह से सन्नाटा छा जाता है। ऐसे में रेल महिला पुलिस लगातार प्लेटफार्म पर गश्ती करते नजर आई। वही रूबी कुमारी नामक महिला पुलिस प्लेटफार्म पर तैनात दिखाई तो रेल पुलिस थाना के मुख्य गेट पर सुनीता कुमारी नामक महिला रेल पुलिस तैनात दिखाई दिया। वहीं थाना अध्यक्ष मानिकचंद पांडे ने बताया कि कम बल होने के बाद भी बाढ़ रेलवे स्टेशन की लगातार गस्ती होती है। कड़ाके के ठंड में थोड़ी परेशानी तो होती है लेकिन अपराध पर नियंत्रण कायम रखने के लिए ठंड के मौसम में भी पुलिस कर्मियों को गस्ती करनी पड़ती है। जिसके चलते रेलवे स्टेशन पर शांति व्यवस्था कायम रहती है।

### पटना सहित बाढ़ के न्यायालय खाली कराए गए

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना न्यायालय को ईमेल के द्वारा धमकी दिए जाने के बाद बाढ़ व्यवहार न्यायालय के न्याय कुर्मी एवं न्यायाधीश अचानक अपने कार्य को छोड़कर कोर्ट एरिया को खाली कर दिया। इसके पूर्व भी कुछ दिन पहले इसी तरह की धमकी मिलने के बाद पटना जिला के सभी न्यायालय के दरवाजे और गेट को बंद कर जांच कराई गई थी। गुरुवार के दिन भी इस तरह का नजारा देखने को मिला न्यायालय बंद हो जाने के चलते कोर्ट एरिया में सन्नाटा पसर गया। बाद में पटना डॉग स्क्वाड टीम के साथ जब न्यायालय परिसर की जांच की गई तो कोई भी आपत्तिजनक सामान या विस्फोटक नहीं मिला। तब जाकर पुलिस को चैन मिला बाढ़ 01के एएसपी आनंद कुमार सिंह, और बाढ़ 2 के एएसपी अभिषेक श्रीवास्तव लगातार कोर्ट एरिया में घूम-घूम कर खतरे का मुआयना किया और डॉग स्क्वायर के माध्यम से परिसर को जांच करवाया तब जाकर राहत की सांस लिया।

### अतिक्रमण पर नप प्रशासन का चला बुलडोजर

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर चौथे दिन गुरूवार को नप प्रशासन ने खगौल रोड में पीजीएस मोड से लेखा नगर मोड तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है.अतिक्रमणकारियों के बीच हडकंप मच रहा है. अभियान की सूचना पर सडक किनारे फुटपाथी दुकानदारों अपने-अपने ठेला समेत सामान लेकर भागते हुए देखा गया . अतिक्रमणकारियों से 22 हजार जुमार्ना वसूला गया है. अभियान नप के ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर स्थायी व अस्थायी रूप से झोपडी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा.

### जाति सूचक गाली-गलौज व मारपीट करने का लगाया आरोप

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 101 में बाथरूम में सफाई करने के लिए एक हजार रुपए मांगने पर फ्लैट मालिक ने जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में थाने के तकियापर खगौली रोड निवासी श्रवण कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत किया है। लिखित शिकायत में श्रवण कुमार ने बताया कि गोला रोड स्थित एक अपार्टमेंट में पिछले 5 साल से सफाई का कार्य करता हूं. अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 101 निवासी शशि भूषण प्रसाद ने मुझे और मेरे भगीना गोलू कुमार को बुलाया और बाथरूम सफाई के लिए कहा तो मैंने एक हजार रुपए की मांगा किया. इस पर फ्लैट मालिक के पुत्र अंकुश कुमार उग्र हो गये और जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और बंदूक के बट से सर पर वार कर जख्मी कर दिया है. शोर मचाया तो अपार्टमेंट के लोग जुटे गये . डायल 112 को फोन कर सूचना दी. सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची. उन्होंने बताया कि अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गया है. पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है.

### चोरी के सामान के साथ पांच महिलाएं गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर पुलिस ने पिछले दिनों रामजयपाल नगर में हुई चोरी मामले में पांच महिला को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार लक्ष्मी देवी, दीया कुमारी , सुमन देवी, सलोनी कुमारी व सोनम कुमारी रामजयपाल नगर रोड 12 का निवासी है. इनके पास से चोरी का सामान बरामद किया गया है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि पिछले दिनों रामजयपाल नगर में दो-तीन घरों से हुई चोरी मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर चोरी का सामान के साथ पांच महिला को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार सभी महिलाओं से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

# अनियंत्रित थार ने दानापुर के गोला रोड में मचाया कोहराम

## पहले गाय को मारा धक्का भगाने के क्रम में मोटरसाइकिल स्कूटी और साइकिल सवार को मारा धक्का, गुस्साए लोगों ने थार चालक को पड़कर पीटा ,थार में तोड़फोड़ करते हुए लगा दी आग







**फुलवारीशरीफ/दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को देर रात तेज रफ्तार तर ने गोला रोड ट्यूब पॉइंट के पास पहले गाय को धक्का मारा .उसके बाद भागने के क्रम में एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल फिर स्कूटी एवं मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को धक्का मार दिया उसके बाद भागने के दौरान थार चालक गाड़ी आगे लेकर फस गया. गुस्साए लोगों ने थार चालक को पकड़ कर पीटा और तोड़फोड़ करते हुए गाड़ी में आग लगा दी. घटना के दौरान बुरी तरह घायल हुए लोगों को अस्पताल भेजा गया. मौके पर रूपसपुर दानापुर थाना के पुलिस टीम पहुंची 112 भी पहुंच गई .सभी घायलों को पहले दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेजा गया वहां से प्राथमिक उपचार के बाद पटना के पीएम सीएच भेज दिया गया. घटना के बारे में मौके पर पहुंचे पुलिस टीम छानबीन में जुट गए. मौके पर मौजूद लोगों से पुलिस टीम ने पूछताछ शुरू किया। पुलिस के मुताबिक दानापुर थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित टी-प्वाइंट के पास बुधवार देर रात एक अनियंत्रित थार गाड़ी ने सड़क पर तांडव मचा दिया. घटना में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जबकि गुस्साए लोगों ने वाहन में तोड़फोड़ कर आग लगा दी और चालक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थार गाड़ी दानापुर के तकिया इलाके से बेली रोड की ओर जा रही थी. इसी दौरान गोला रोड स्थित टी-प्वाइंट के पास चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और थार ने सबसे पहले सड़क किनारे खड़ी एक गाय को जोरदार टक्कर मार दी. गाय को धक्का लगते ही आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया. शोर सुनते ही चालक घबरा गया और गाड़ी लेकर मौके से भागने लगा. भागने के क्रम में थार ने पहले एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिस पर सवार दो लोग गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए. इसके बाद अनियंत्रित थार ने सड़क पर चल रही एक स्कूटी को धक्का मारा और आगे बढ़ते हुए एक साइकिल सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया. लगातार हो रही टक्करों से इलाके में अफरातफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे. तेज रफ्तार में भाग रही थार कुछ दूरी आगे जाकर फंस गई, जिससे चालक को रुकना पड़ा. इसके बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी. आक्रोशित भीड़ ने थार गाड़ी में तोड़फोड़ करते हुए उसमें आग भी लगा दी. इस घटना में राजा बाजार निवासी 50 वर्षीय माधो कुमार, पंचशील नगर निवासी 32 वर्षीय ऋतिक कुमार, 30 वर्षीय कोमल कुमारी तथा नारियल घाट निवासी शेखर कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए. घायलों में भाई-बहन भी बताए जाते हैं.सभी घायलों को सूचना पर पहुंची दानापुर पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया. दानापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया गया. चार लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है. वाहन चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

# अभिनेता पंकज केसरी ने भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से की मुलाकात



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में गुरुवार को फिल्म अभिनेता पंकज केसरी ने भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नीतीन नवीन से शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर अभिनेता पंकज केसरी ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उनके मनोनयन पर हार्दिक बधाई एवं शुभेच्छाएं प्रकट कीं. बता दें कि भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष नीतीन नवीन और अभिनेता पंकज केसरी पटना के एक ही मोहल्ले के निवासी रहे हैं . दूरभाष पर फिल्म स्टार पंकज केसरी ने बताया कि यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं बल्कि वर्षों पुराने पारिवारिक स्नेह, विश्वास और आत्मीय संबंधों की झलक लिए रही. पंकज ने बताया कि वे और नवीन दोनों पटना में एक ही मोहल्ले में बचपन से रहे और दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से गहरे और सौहार्दपूर्ण संबंध चले आ रहे हैं.मुलाकात के दौरान दोनों ने समाज, संस्कृति और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया.

# पशुपालकों तक बेहतर सेवा पहुंचाने के लिए तकनीशियनों को दिया गया आधुनिक प्रशिक्षण



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में कॉमफेड द्वारा वित्तपोषित तथा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के अंतर्गत चलंत स्वावलंबी कृत्रिम गभाधान कर्ता (मैत्री) के लिए एक माह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमें बिहार के लगभग सभी जिलों से आए प्रशिक्षनार्थी भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य में कृत्रिम गभार्धान सेवाओं का विस्तार करना, पशुओं की नस्ल में सुधार लाना तथा ग्रामीण पशुपालकों को उनके द्वार पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा विकसित पशु उत्पादकता एवं स्वास्थ्य सूचना नेटवर्क पोर्टल पर पशुओं से संबंधित स्वास्थ्य, उत्पादन, प्रजनन, आहार तथा सेवाओं के डिजिटल अभिलेख तैयार करने, उन्हें ऑनलाइन जमा करने तथा अभिलेखों के विश्लेषण की व्यावहारिक जानकारी दी गई। डिजिटल अभिलेखन, संगणक अनुप्रयोग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संभावित उपयोग से संबंधित प्रशिक्षण सत्र के प्रशिक्षक विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी-सह-प्रभारी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी श्री सत्य कुमार ने प्रशिक्षनार्थियों को पोर्टल पर क्षेत्रीय आंकड़ों की प्रविष्टि करने, अभ्यास हेतु नमूना आंकड़े भरने, मुख्य सर्वर से आंकड़ों का समन्वय करने, दैनिक कार्य विवरण तैयार करने तथा अभिलेखों के आधार पर रिपोर्ट बनाने की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से रोगों की शीघ्र पहचान, गर्भधारण की संभावना का पूर्वानुमान, उत्पादन क्षमता का विश्लेषण तथा पोषण प्रबंधन को और अधिक सटीक एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। अपने संबोधन में श्री सत्य कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पशुपालन क्षेत्र अनुभव के साथ-साथ आंकड़ों पर आधारित निर्णय प्रणाली की ओर तेजी से बढ़ रहा है। जब मैत्री प्रशिक्षित तकनीशियन गांव-गांव जाकर पशुओं का सही और समय पर डिजिटल अभिलेख तैयार करेंगे, तभी शासन स्तर पर योजनाओं का सही मूल्यांकन संभव होगा।

# बिस्कोमान शिष्टमंडल ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से मिलकर ज्ञापन सौंपा



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिस्कोमान अध्यक्ष एवं एन.सी.सी.एफ., विशाल सिंह एवं अध्यक्ष, बिहार राज्य सहकारी बैंक, रमेश चंद्र चौबे जी के नेतृत्व में दी गोपालगंज सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., गोपालगंज अध्यक्ष, महेश राय, दी पाटलिपुत्र केन्द्रीय सहकारी बैंक अध्यक्ष रितेश कुमार, पूर्णिया जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक अध्यक्ष अली रेजा एवं वैशाली अध्यक्ष सुधी रंजन प्रसाद का शिष्टमंडल माननीय मंत्री, भारत सरकार खाद आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्रालय प्रहलाद जोशी से मिलकर ज्ञापन में दिए गए बिंदुओं पर विस्तृत रूप से अपना पक्ष रखा, वार्ता के क्रम में विचार करते हुए मंत्री महोदय द्वारा धान अधिप्राप्ति मद में विभिन्न दरों के पुननिर्धारण हेतु पूर्णतः आश्वस्त किया गया एवं साथ ही लक्ष्य बढ़ोत्तरी हेतु, पैक्सों के मील टैगिंग में स्वतंत्रता सहमति, रूट ऑप्टिमाईजेशन में सुविधा तथा अन्य मुद्दों पर संज्ञान लेते हुए जल्द ही उनके निदान एवं कल हीं दिनांक 07.01.2026 को सचिव, खाद्य आपूर्ति, भारत सरकार, नई दिल्ली से शिष्टमंडल को मिलने हेतु निर्देशित किया। पुनः शिष्टमंडल द्वारा 07.01.2026 को ज्ञापन से सम्बन्धित संयुक्त सचिवों से मिलकर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु वार्ता की गई। बिहार के सहकारी शिष्टमंडल द्वारा यह सार्थक पहल राज्य के किसानों एवं सहकारी समितियों हेतु बहुत ही साकारात्मक रही।

# जेपी सेनानी कपिलदेव मिस्त्री का निधन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जेपी सेनानी सह पूर्व अध्यक्ष ग्राम निर्माण मंडल खादी समिति गया के कपिलदेव मिस्त्री का निधन से जेपी सेनानियों और खादी जगत में शोक का लहर छा गया है। गत रात्रि में अपने पैतृक गांव नवादा जिले के जोगाचक (कौआकोल) में रात्रि में सोए हुए थे उसी समय काफी अस्वस्थ्यता महसूस किया । जिसके बाद उन्हें नवादा सदर अस्पताल लाया जहां इलाज के क्रम में ह्दय गति रूकने के कारण नवादा में ही मौत हो गई। वे बड़े ही मिलनसार और व्यवहारिक व्यक्ति थे। आपातकाल के दौरान केंद्रीय कारा गया में मीसा धारा अंतर्गत करीब एक वर्ष तक जेल में रहे। खादी समिति गया के कई वर्षों तक मंत्री और अध्यक्ष रहे। वे करीब ७० वर्ष के थे। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार, प्रधानमंत्री अरविंद कुमाद, जेपी सेनानी सह पूर्व जिलाध्यक्ष औरंगाबाद के अजय कुमार श्रीवास्तव, खादी ग्रामोद्योग के पूर्व मंत्री श्याम किशोर पांडेय, पूर्व अध्यक्ष सहदेव प्रजापति, प्रधान कार्यालय गया के मंत्री सुनील कुमार, पूर्व मंत्री अभय कुमार, जिला मंत्री जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, दशरथ दास, परामर्शी माखन लाल, पटना खादी ग्रामोद्योग के मंत्री राम विनोद चौबे, प्रबंधक पंकज कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार सिंह, वरिष्ठ व्यवस्थापक अनिल सिंह, मोहन पांडेय, जगनारायण जायसवाल, शंकर प्रसाद, जीवनारायण प्रसाद, सुरेंद्र सुमन, पूर्व मंत्री दिलीप कुमार मंडल, पूर्व व्यवस्थापक अजय भगत, रामनरेश प्रसाद, शिवबचन यादव, कुलदीप महतो, सुरेश प्रसाद, राजेश सिन्हा, पूर्व व्यवस्थापक सतीश प्रसाद सिंह, कैलाश प्रसाद, पंकज पांडेय, पूर्व व्यवस्थापक तुलसी प्रसाद, पूर्व मंत्री पावस कुमार सिंह के अलावा रामप्रवेश सिंह प्रमुख रहे।

### तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय स्पोर्ट्स वीक का आयोजन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्पोर्ट्स वीक के तहत इस्लामिया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज और सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीच टूनार्मेंट का दूसरा क्रिकेट मैच खेला गया. रोमांचक मुकाबले में सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की. मैच के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया. तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय स्पोर्ट्स वीक का आयोजन 07 जनवरी 2026 से 13 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है. इस खेल सप्ताह के अंतर्गत तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं इस्लामिया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की टीमें भाग ले रही हैं.

# गरीबों के पर्चाधारी जमीन पर बसावट का मुद्दा गरमाया

## संपतचक अंचल पदाधिकारी से माले नेताओं की मुलाकात



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को भाकपा माले के प्रतिनिधिमंडल ने संपतचक अंचल पदाधिकारी से मुलाकात कर विभिन्न गांवों में गरीबों को मिली पचार्धारी जमीन पर अब तक बसावट नहीं होने का मुद्दा उठाया. प्रतिनिधिमंडल ने अंचल पदाधिकारी को गांववार सूची सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की. इससे पहले अपनी मांगों के समर्थन में जल्द से जल्द पूरा करने को लेकर बड़ी संख्या सीपीआईएमएल के नेताओं के साथ गरीब परिवार के बड़ी संख्या में लोगों ने जमकर नारेबाजी की . माले नेताओं ने बताया कि आलावक्सपुर मुसहरी में 9, जैबर में 14, तारनपुर में 9 और उदैनी गांव में 4 गरीब परिवारों को जमीन का पर्चा तो मिला है, लेकिन आज तक उन्हें उस जमीन पर बसाया नहीं गया है. इसके साथ ही खैराटाली, सैदानीचक, डोमनाचक और दरियापुर में पहले से बसे गरीब परिवारों को बासित पर्चा देने की मांग भी अंचल पदाधिकारी के समक्ष रखी गई. प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर स्थानीय भूस्वामी गरीबों को अतिक्रमणकारी बताकर प्रशासन के जरिए दमन करवाने का प्रयास कर रहे हैं. इस पर अंचल पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि गरीबों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और हर संभव प्रयास कर जनता की जरूरतों को पूरा किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जो भी प्रशासन के स्तर से संभव होगा, वह किया जाएगा. इस मौके पर भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य सरोज चौबे, प्रखंड सचिव सत्यानंद कुमार, सरोज दास, धनपत दास, गुरुदेव मांझी, संदीप कुमार यादव, किसान नेता कामरेड पुकार जी, केवल राम, रामावतार दास, शिवाजी सिंह सहित कई माले कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे. माले नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि पचार्धारी गरीबों को शीघ्र बसाया

# कुख्यात डकैत गिरफ्तार, एक दर्जन डकैती मामलों में पुलिस को थी तलाश



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परसा बाजार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कुख्यात डकैत को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. गिरफ्तार डकैत राजधानी पटना के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज एक दर्जन से अधिक डकैती मामलों में वांछित था और पिछले करीब दो वर्षों से फरार चल रहा था. पुलिस के अनुसार, परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी को सूचना मिली थी कि कुख्यात डकैत ढनढन जक्कनपुर थाना क्षेत्र में घूम रहा है. सूचना की पुष्टि होते ही थानाध्यक्ष ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद उसे परसा बाजार थाना लाया गया. थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी लगातार अपना नाम बदल-बदल कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा, लेकिन पुराने रिकॉर्ड और तकनीकी जांच के आधार पर उसकी असली पहचान उजागर हो गई. पहचान सामने आते ही आरोपी टूट गया, जिसके बाद उससे सख्ती के साथ पूछताछ की गई. पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार डकैत के खिलाफ फुलवारी शरीफ, बेउर, गोपालपुर, गौरीचक, अगमकुआं और परसा बाजार थाना क्षेत्रों में डकैती के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं. परसा बाजार थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को परसा बाजार थाना में दर्ज डकैती मामले में न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. साथ ही अन्य मामलों में पूछताछ के लिए जल्द ही रिमांड पर लिया जाएगा. थानाध्यक्ष ने बताया कि यह कुख्यात डकैत लंबे समय से पुलिस की नजरों से बचता फिर रहा था, लेकिन गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई से उसे गिरफ्तार कर लिया गया है.

# एम्स पटना में 42.98 लाख के कैश घोटाले का खुलासा

## निलंबित मुख्य कैशियर अनुराग अमन गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को फुलवारी शरीफ थाना में एम्स पटना प्रशासन की ओर से एक लिखित आवेदन दिया गया, जिसमें अस्पताल के वित्तीय लेनदेन में भारी गड़बड़ी का खुलासा किया गया है. आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 5 जनवरी 2026 को एम्स पटना के वित्त एवं लेखा अधिकारी की रिपोर्ट के माध्यम से यह जानकारी सामने आई कि अस्पताल सूचना प्रणाली के अंतर्गत 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 की अवधि के दौरान अस्पताल द्वारा प्राप्त नगद राशि और बैंक में जमा की गई राशि के मिलान के क्रम में 44 लाख 50 हजार रुपये की नगद कमी पाई गई है. इससे पहले वित्तीय अनियमितता की आशंका के आधार पर 4 जनवरी 2026 को एम्स पटना के वित्त एवं लेखा विभाग के अधिकारियों की एक टीम ने सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति में कैश वॉल्ट का आकस्मिक भौतिक सत्यापन किया था. इस सत्यापन के दौरान मुख्य कैशियर अनुराग अमन, जो कैश बोर्ड के संरक्षक थे और अस्पताल की नगद राशि बैंक में जमा करने के लिए उत्तरदायी थे, स्वयं मौजूद भी थे. आकस्मिक सत्यापन के समय कैश वॉल्ट में मात्र 1 लाख 51 हजार 280 रुपये नगद पाए गए, जबकि 42 लाख 98 हजार 720 रुपये की नगद कमी स्पष्ट रूप से सामने आई. सत्यापन के दौरान मुख्य कैशियर अनुराग अमन ने स्वीकार किया कि उन्होंने कैश वॉल्ट से करीब 42 लाख 99 हजार रुपये की राशि निकाली थी. इसके बाद 5 जनवरी 2026 को अनुराग अमन ने अपने लिखित बयान में स्वीकार किया कि उन्होंने उक्त राशि विभिन्न तिथियों में अपनी पत्नी के बैंक ऑफ इंडिया खाते संख्या 579310510000994 में जमा की थी. उसी दिन संध्या में भी उन्होंने 42 लाख 99 हजार रुपये की नगद कमी की जानकारी प्रशासन को दी थी. प्रशासनिक दबाव के बाद अनुराग अमन द्वारा कुल 42 लाख 95 हजार रुपये की राशि तीन किस्तों में एम्स पटना के खाते में वापस जमा कराई गई. इसके बावजूद मामले की गंभीरता को देखते हुए एम्स पटना प्रशासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया. गुरुवार को निलंबित मुख्य कैशियर अनुराग अमन को फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना लाया. पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है. एम्स पटना द्वारा जारी आधिकारिक वक्तव्य में कहा गया है कि संस्थान के एक कर्मचारी को वित्तीय दुरुपयोग से संबंधित प्रथम दृष्ट्या निष्कर्षों के आधार पर निलंबित किया गया है. संस्थान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है. संस्थान ने स्पष्ट किया है कि राशि की वापसी का अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा. एम्स पटना प्रशासन ने दो टूक कहा है कि वित्तीय कदाचार के प्रति संस्थान की नीति शून्य सहिष्णुता की है और जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी.

### दानापुर सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, व्यवहार न्यायालय को खाली कराया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद व्यवहार न्यायालय के जज और वकील अचानक काम छोड़कर कोर्ट से बाहर निकल गये. पुलिस ने सुरक्षा को लेकर कोर्ट परिसर को खाली कराया गया और सभी सुनवाइयां नयी तारीख पर स्थगित कर दी गयीं. सूचना मिलने के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया. कोर्ट में पेशी के लिए आये बेऊर, फुलवारीशरीफ व दानापुर से कैदियों को बिना पेशी के ही लौटा दिया गया है. अधिवक्ता संघ के महासचिव अनिल कुमार सिंह व वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव ने बताया कि गुरूवार दोपहर कोर्ट के न्यायाधीश द्वारा बुलाया गया है और कहा गया पटना से आदेश आया है कि कोर्ट परिसर को अविलंब खाली कराये जाने को कहा गया. श्री सिंह ने बताया कि न्यायाधीश ने बताया कि पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी थी. इसी कारण पटना सिविल कोर्ट को खाली कराया गया था. थानाध्यक्ष सूचना मिलने के बाद कोर्ट पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दिया.

## संक्षिप्त समाचार

### अखबार विक्रेताओं के बीच हुआ कम्बल का वितरण

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब ने अत्यधिक ठंड को देखते हुए गुरुवार को मोतिहारी में समाचार पत्र विक्रेताओं के बीच 62 कम्बल का वितरण किया। इस सम्बन्ध में क्लब के अध्यक्ष ला.अशोक जायसवाल ने कहा कि 'कर्म हीं पूजा है ' कथन को साकार करने वाले जरूरतमंद हॉकरों के बीच सेवा करते हुए हमलोगों को अत्यधिक संतुष्टि मिल रही है । सचिव ला.डॉ. सच्चिदानंद पटेल ने कहा कि हॉकर प्रत्येक मौसम में कष्ट को झेलते हुए सुबह-सुबह घर-घर पहुंचकर समाचार -पत्र उपलब्ध कराते हैं जिससे हम सभी पाठक अखबार पढ़ पाते हैं। मौके पर पूर्व अध्यक्ष ला.सुजीत कुमार सिंह, ला.केपी श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।



### 7 सौ लीटर स्प्रिट जब्ती, गाड़ी मालिक गिरफ्तार

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थानाक्षेत्र के नौगोल चौक से गत 26 नवंबर छापामारी कर पिकअप पर 700 लीटर स्प्रिट जब्ती मामले में पुलिस ने धंधेबाज पिकअप मालिक वैशाली जिला के गरौल थाना अंतर्गत पोझा निवासी सुभाष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।उक्त मामले में एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है।बता दें कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नौगोल चौक पर संदिग्ध पिकअप को रोक कर तलाशी ली थी।तलाशी के दौरान पेंट के 35 बाल्टी में स्प्रिट पुट्टी की बोरी के नीचे छुपा कर रखा गया था।मामले में पुलिस ने मौके से रंगे हाथों एक धंधेबाज की गिरफ्तार कर दो लोगों को चिन्हित कर 418/25 दर्ज कर अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दिया था।छापेमारी टिम में एसआई कृष्णाजी राय वो अन्य पदाधिकारी पुलिस बल के जवान शामिल थे।




### ई-केवाईसी व फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने को मशरक प्रखंड में समीक्षा बैठक

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश उपस्थित रहे। उन्होंने बीडीओ पंकज कुमार और सीओ सुमंत कुमार को फार्मर रजिस्ट्री व ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे शिविरों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि चयनित स्थानों पर नियमित रूप से शिविर लगाकर अधिक से अधिक किसानों का ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य पूर्ण कराया जाए। मौके पर मुखिया डुमरसन बच्चा लाल साह, सोनौली के मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू, शिक्षक संतोष कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कर्मी मौजूद रहे। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि ग्रामीणों को फार्मर रजिस्ट्री के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें भविष्य में कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके।



### मुआवजा भुगतान के लिए अंचलवार शिविर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय राजमार्ग 727 एए (मनुआपुल से एनएच-730 तक) के लिए अर्जित भूमि का मुआवजा भुगतान 10 जनवरी से अंचलवार शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। जिला प्रशासन ने रैयतों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और स्थान पर शिविर में अपने आवश्यक कागजात लेकर उपस्थित हों, ताकि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया समय से पूरी हो सके। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने सभी अंचल अधिकारियों को रैयतों को सहयोग देने और उन्हें शिविर के लिए सूचित करने के निर्देश दिए हैं। शिविर का आयोजन 10-12 जनवरी को बैरिया अंचल, देवी स्थान पटजिरवा, 13-14 जनवरी को योगापट्टी अंचल, अंचल कार्यालय, 15-16 जनवरी को चनपटिया अंचल, अंचल कार्यालय तथा 17-19 जनवरी को ठकराहां अंचल, अंचल कार्यालय में किया जायेगा। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि पहले भी शिविर आयोजित किए गए थे, लेकिन कुछ रैयतों ने मुआवजा नहीं लिया। अब प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए पुनः अंचलवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### मुख्य अभियंता की सख्ती, विभाग में हड़कंप

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण कार्य विभाग के सड़कों की गुणवत्ता पर उठी शिकायतों के बाद चीफ इंजीनियर चंद्रहास कुमार ने सख्त कदम उठाते हुए आधे दर्जन सड़कों की गुणवत्ता जांच शुरू कर दी है। इस जांच को लेकर बेतिया, नरकटियागंज, बगहा 1 और 2 सहित जिले के अन्य डिवीजनों के अधिकारियों और संवेदकों में हड़कंप मच गया है।चीफ इंजीनियर ने बेतिया डिवीजन में अधिकारियों के साथ बैठक की और गुणवत्ता मानक के अनुरूप सड़कों का निर्माण नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर सड़कों में गड़बड़ी मिली तो संबंधित अधिकारियों और संवेदकों पर कार्रवाई होगी।जांच के दौरान जिले की एक दर्जन से अधिक सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा। यह अभियान 4-5 दिनों तक चलेगा और रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। विभाग का मानना है कि सड़कों के निर्माण में कई जगह टेक्नीशियन की कमी और अधिकारियों की लापरवाही देखने को मिल रही है।चीफ इंजीनियर ने कहा कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यदि किसी को लिखित शिकायत करनी है तो कार्रवाई की जाएगी।

### घर में चोरी, पुलिस को दिया आवेदन

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना के बारवा परसौनी गांव में घर में घुस सामान चोरी को लेकर दिनेश पासवान की पत्नी शांभा देवी ने पुलिस को आवेदन सौंप जांच कर कारवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि आवेदन मिला है पुलिस मामले की गंभीरता से लिया।

### रुद्र ने वेटलिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के 15 वर्षीय रुद्र कुमार ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स गेम्स 2025-26 वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने माता-पिता समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रुद्र ऑल इंडिया डीएवी रायपुर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में दर्जनाधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। कक्षा 9 के छात्र 15 वर्षीय रुद्र कुमार ने अंडर-17 आयु वर्ग की 61 किलो भार श्रेणी में हिस्सा लिया। अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रुद्र ने कुल 122 किलो भार उठाकर प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। रुद्र की इस उपलब्धि पर उनके निवास पर उपसभापति प्रतिनिधि संतोष राज, मुखिया राहुल जायसवाल, आशीष मल्ल, उमेश प्रसाद, आदर्श जायसवाल, शिबू गुप्ता समेत परिजनों और रिश्तेदारों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की और रुद्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बीपीआरओ ने की पीएसबी निर्माण कार्य की जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के कुकुरा पंचायत के पडरिया में बन रहे पंचायत सरकार भवन का बीपीआरओ विवेक आर्या ने जांच किया है। जाच के दौरान निर्माण कार्य मे उपयोग होने वाले बालू, सरिया, पत्थर समेत अन्य सामग्री की बारीकी से जांच की गई। बीपीआरओ ने बताया कि कुकुरा में पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य की जांच को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी। उनके यहां से जांच के लिए निर्देश प्राप्त था। जिसके आलोक निर्माण कार्य की जांच की गई। जाच में बालू गुणवक्ता पूर्ण नही मिला है। वही सरिया को लेकर भी शिकायत मिली है। अधिकारी ने बताया कि निर्माण एजेंसी के संवेदक को बालू बदलने व मानक के अनुसार निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया मामले में वरीय अधिकारी को जांच रिपोर्ट भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव बाबूराम प्रसाद यादव, तकनीकी सहायक पूजा कुमारी समेत अन्य उपस्थित रहे। बता दे कि कुकुरा पंचायत के पडरिया में भवन निर्माण विभाग द्वारा पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य मे दो करोड़ 86 लाख 57 हजार 568 रुपये की प्रकालित राशि से निर्माण करवाया जा रहा है।

### विवाह मंडप व पीएसबी निर्माण को लेकर भूमि पैमाइश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पुरैनिया हरसरी पंचायत में पंचायत सरकार भवन व विवाह मंडप के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। यहां चयनित भूमि पर अंचल प्रशासन के द्वारा गुरुवार को पैमाइस करायी गई। इस दौरान उक्त भूमि के कुछ हिस्सा पर अतिक्रमण की भी जांच की गई है।

# डीएम ने फकुली पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का किया निरीक्षण

## ई-केवाईसी व फार्मर रजिस्ट्री कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में एग्री स्टैक परियोजना के तहत किसानों के ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य लगातार प्रगति पर है। इस कार्य की नियमित समीक्षा स्वयं जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के द्वारा प्रतिदिन की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को समयबद्ध तरीके से योजना से जोड़ा जा सके। इसी क्रम में कार्य में गति लाने के उद्देश्य से 06 जनवरी से 09 जनवरी तक जिले की विभिन्न पंचायतों में विशेष फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने सदर छपरा प्रखंड के फकुली पंचायत में आयोजित विशेष फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने एप्प के माध्यम से की जा रही फार्मर रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया का स्वयं अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में तैनात कर्मियों से ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ी तकनीकी व प्रशासनिक जानकारी प्राप्त की तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से भी संवाद किया और उन्हें फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से भविष्य में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने किसानों को अपने नाम से जमाबंदी कायम कराने के लिए प्रेरित किया तथा आपसी बंटवारे एवं अनापत्ति के आधार पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि शिविर स्थल पर ही आवेदन प्राप्त कर उसे ऑनलाइन करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के वीएलई की शिविर में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया, ताकि किसानों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर नितेश कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी व मुखिया सुमित कुमार सिंह मौजूद रहे।



## विकसित भारत 'जी रामजी' कानून श्रमिकों और किसानों के हित में : राधा मोहन सिंह

**मोतिहारी(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय सर्किट हाउस में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि विपक्ष का काम केंद्र सरकार द्वारा किए गए हर अच्छे और जनकल्याणकारी कामों का विरोध करना है। विपक्ष विकसित भारत- जी राम जी कानून को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है।वास्तविकता यह है कि इस कानून से रोजगार बढ़ेगा। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प तब तक पूरा नहीं होगा जब तक गाँव विकसित नहीं होंगे। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार गाँव को विकसित करने के उद्देश्य से पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित 'भारत जी रामजी' कानून गांवों, श्रमिकों और किसानों के हित को देखते हुए लाया गया है। इस योजना से गाँव विकसित बनेंगे। मनरेगा जो भ्रष्टाचार का अड्डा बना रहता था, इस कानून में मनरेगा की कमियों को दूर किया गया है। विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर मनरेगा कानून में बदलाव किया गया है। पहले जहाँ मनरेगा में श्रमिको को मजदूरी भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था वही अब इस कानून में सप्ताहिक मजदूरी भुगतान का प्रावधान किया गया है उन्होंने कहा कि उक्त योजना में राम शब्द है और भगवान श्रीराम के नाम से भी विपक्ष को तकलीफ हो रही है। प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री सह हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, पिपरा विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, बिहार मत्स्य आयोग अध्यक्ष ललन सहनी, मोतिहारी नगर निगम के उपमेयर डॉ॰ लालबाबू प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, रालोसपा के जिलाध्यक्ष रमेश पासवान, जदयू के वरीय नेता दीपक पटेल एवं अन्य नेतागण मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने दी।



## इनई पंचायत में किसान सम्मान निधि केवाईसी व फार्मर रजिस्ट्रेशन कैम्प आयोजित

**रिविलगंज (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रिविलगंज प्रखंड के इनई पंचायत में सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी सत्यापन एवं किसान फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में किसानों के केवाईसी सत्यापन के साथ-साथ फार्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य किया गया, ताकि पात्र किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस अवसर पर छपरा से पहुंचे एडीएम प्रमोद कुमार पांडेय, अंचल अधिकारी कौशल कुमार, बीईओ, राजस्व कर्मचारी तथा कृषि सलाहकार मौजूद रहे। कैम्प के दौरान एडीएम ने कार्य की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम प्रमोद कुमार पांडेय ने बीईओ एवं राजस्व कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि हर हाल में 09 जनवरी तक सभी पात्र किसानों का केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय रहते इसकी सूचना दी जाए, ताकि वे कैम्प में पहुंचकर पंजीकरण करा सकें और सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त कर सकें। इस दौरान प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने अधिकारियों के समक्ष जनसमस्याएं रखते हुए शिकायत दर्ज कराई कि कैम्प की जानकारी आधे से अधिक किसानों को नहीं है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त प्रचार-प्रसार के अभाव में कई किसान योजना के लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए एडीएम ने निर्देश दिया कि सभी पंचायतों में रेडियो के माध्यम से कैम्प का प्रचार कराया जाए तथा प्रत्येक कैम्प स्थल पर किसानों के रजिस्ट्रेशन से संबंधित सूचना दीवारों पर चिपकाई जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों तक जानकारी पहुंच सके।



## कैथवलिया में निमार्णाधीन विराट रामायण परिसर का डीएम एवं एसपी ने किया भ्रमण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड स्थित कैथवलिया में निमार्णाधीन विराट रामायण परिसर में आगामी 17 जनवरी को स्थापित होने वाले सहस्त्रलिंगम के अवसर पर आयोजित किया जा रहे भव्य कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सुरक्षा मानकों सहित विधि-व्यवस्था का संपूर्ण परिसर में भ्रमण कर जायजा लिया गया एवं समीक्षा की गई तथा इस संबंध में स्थानीय प्रशासन को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालुगण आएंगे जिनको दर्शन में कोई असुविधा नहीं हो इसका ध्यान रखा जाए। स्थानीय प्रशासन को भीड़ नियंत्रण एवं सुगम यातायात की समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पार्किंग व्यवस्था के लिए स्थल चिन्हित करने का निर्देश देते हुए वहां पर फ्लेक्स लगा देने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भ्रमण के दौरान वहां उपस्थित आम नागरिकों से भी फीडबैक लिया। भ्रमण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चकिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी कल्याणपुर,थाना प्रभारी कल्याणपुर सहित प्रोजेक्ट अभियंता भी उपस्थित थे।



### पत्रकार के पिता का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बड़हिया टोला गांव निवासी 85 वर्षीय समाजसेवी राम पूजन सिंह का रात निधन हो गया। वे लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए थे और क्षेत्र में एक सादगीपूर्ण, सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव और आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया है कि राम पूजन सिंह उच्च विद्यालय मशरक के शिक्षक एवं पत्रकार तथा सारण जिला हैंडबॉल संघ के महासचिव संजय कुमार सिंह, प्रभात खबर के पत्रकार ओमप्रकाश सिंह व शिक्षक राजेश सिंह के पिता थे। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और पत्रकार उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने लगे। मौके पर स्थानीय विधायक केदारनाथ सिंह, प्रखंड व्यवसायी संघ अध्यक्ष प्राण सेठ, उनके चाचा नरेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, मशरक उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार बरनवाल, राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश सिंह, वैद्यनाथ सिंह ट्रेडर्स के मुकेश सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एमजीसीयू मोतिहारी में इग्नू अध्ययन केंद्र की हुई शुरूआत, 18 कोर्स हुए प्रारंभ

### हिंदी विभाग के डॉ. श्याम नंदन को केंद्र का समन्वयक बनाया गया

**मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के शैक्षणिक पाठ्यक्रमों की विधिवत शुरूआत के लिए अनुमोदन मिल गया है। इस पहल से पूर्वी चंपारण सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध होंगे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक उनकी पहुंच और सुदृढ़ होगी। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया। उनके मार्गदर्शन, सहयोग और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण एमजीसीयू परिसर में इग्नू अध्ययन केंद्र की स्थापना संभव हो सकी, जिससे विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इग्नू अध्ययन केंद्र के सुचारु संचालन के लिए डॉ. श्याम नंदन , जो कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं,उन्हें इग्नू का समन्वयक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से नामांकन प्रक्रिया, शैक्षणिक समन्वय, अध्ययन सामग्री वितरण तथा विद्यार्थियों से जुड़ी सभी अकादमिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। डॉ. श्याम नंदन की नियुक्ति के साथ ही इग्नू अध्ययन केंद्र की शैक्षणिक गतिविधियों को गति मिली है। इसी क्रम में जानकारी के अनुसार, एमजीसीयू मोतिहारी में इग्नू के कुल 18 पाठ्यक्रमों की शुरूआत की गई है। स्नातक स्तर पर कला (बहुविषयक), वाणिज्य, तथा कला स्नातक ऑनर्स अंतर्गत राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, हिंदी और संस्कृत विषयों में पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। वहीं स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी (वर्नाक्युलर), हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, संस्कृत एवं वाणिज्य विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रबंधन, अनुवाद तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित व्यावसायिक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की भी शुरूआत की गई है। शिक्षाविदों, छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में शैक्षणिक वातावरण को नई दिशा मिलेगी तथा उच्च शिक्षा आम विद्यार्थियों की पहुंच में आएगी।



## चोरी की एक बाइक बरामद, तीन गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झरौखर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान तीन सदस्यों को एक चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार किया जो वाहन चोरी के गिरोह से जुड़े थे.जिसमें एक बाइक मिस्त्री भी शामिल है.थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि घोड़ासहन-झरौखर पथ स्थित प्लाई फैक्ट्री के निकट पुलिस द्वारा वाहन जांच के क्रम पैशन प्रो बाइक पर सवार एक युवक को रोक कर उसकी बाइक की जांच किया गया तो उक्त बाइक चोरी की निकली जो मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाने में पदस्थापित विश्वमोहन झा दारोगा की है जिसे चोरों ने अहियापुर थाने से 2012 में चोरी कर ली थी.उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक से कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर उक्त बाइक को घोड़ासहन थाना क्षेत्र के बनरझूला गांव निवासी अजय प्रसाद से खरीदने की बात स्वीकार किया पुलिस ने उसके निशानदेही पर त्वरित कारवाई करते अजय को भी गिरफ्तार कर लिया.अजय से पूछ-ताछ करने पर उसके निशानदेही पर संबंधित थाना क्षेत्र के राजवाड़ा निवासी बाइक मिस्त्री रामप्रवेश यादव को भी गिरफ्तार किया गया.थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच करने पर उक्त बाइक का सीतामढ़ी का फर्जी नंबर तथा चिरैया थाना क्षेत्र के किसी व्यक्ति के नाम पर सीतामढ़ी से फर्जी ऑनर बुक बनाने का भी खुलासा हुआ है.तीनों से आवश्यक पूछ-ताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।





### हिंसा के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पड़ोसी देश नेपाल में भड़की हिंसा को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैनाटांड क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सीमा पर तैनात सभी भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। नेपाल से आने-जाने वाले लोगों से सघन पूछताछ के बाद ही भारतीय सीमा में प्रवेश दिया जा रहा है। मुख्य मार्गों के साथ-साथ पगडंडी रास्तों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। नेपाल एक बार फिर हिंसा की चपेट में है।भारतीय सीमा से सटे नेपाल के पारसा जिला में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। नेपाल में जारी हिंसा का असर अब भारतद्दनेपाल सीमा पर साफ दिखने लगा है।

## स्मार्का कप शतरंज टूर्नामेंट 10-11 जनवरी को, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

### शतरंज जैसे बौद्धिक खेल से जोड़ना टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य: संयोजक

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चेस माइंड ग्रुप अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ियों का समूह है, जो निरंतर प्रयासों के माध्यम से सारण जिले में शतरंज को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। जिसको लेकर सारण जिले के युवाओं और बच्चों की मानसिक क्षमता को विकसित करने एवं खेल के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से चेस माइंड ग्रुप छपरा के तत्वावधान में स्मार्का कप शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को किया जा रहा है। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता शहर के मौना फाटक स्थित उदय इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा। सबसे खास बात यह है कि यह टूर्नामेंट जिले के बच्चों और युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने और अपनी प्रतिभा दिखाने का एक सुनहरा अवसर साबित होगा। आयोजकों के अनुसार शतरंज न केवल एक खेल है, बल्कि यह बच्चों और युवाओं के मानसिक विकास, एकाग्रता और निर्णय क्षमता को मजबूत करता है। टूर्नामेंट के संयोजक कुमार शुभम ने बताया कि इस टूर्नामेंट में सारण जिले का किसी भी उम्र का खिलाड़ी भाग ले सकता है। प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क मात्र 200 रुपए रखा गया है, जबकि 07 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों एवं दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम 10 विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, वहीं विभिन्न आयु वर्गों के कुल 30 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इससे यह स्पष्ट है कि आयोजन का उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि अधिक से अधिक बच्चों और युवाओं को शतरंज जैसे बौद्धिक खेल से जोड़ना है। इस आयोजन के माध्यम से छपरा के शतरंज खिलाड़ियों को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में खेलने का पर्याप्त अभ्यास कराने की कोशिश की जा रही है, ताकि भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। टूर्नामेंट के



## सरकारी स्कूलों में बच्चे अब सीखेंगे तबला, हारमोनियम व डफली बजाने की कला

### चिरैया के सभी 23 उच्च माध्यमिक विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए वाद्य यंत्र

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभी 23 पंचायतों में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संगीत की शिक्षा देने को लेकर वाद्य यंत्र की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस कड़ी में गुरुवार को बीआरसी में डाटा इंट्री ऑपरेटर सुमंत कुमार, आईसीटी कॉर्डिनेटर चंदन कुमार, एमडीएम प्रभारी विवेक कुमार आदि की देखरेख में वाद्य यंत्रों का वितरण दिन भर किया गया। महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी, उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी मध्य, उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय मिश्रोलिया सहित सभी हाइयर सेकेंडरी स्कूलों के प्रधानाध्यापक एवं संगीत शिक्षकों ने अपनी निगरानी में इन सामग्रियों को प्राप्त किया। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने बताया कि सरकारी स्कूलों में रिकॉर्डेड गाने पर चेतना सत्र का आयोजन अब नहीं होगा, बल्कि बच्चे अब खुद वाद्य यंत्र बजाते हुए चेतना सत्र में शामिल होंगे। बता दें कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को गाना गाने सहित इन वाद्य यंत्रों को बजाने के लिए उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संगीत शिक्षक नियुक्त किये गए है। जो बच्चों को वाद्य यंत्र बजाने और गाना गाने में दक्ष करेंगे। इसके लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा प्रथम चरण में चिरैया के सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों को वाद्य यंत्र उपलब्ध कराई जा रही है। महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि इसके तहत स्कूलों में एक-एक म्यूजिक सिस्टम, हारमोनियम, तबला, नाल, कैसियो यंत्र, डफली, झाल, करताल, मंजिरा, बांसुरी, घुंघरू सेट दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन वाद्य यंत्रों को रख कर बजाने के लिए जल्द ही म्यूजिकल डेस्क बनाया जाएगा। उक्त विद्यालय के संगीत शिक्षक चंद्रिका कुमार ने बताया कि गाना - गाने में रुचि लेने वाले छात्र - छात्राओं को संगीत की शिक्षा देने पर विशेष जोर दी जाएगी। उन्हें गाने-गाने के अलावा तबला, हारमोनियम, झाल, करताल की कला भी सिखायी जायेगी। गाने में छठ जैसे पारंपरिक गाने सहित बिहारी लोक गीत पर ज्यादा जोर दिया जाएगा। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह, राघवेंद्र कुमार, यमुनाकांत मिश्रा, राजेश्वर प्रसाद, आर. के. रवि, आदित्य राज, हरि प्रकाश तिवारी, चंद्रिका कुमार, शिक्षिका किरण सिंह, पल्लवी प्रिया सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# सोलर क्रांति की ओर जहानाबाद, छह माह की प्रतियोगिता से चुना जाएगा मॉडल गांव




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हर छत पर सूरज की रोशनी, हर घर में आत्मनिर्भर ऊर्जा—इसी विजन को जमीन पर उतारने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त, जहानाबाद डॉ. प्रीति ने की। बैठक में निदेशक डीआरडीए रोहित कुमार मिश्रा, जिला विकास पदाधिकारी स्मृति, विद्युत अधीक्षक अभियंता संदीप प्रकाश सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति के सदस्यों एवं आगंतुक अतिथियों का स्वागत पौधारोपण कर पर्यावरणीय संदेश के साथ किया गया। बैठक में बताया गया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सोलर रूफटॉप को बढ़ावा देने तथा आवासीय घरों में स्व-विद्युत उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिहार के प्रत्येक जिले में एक मॉडल सोलर गांव का चयन किया जाना है। इसके लिए जिले के 10 राजस्व गांवों को प्रतियोगी गांव के रूप में चयनित किया गया है। चयन की मुख्य शर्तों में अंतिम प्रकाशित जनगणना के अनुसार 5000 से अधिक आबादी वाले गांवों को प्राथमिकता दी गई है। यदि यह मानक पूरा नहीं होता, तो जनसंख्या के आधार पर शीर्ष 10 गांवों का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही चयनित गांवों में सौर ऊर्जा से संबंधित अन्य योजनाओं का संचालन, रूफटॉप सोलर स्थापना की उपयुक्तता, ग्राम पंचायत की सहमति तथा ग्रामीणों में सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता एवं रुचि होना आवश्यक बताया गया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सामुदायिक सौर ऊर्जा संयंत्र (बैटरी बैकअप सहित या बिना), स्वयं सहायता समूहों के लिए सौर ऊर्जा चालित उपकरणों के माध्यम से आजीविका सृजन, सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर प्लांट, सोलर स्ट्रीट लाइट, सौर चालित कृषि सिंचाई संयंत्र सहित अन्य नवीकरणीय ऊर्जा तकनीकों को शामिल किया गया है। योजना का क्रियान्वयन राज्य नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (ब्रेडा) अथवा राज्य सरकार द्वारा चयनित अन्य एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा। विभागीय निर्देशानुसार 12 जनवरी से 12 जुलाई 2026 तक छह माह की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस दौरान चयनित 10 गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार और जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पंचायत सचिव के नेतृत्व में प्रत्येक गांव में विलेज टास्क फोर्स के गठन का निर्देश दिया गया है। छह माह की अवधि के उपरांत जिस गांव में अपनी राजस्व सीमा के अंतर्गत कुल स्थापित डिस्ट्रिब्यूटेड सोलर क्षमता सर्वाधिक होगी—चाहे वह सरकारी सहायता से हो या निजी प्रयास से—उसे मॉडल सोलर विलेज घोषित किया जाएगा। चयनित मॉडल सोलर गांव को केंद्र सरकार की ओर से एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह पहल न सिर्फ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि ग्रामीण विकास को हरित भविष्य से जोड़ने का एक सशक्त कदम भी मानी जा रही है।

## औरंगाबाद के दो युवाओं ने गोल्ड मेडल जीत कर लहराया परचम

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एंड प्रमोशन फ़ेडरेशन द्वारा 10वीं इंडो नेपाल सीरीज रंगशाला स्टेडियम पोखरा नेपाल में आयोजित किया गया था। 5 से 7 जनवरी तक चला पावरलिफ्टिंग गेम में पूरे इंडिया और पूरे नेपाल से लगभग सैकड़ों लड़कों ने भाग लिया था। इसमें बिहार के औरंगाबाद जिले के सूर्य नगरी देव के गौरव राज ने वजन ग्रुप में 32 लोगों के साथ कड़ा मुकाबला कर सबसे ज्यादा वजन उठा के गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साथ ही बेस्ट लिफ्टर का अवॉर्ड भी अपने नाम कर भारत का परचम दूसरे देशों में लहराया। गौरव स्क्वाट और बेंच प्रेस में पूरे जूनियर एवं सीनियर में सबसे ज्यादा वजन उठाने वाला खिलाड़ी बना। वहीं नवीनगर एनटीपीसी खैरा के अजनियां गाँव के गुड्डू कुमार ने भी 15 खिलाड़ियों के साथ कड़ा मुकाबला कर 83 केजी में गोल्ड मेडल का खिताब जीता। गुड्डू कुमार गौरव के साथ ट्रेनिंग कर आगे बढ़ रहे हैं। गौरव राज ने बताया कि उन्हें अपने घर में मां पिता के द्वारा काफी सपोर्ट मिलता है। आज मैं यहां तक आया हूं तो अपने घर के अभिभावक दिलीप सिंह एवं कोच स्व. शिवम सर, कोच उद्यो यादव, मेंटर राहुल सैनी, आकाश कुमार, आलोक कुमार और अपने साथी खिलाड़ी के आशीर्वाद की बदौलत। मेरा सपना है कि देश के लिए मेडल लाना जिसकी शुरूआत अब हुई है।

## त्रिविक्रम सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने अपने क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में सड़क परिवहन और लोक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली स्थित केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और आवश्यकताओं से मंत्री को अवगत कराया, जिस पर मंत्री ने गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। औरंगाबाद विधानसभा से प्रथम बार निर्वाचित होने पर मंत्री ने स्नेहपूर्वक अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़ी योजनाओं पर विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग 139 के फोरलेनिंग और सड़क सुरक्षा के मुद्दे, राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर सुरक्षा मानकों के सुदृढ़ीकरण, अंडरपास और फ्लाईओवर के निर्माण सहित क्षेत्र से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श किया गया। विधायक ने इन परियोजनाओं से यातायात को सुरक्षित, सुगम और तेज बनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र में कनेक्टिविटी को अधिक सुरक्षित, सुगम और विस्तृत बनाने के लिए भविष्य में हर संभव सहयोग और मार्गदर्शन का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और आधारभूत संरचना के विकास से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि यह शिष्टाचार भेंट जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने वाली तथा औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रेरणादायी सिद्ध हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रस्तावित योजनाओं के धरातल पर उतरने से क्षेत्र की जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

## जहानाबाद संयुक्त श्रम भवन में लगा एक दिवसीय रोजगार कैंप




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बेरोजगार युवकों के लिए भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड के सौजन्य से संयुक्त श्रम भवन जिला नियोजनालय, जहानाबाद में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में कम्पनीं के द्वारा अभ्यर्थियों के लिए कुल 50 रिक्तियाँ अधिसूचित की गई थी। इस दौरान गुरुवार को आयोजित रोजगार नियोजन कैम्प में कुल 41 आवेदकों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। जिसमें से कुल 18 आवेदकों को स्थल पर औपबंधिक चयनित किया गया। कैम्प में कंपनी के प्रतिनिधि के साथ साथ जिला नियोजनालय, जहानाबाद के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर लोगों को बताया गया कि इस जॉब कैम्प के उपरांत आगे भी नियोजन कार्यालय द्वारा जॉब कैम्प का आयोजन की जाएगी जिसकी सूचना समाचार पत्र के माध्यम सें लोगों को दी जायेगी। जिला श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जॉब कैम्प की सारी प्रक्रिया निःशुल्क है।

## संवैधानिक आधार पर हो पंचायतों का परिसीमन : मिथिलेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतीय संविधान के 73 वें संशोधन में स्पष्ट किया गया है कि पंचायतों का परिसीमन जनगणना एवं भौगोलिक स्थिति के आधार पर किया जाएगा। बिहार में वर्ष 2001 में 1991 की जनगणना के अनुसार परिसीमन किया गया था। उसके बाद अब तक परिसीमन नहीं किया गया। ऐसे में जनसंख्या का भारी दबाव और भौगोलिक दायरा अधिक होने के कारण पंचायतों की प्रशासनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उक्त बातें मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह त्रिस्तरीय प्रतिनिधि संघ के संयोजक मिथिलेश कुमार राय ने गुरुवार को कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बैठक के दौरान कही। इस दौरान अध्यक्ष और प्रखंड क्षेत्र के मुखियाओं ने वीबी जी राम जी के लंबित बकाया भुगतान, एनएमएमएस के प्रशासनिक स्वीकृति, बीस योजनाओं के प्रतिबंध, पंचायतों का परिसीमन कराने समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा की। अध्यक्ष ने कहा कि जनसंख्या का दबाव और भौगोलिक दायरा को देखते हुए पंचायतों का परिसीमन 5000 की आबादी, वर्ष 2011 या 2026-27 की जनगणना के आधार पर हो। नगर निकायों के अपग्रेड तथा क्षेत्र विस्तार नवगठित होने के बाद उत्पन्न स्थितियों की समीक्षा करते हुए परिसीमन कराया जाए। वहीं वीबी जी रामजी योजना में विगत चार वित्तीय वर्ष के सामग्री का भुगतान नहीं होने के कारण छोटे-छोटे दुकानदारों और सामग्री आपूर्तिकर्ताओं पर अत्यधिक आर्थिक बोझ पड़ा है। इसलिए प्राथमिकता के आधार पर एक माह के अंदर शत-प्रतिशत भुगतान कराया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि उपरोक्त समस्याओं को लेकर बिहार के सभी मुखियाओं द्वारा हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री समेत संबंधित विभाग के मंत्री को सौंपा जाएगा। बैठक में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मंजीत यादव, मुखिया अरविद पासवान, तौहिद आलम, रविंद्र यादव, गुलाम सरवर, पुट्टू यादव, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र पासवान आदि उपस्थित थे। वहीं देव प्रखंड मुख्यालय में भी मुखिया संघ के अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बिजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि परिसीमन अति-आवश्यक है। कई जिलों और प्रखंडों में कुछ पंचायतों का क्षेत्रफल 10 वर्ग किलोमीटर से भी अधिक है। इससे वहां विकास कार्य बाधित हो रहे हैं और प्रशासनिक उपेक्षा बढ़ी है। पुनर्गठन के दौरान कुछ ऐसे पंचायत वार्ड बनाए गए हैं जिनकी जनसंख्या मात्र 100 के आसपास है। यह बदलाव इसलिए जरूरी है ताकि सभी समुदायों को बारी-बारी से नेतृत्व का मौका मिले।

## एक नजर

### रोगी कल्याण समिति की शासी निकाय के सदस्यों की बैठक

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्वनी एवं संचालन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने किया। बैठक से पूर्व छह सदस्य टीम द्वारा हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। सदस्य विमलेश पासवान ने रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चा से संबंधित डॉक्टर की मांग की। बैठक में पानी की टंकी की बदलाव, दरवाजा रिपेयरिंग, प्रवेश गेट के समीप प्रतीक्षालय बनाने का सुझाव सदस्यों ने रखा। रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय के सचिव अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उक्त सुझावों को वरीय अधिकारी को अवगत कराया जा रहा है। इस मौके पर सदस्य सतरूप सिंह, राम यतन दास, विजय कुमार कुंज, शशि भूषण मिश्रा, विमलेश पासवान, नगीना देवी स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सम्मान व स्वागत समारोह आयोजित

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रफीगंज शहर के कलाली मोड़ स्थित अंबिका फाइनेंशियल सर्विस कार्यालय में नव मनोनीत विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह एवं भोला चौधरी को सम्मान सह स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोपराइटर विकास कुमार यादव ने किया। लोगों द्वारा भोला चौधरी एवं विनोद कुमार सिंह को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। भोला चौधरी एवं विनोद कुमार सिंह कहा कि विधायक प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा जनता के कार्यों को सहज पूर्वक करने के लिए हम लोग को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह जनता के दिलों में राज करते हैं। कई वर्षों से रफीगंज विधायक विहिन क्षेत्र था। इस मौके पर अशोक मेहता, राहुल चौधरी, विनोद कुमार, राजेश कुमार, अजीत कुमार मेहता, विजय चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र में दर्जी बिगहा स्थित पेट्रोल पंप के सामने एनएच - 19 पर गुरुवार को एक स्कॉर्पियो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार एक महिला रोड़ पर जा गिरी। इस दौरान उसे हल्की चोट आई और वह घायल हो गई। घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।।हादसे के बाद दोनों वाहन काफी देर तक फंसे रहे, तभी उस रास्ते से गुजर रहे समाजसेवी अभय कुमार शिकारी ने अपने सहयोगियों के सहयोग से बाइक को स्कॉर्पियो से अलग किया। इसके बाद दोनों वाहन चालक अपने गंतव्य की ओर चले गए। स्कॉर्पियो चालक राहुल शर्मा ने बताया कि गाड़ी को बैक करके घुमा रहे थे। तभी सामने से बाइक आ गई जिससे यह घटित हुई।

### 9 जनवरी से शुरू होगा 51 दिवसीय अखंड

**औरंगाबाद।** बंभई कुट्टी ठाकुरबाड़ी बरपा में आगामी 9 जनवरी से 1 मार्च तक 51 दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर युद्धस्तर पर ग्रामीणों एवं आयोजन समिति द्वारा तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति के दिलीप शर्मा, प्रेम कुमार, विनोद शर्मा, देवेंद्र कुमार, रवि कुमार, पंकज शर्मा, बबलू शर्मा, रंधीर शर्मा ने बताया कि तैयारी जोरे से की जा रही है। 9 जनवरी को सुबह 8 बजे से भृगुरारी से जलभरी किया जाएंगा। इस जलभरी कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। उसी दिन से आचार्य जी के नेतृत्व में मंत्रोंच्चारण के साथ अखंड प्रारंभ किया जाएगा जो 51 दिवसीय होगा। इसको लेकर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

### वनविगहा में 12 जनवरी को होगा महिला फुटबॉल मैच

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** समाजसेवी स्व.मुनारिक यादव के 14वीं पुण्यतिथि पर मुनारिक यादव मेमोरियल क्लब की ओर से 12 जनवरी सोमवार को वंनविगहा खेल मैदान में कलकत्ता बनाम रांची महिला टीम के बीच फुटबॉल मैच व दौड़ प्रतियोगिता होगा। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। इसकी जानकारी आयोजन समिति के रंगनाथ यादव,भोला यादव, रमन यादव, अशोक कुमार, नरेंद्र यादव,आमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दी। रंगनाथ यादव ने बताया कि फुटबॉल मैच में मुख्य अतिथि राजद नेत्री सीमा कुशवाहा होंगे।

### 10 जनवरी को होगी न्यायमित्रों की बैठक



**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 10 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे जिला विधिज्ञ संघ परिसर में जिले के सभी न्यायमित्रों की एक अत्यावश्यक बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें नियत फीस वृद्धि सहित विभिन्न ज्वलंत विषयों पर चर्चा की जानी है। इसकी जानकारी जिला न्यायामित्र संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा ने दी है। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में सभी की उपस्थिति एवं सुझाव भी आवश्यक है।

## अलपा में लगा पशु बांझपन निवारण जागरुकता शिविर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के अलपा गांव में डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग बिहार सरकार के सात निश्चय फेज 2 की ओर से बेहतर पशु प्रबंधन को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालक किसानों को आधारभूत व्यवस्था के तहत पशु बांझपन निवारण की जानकारी दी गई। शिविर में दर्जनों पशु पालक किसान शामिल हुए। जिला पशुपालन पदाधिकारी डा . श्याम किशोर ने पशुपालकों को पशु बांझपन निवारण के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए गाय हो या भैंस पशुओं को मौसम के अनुसार खान-पान दें। दुधारू पशु को खासकर खान- पान पर ध्यान ज्यादा देना होगा। आज हरा चारा जरूरी हो गया है। प्रति दिन नमक जानवरों को उसके भोजन में जरूर दें अगर नमक नहीं देंगे तो बिमारी का खतरा बढ़ जाता है। जानवरों के साथ किसी तरह कि परेशानी नजर आए तो तुरंत पशु अस्पताल में संपर्क करें। डा. श्याम किशोर ने पशुपालकों को बांझपन के बारे कई टिप्स भी बताया।

## ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ट्रेन की चपेट में आने से औरंगाबाद के एक व्यक्ति की झारखंड के करकट्टा में मौत हो गई। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के पटवा टोली निवासी डोमन चौधरी के 45 वर्षीय पुत्र रामप्रवेश चौधरी के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक किसी कार्य के लिए रामप्रवेश करकट्टा गए हुए थे जहां संभवतः ट्रेन पकड़ने या उतरने के दौरान वह अनियंत्रित होकर ट्रैक पर गिर पड़े और ट्रेन की चपेट में आने से बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया।

## विद्यालयों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने शहर स्थित कन्या उच्च विद्यालय एवं आरबीआर +2 उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार सहित शिक्षकों ने विधायक का अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय का संचालन पूरी तरह सुचारू, अनुशासित एवं छात्र-छात्राओं के हित में होना चाहिए। उन्होंने विद्यालय भवन, कक्षाओं की स्थिति, पुस्तकालय, पेयजल, शौचालय तथा छात्राओं के लिए उपलब्ध अन्य बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और विद्यालयों की समस्याओं की जानकारी ली। विदित हो कि विधायक स्वयं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हैं। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि कमरों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जो चिंता का विषय है। साथ ही विद्यालय की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र मुक्त कराने का निर्देश दिया। कन्या उच्च विद्यालय में स्थान की कमी से उत्पन्न समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने अंचलाधिकारी से मोबाइल पर बात कर धर्मशाला के पीछे स्थित खाली आम गैरमजरूआ भूमि से संबंधित कागजात उपलब्ध कराने को कहा, ताकि विद्यालय विस्तार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विद्यालय संचालन में आ रही सभी व्यावहारिक कठिनाइयों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। वहीं आरबीआर +2 उच्च विद्यालय में निरीक्षण के दौरान विधायक ने बीएड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता बनाए रखने की बात कही।

## रफीगंज प्रखंड से तीन लोगों को मनोनीत किया गया विधायक प्रतिनिधि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा जनता के कार्यों को निपटारा करने के लिए रफीगंज प्रखंड से तीन लोगों को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। विधायक द्वारा जारी पत्र के माध्यम से कासमा थाना क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी स्वर्गीय नेम नारायण सिंह के पुत्र विनोद कुमार सिंह, अहमदपुर निवासी राम विष्णु चौधरी के पुत्र भोला चौधरी एवं नीमा वाजीत गांव निवासी सरजू सिंह के पुत्र उमेश पासवान को नगर पंचायत, बाल विकास परियोजना, विद्युत विभाग सहित अन्य कार्यों को देखरेख एवं निगरानी करने हेतु विधायक प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया गया है। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बिहार सरकार जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रही है उनको जमीन पर उतरने के लिए रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा प्रतिनिधि के रूप में दायित्व दिया गया है। भोला चौधरी ने बताया कि रफीगंज में भ्रष्टाचार मुक्त जनता की कार्य होगी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास हम लोगों द्वारा किया जा रहा है। उमेश पासवान ने कहा कि विधायक की अनुपस्थिति में प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौका हम लोगों को मिला है हम लोग इमानदारी पूर्वक जनता की कार्य को करेंगे।

## विधायक प्रकाश चंद्रा का ओबरा में नागरिक अभिनंदन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेल रोड ओबरा के मां लक्ष्मी बैंक्विट हॉल में ओबरा ग्रामवासियों की ओर से नव निर्वाचित विधायक डॉ प्रकाश चंद्रा का भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद ने की, जबकि मंच संचालन सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता अजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ प्रकाश चंद्रा द्वारा फीता काटकर तथा जदयू नेता विश्वनाथ सिंह, शंभू प्रसाद, गोविंद अग्रवाल, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष संजय सोम, विनय जायसवाल, इंदल यादव, विनोद कुमार और अरविंद शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह के मुख्य आयोजक वरीय राजनीतिज्ञ सह पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद, गोविंद अग्रवाल मुखिया प्रतिनिधि ओबरा, विजय शौंडिक, सुबोध अग्रवाल, विनय जायसवाल, मणि गुप्ता और पुष्कर अग्रवाल ने आगंतुक अतिथियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार, पूर्व रेलवे प्रबंधक अरविंद कुमार शर्मा, विभूति नारायण सिंह, बबलू शर्मा, अर्जुन यादव, इंदल यादव सहित अन्य वक्ताओं ने नव निर्वाचित विधायक को शुभकामनाएं और बधाई दी। वक्ताओं ने कहा कि ओबरा विधानसभा क्षेत्र की जनता और मतदाताओं की जो अपेक्षाएं हैं, उन्हें डॉ प्रकाश चंद्रा अवश्य पूरा करेंगे। पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद, गोविंद अग्रवाल और सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता अजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ प्रकाश चंद्रा पिछले दो दशकों से जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति सदैव तत्पर रहे हैं। इसी से प्रभावित होकर मतदाताओं ने दलगत और जातिगत सीमाओं से ऊपर उठकर उन्हें बड़े पैमाने पर मतदान कर जनप्रतिनिधि चुना है। इस अवसर पर विधायक डॉ प्रकाश चंद्रा ने कहा कि आम जनता और मतदाताओं ने जिस आशा, उम्मीद और भरोसे के साथ उन्हें जनप्रतिनिधि बनाया है, उस विश्वास को उन्होंने पहले भी पूरा करने का प्रयास किया है और आगे भी करेंगे।

## बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के नेताओ ने दिवंगत शिक्षक नेता वृजनन्दन बाबू को दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मध्य विद्यालय मखदुमपुर में बिहार के महान शिक्षक नेता बृजनंदन बाबू के निधन पर शोक सभा आयोजित कर उनके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। शोक सभा का आयोजन सागरपुर मध्य विद्यालय विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कि गई। मौके पर जुटे शिक्षक संघ के तमाम नेताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा, पूर्व प्रधानाध्यापक राम प्रवेश प्रसाद, उप प्रधान सचिव अरविंद शर्मा, उप प्रधान सचिव शिव जन्म प्रसाद, मखदुमपुर अंचलाध्यक्ष (पूर्वी) अनिल कुमार, मखदुमपुर अंचलाध्यक्ष (पश्चिम) नागेंद्र कुमार, अंचल सचिव मखदुमपुर अशोक कुमार सहित शिक्षक संघ के तमाम नेता उपस्थित रहे । मौके पर जूटे शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षक नेता बृजनंदन बाबू की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार ने स्वर्गीय बृजनंदन बाबू को शिक्षक समुदाय का अनुभवी अभिभावक बताते हुए शिक्षकों के लिए उनके संघर्ष और योगदान को याद करते हुए उन्हें शिक्षकों के कुशल नेतृत्वकर्ता और महान शिक्षाविद् बताया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर निकाली गई मोटरसाइकिल रैली




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य परिवहन विभाग, बिहार सरकार तथा जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान मे जिला परिवहन कार्यालय, जहानाबाद द्वारा जनवरी माह मे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अनेको गतिविधियों को आयोजित कर सड़क के मानकों से आमजनों को रूवरु कराया जा रहा है। इसी क्रम मे गुरुवार को अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम श्री तेज नारायण राय द्वारा कारगिल चौक से मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया तथा मोटर साईकिल रैली मे शामिल लोगों को सडक सुरक्षा के मानकों की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा सडक सुरक्षा माह के अवसर पर जन जन तक सड़क सुरक्षा हेतु प्रशासन द्वारा ज़ारी गाईड लाइन की जानकारी देने हेतु जागरूकता रथ का भी परिचालण कर लोगों को जागरूक किया गया।

अपर समाहर्ता द्वारा मोटर साईकिल रैली मे शामिल लोगों को शपथ भी दिलाया गया। साथ ही इस दौरान सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी लोगों साझा की गई। लोगों को साइनेज को देख कर पथ पर वाहन चलाने की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि जन जन को सडक सुरक्षा की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ का परिचालक 6 जनवरी, 2026 से दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक जहानाबाद जिले के सभी पंचायत/टोलों में किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर 3 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 तक सड़क सुरक्षा से संबंधित अनेकों गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर सिविल सर्जन, जहानाबाद डॉ. मीना कुमारी, वरीय उप समाहर्ता, होमा इरफ़ान, वरीय उप समाहर्ता नेहा, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी करिश्मा सिंह, मोटर यान निरीक्षक ब्रजकिशोर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं परिवहन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# सड़क, स्वास्थ व किसानों के लिए करेंगे बेहतर कार्य : मंत्री

## गन्ना मंत्री ने किया क्षेत्र भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के डफरपुर पंचायत के टेकनपुरा में स्थानीय विधायक सह बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार का नागरिक अभिनंदन समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया सुनैना देवी ने की। इस अवसर पर मंत्री का बैंड बाजा फूल माला से भव्य अगवानी किया गया। समारोह में मंत्री श्री कुमार ने बताया के क्षेत्र के विकास के लिए सभी सार्थक प्रयास किए जाएंगे। बखरी विधानसभा मेरी मां है। मैं सेवक के रूप में क्षेत्र का बिना भेदभाव, शिक्षा स्वास्थ्य सड़क एवं किसानों के हित में बेहतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर टेकनपुरा ग्रामीणों के तरफ से बुढी गंडक नदी बांध पर सड़क बनाने, किसानों को जबरन दुकानदार से नैनो यूरिया के लिए दबाव बनाने का मुद्दा उठाया गया। इस कार्यक्रम से पूर्व मंत्री का काफिला समसा के पूर्व पंचायत समिति सदस्या के निधन उपरांत उनके परिजनों से भेंट शोक संवेदना व्यक्त किया। विष्णुपुर पंचायत के सैदपुर में पूर्व मुखिया केसरी नंदन मिश्रा से आत्मीय मुलाकात, देवपुरा के सुधीर कुमार का गुजरात में सड़क हादसे में आकस्मिक निधन पर पीड़ित परिजनों से एवं मनेरपुर में एक किशोर के हत्या उपरांत उनके परिजन अवधेश पासवान से तथा नावकोठी के पूर्व वार्ड सदस्य चिंटू सिंह एवं हसनपुर बागर में भाजपा कार्यकर्ता अजीत सिंह से छतौना के पूर्व मुखिया जयराम महतो से आत्मीय मुलाकात कर समस्याओं से रुबरूहुए। इस दौरान एपीएचसी देवपुरा का निरीक्षण किया तथा विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। इस अवसर पर लोजपा जिलाध्यक्ष प्रेम पासवान, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष मो अहसन, युवा लोजपा के जिलाध्यक्ष अजय टाइगर, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश सिंह, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय, घाघरा मुखिया नंदकिशोर तांती, मुखिया योगेंद्र राय, ई रंजीत कुमार पमपम, कन्हैया कुमार, असगर इमाम, हरिनंदन जायसवाल, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

## घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनपुर दियारा गांव के वार्ड संख्या 14 निवासी विनोद सिंह के एक फुस के घर में आग लगने से लाखों से अधिक का हुआ नुकसान। परिजनों ने बताया कि बुधवार की देर रात लगभग एक बजे ही फुस के घर में पालतू पशुओं को ठंढ से बचाने हेतु अलाव जलाया था जिसके बाद बकरी के पैरों से अलाव की चिंगारी छिटक कर बगल के टाटी से सट गया और अचानक ही आग लग गई, जिसमें एक गाय झुलस गई तथा दो बकरी और उसके चार बच्चे झुलस कर मर गई। इतना ही नहीं अंदर रखे कपड़ा अनाज नकद राशि भी जल गई, वहीं आग बुझाने के दौरान विनोद सिंह एवं उनकी पत्नी सीमा देवी भी झुलस गई जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आंगनबाड़ी एवं आशा कर्मियों का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत नावकोठी ई किसान भवन में गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्प्रभावों और इसकी रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गयी। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं आशा वर्कर्स को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों, कानूनी प्रावधानों और समुदाय स्तर पर जागरूकता फैलाने के तरीकों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता शारदा कुमारी ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरंतर निगरानी और व्यापक जन जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सरकार ने 18 साल से कम उम्र के लड़की तथा 21 साल से कम उम्र के लड़के की शादी को कानूनन अपराध माना है। इसके लिए अपने अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे अहम है, क्योंकि वे सीधे परिवारों और बच्चों से जुड़ी होती हैं। इस अवसर पर न्यायमित्र राज दीपक गुप्ता, महिला पर्यवेक्षिका कुमारी कृष्णा, शालिनी कुमारी, हेमलता कुमारी, सुनीता कुमारी, संजीत कुमार सहित सेविका मीना कुमारी, रोजी खातून, शकीला बेगम, कमरून निशा बेग, मधुरानी, बुलबुल कुमारी, राजकुमारी, ममता कुमारी, रंजु कुमारी, निर्मला कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

### बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी।** परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में गुरुवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्जन डा शोभा रानी ने 12 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हीमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। अपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया। मौके पर डा रश्मि प्रिया, फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी,सदानंद भारती, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# हथियार के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** थाना क्षेत्र के गोखले नगर बिष्णुपुर दियारा में छापेमारी कर गुरुवार को पुलिस ने कई आपराधिक मामले का आरोपी मुरारी कुमार सिंह को अबैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। थाना के पुलिस पदाधिकारी एवम सशस्त्र पुलिस बल गोखले नगर बिष्णुपुर स्थित प्रमोद सिंह के पुत्र मुरारी कुमार सिंह के घर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके घर से दो देशी कट्टा, 21 जिंदा कारतूस एवम एक पीतल का चीलम बरामद हुआ। आरोपी मुरारी सिंह घर से फरार पाया गया। मुरारी सिंह की पत्नी से पूछताछ करने पर बताया गया कि यह हथियार मेरे पति मुरारी कुमार सिंह की है। आरोपित के गिरफ्तारी को लेकर सघन छापेमारी अभियान चलायी जा रही थी। बढ़ते पुलिस दबिश को देख आरोपी मुरारी सिंह बलिया थाना पर पहुंचकर आत्म समर्पण किया। जिसे पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर अग्रेतर करवाई के लिए बेगूसराय भेज दिया। उक्त संबंध में थानाध्यक्ष बिकास कुमार राय ने बताया की पुअनि बिनोद कुमार, पुअनि चंद्रभूषण सिन्हा व पुलिस बल ने छापेमारी किया। गिरफ्तार आरोपी का पूर्व का आपराधिक इतिहास बलिया थाना में दर्ज है जिसमे वर्ष 2025 में आर्म्स एक्ट एवम 2022 में चोरी व मारपीट का मामला दर्ज है।

## किसानों की उमड़ी भीड़

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में ई केवाईसी के लिए किसानों की भीड़ शिविर में जुट रही है। जमीन का आनलाइन रसीद के अभाव में किसानों को इधर उधर दौड़ना पड़ रहा है। गुरुवार को ई किसान भवन स्थित पंचायत किसान कार्यालय में किसान जुटे। किसानों में कुणाल कुमार, शंभू प्रसाद चौधरी, अरूण कुमार चौधरी सहित अन्य किसानों ने बताया कि ई केवाईसी कार्य के लिए आवश्यक कागजात के साथ आये है। किसान सलाहकार श्रवण कुमार एवं राजस्व कर्मचारी भी शिविर में मौजूद थे।

## यूआईडी कार्ड बनाने को लेकर शिविर आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के दिव्यांग जनों का शत प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु पीएचसी नावकोठी में विशेष शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस शिविर में कुल 62 दिव्यांग जनों का परीक्षण किया गया। इसमें 48 अस्थि दिव्यांग तथा 14 नेत्र दिव्यांग थे। इन दिव्यांग को यूडीआईडी कार्ड निर्गत किया जाना है। मौके पर आर्थोघ डा कुमारघ दिवाकर, नेत्र सहायक बबलू कुमार, फिजिशियन डा राजीव रंजन चौधरी, डा नीतिन कुमार, कार्यपालक सहायक रवि, पंकज प्रसाद सिंह, विकास मित्र मुकेश कुमार, अर्जुन रजक आदि मौजूद थे।

# कोईलवर में बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई, एक श्रमिक विमुक्त

## धावा दल की संयुक्त टीम ने कोईलवर और आरा-पटना हाईवे पर की छापेमारी, नियोजक पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बाल श्रम उन्मूलन के तहत भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड में बड़ी कार्रवाई की गई है। एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर, श्रम संसाधन विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया और संबंधित नियोजक के खिलाफ कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान बाल श्रमिक बाबा मिष्ठान भंडार सकड्डी मेन रोड आरा पटना हाईवे से विमुक्त कराया गया। उस के बाद उन्हें विधि अनुरूप बाल



कल्याण समिति, भोजपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विमुक्त कराए गए बाल श्रमिक के नियोजक राजकुमार राज के खिलाफ बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस कार्रवाई टीम में सुगीता कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कोईलवर, सौरव कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अगिआंव प्रभार संदेश, सृष्टि कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बड़हरा, ऋषिका कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चरपोखरी, संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर के प्रतिनिधि रजत कुमार तथा स्थानीय पुलिस बल शामिल थे। यह अभियान जिले में बाल श्रम समाप्त करने और बाल अधिकारों को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दिशा एक प्रयास संस्था ने कहा कि यह कार्रवाई बच्चों के सुरक्षित भविष्य, शिक्षा के अधिकार और शोषण मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संस्था आगे भी प्रशासन के साथ मिलकर ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रखेगी।

# संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा समाहरणालय पर अपनी मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन धरना गुरुवार को सम्पन्न हुआ। गुरुवार को धरनार्थियों को संबोधित करते हुए सेंट्रल कोअपरेटिव बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने फरवरी में किसानों का विशाल महापंचायत आहुत करने की घोषणा की है। इस अवसर पर मटिहानी के पूर्व विधायक राजकुमार सिंह ने धरनार्थियों को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि पटना में सरकार के स्तर पर बातचीत कर बेगूसराय में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य बढ़ाया जाएगा। इसके लिए मैं पहल करूंगा। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि भगवान कृष्ण ने दुर्योधन को समझाने और पांच गांव मांगने गए थे। संयुक्त किसान मोर्चा भी अपने पांच मांगों को लेकर डीएम से गुहार लगाने आए थे। मगर इन्होंने अनसुनी दी है। भगवान राम ने लंका जाने हेतु समुद्र से तीन दिनों




तक पथ मांगा था। अन्त में लक्ष्मण को बाण उठाना पड़ा। बेगूसराय में 50000 किसानों की विशाल महा पंचायत आयोजित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के सभी राष्ट्रीय नेता भी उसमें शामिल होंगे। इसके लिए गांव-गांव गुहार लगाने और 5 लाख सहकारिता के सदस्यों को जगाने का काम किया जायेगा। स्वच्छ बेगूसराय के लिए कम से कम 10 करोड़ वृक्षारोपण की मांग उन्होंने सरकार से की। धरनार्थियों को निदेशक मंडल के सदस्य संजीव पासवान, भूषण महतो, पैक्स अध्यक्ष अनुराग आनंद, राजेश कुमार सिंह, राम शंकर सिंह, सिकंदर चौधरी, उमेश सिंह, रामचरित्र महतो, बलवंत कुमार, श्याम नंदन चौधरी, यदुवंश नंदन राय, रामनरेश राय, मुकेश कुमार, अशोक महतो, सुबोध कुमार, अखिलेश कुमार, बालकृष्ण यादव, दीपक कुमार, राजीव कुमार देव तथा किसान नेता आत्मा अध्यक्ष राम विनोद महतो, शंकर सिंह बुलेट, राजेंद्र पोद्दार, संतोष कुमार ईश्वर, रामविलास पासवान ने धरनार्थियों को संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष गौरीशंकर राय और मंच संचालन राम नरेश महतो ने की।

# युवक ने की खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के नरहरिपुर गांव में बुधवार की शाम एक युवक ने घर में गले में फंदा डाल कर आत्महत्या कर लिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान नरहरिपुर निवासी फूचो सिंह के 23 वर्षीय पुत्र सत्वेश कुमार के रूप में की गई। घटना की सूचना पाकर एएसआई अभिषेक रंजन के नेतृत्व में पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया है। घटना का कारण प्रथम दृष्टया पति-पत्नी का विवाद बताया जाता है। ज्ञात हो युवक ने दो महीने पूर्व लव मैरिज शादी किया था। शादी के कुछ ही दिनों बाद उसकी पत्नी घर की सभी नगदी एवम जेवरात लेकर फरार हो गई। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# जिले सभी विद्यालय 10 जनवरी तक रहेंगे बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने दस जनवरी तक के लिए सभी विद्यालय को बंद रखने की घोषणा की है। बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक आदेश जारी किया गया है। ठंड के कारण बच्चों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की संभावना को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, प्री-स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों सहित, कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियाँ 10 जनवरी तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। वहीं कक्षा 9 से 12 तक की शैक्षणिक गतिविधियाँ केवल सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच ही संचालित की जा सकेंगी। बोर्ड एवं प्री-बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विशेष कक्षाओं एवं परीक्षाओं को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है।आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन केवल बच्चों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने हेतु दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। यह आदेश दिनांक 09 जनवरी से प्रभावी होकर 10 जनवरी तक लागू रहेगा। जिला दण्डाधिकारी द्वारा सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त आदेश के अनुरूप अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण सुनिश्चित करें। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आदेश के सख्त अनुपालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी थाना अंतर्गत एन एच 28 पिपरा देवस के पास बुधवार की रात अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही बरौनी इंस्पेक्टर विकास कुमार रंजन, एसआई आलोक कुमार घटनास्थल पर पहुंच घायल बाइक चालक को ईलाज हेतु बरौनी पीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बाइक सवार चालक के पैकेट से मिले आधार कार्ड से सूचना परिजनों को दी गई। मृतक बाइक सवार की पहचान दलसिंहसराय निवासी ग्राम पगरा निवासी लाल राय का करीब 30 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में किया गया। घटना की सूचना पाते ही परिजन रात में ही सदर अस्पताल पहुंच गए। वही मृतक का छोटा भाई ने बताया कि सूरज कुमार मंझौल में मिक्सर प्लांट के मिस्त्री का काम करते थे काम करके घर जाने के क्रम में पिपरा देवास में एक्सीडेंट हो गया सूचना मिला तो हम लोग सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक उसकी पत्नी नेहा कुमारी ने बताया कि वे दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर चले गए। मृतक को तीन वर्षीय पुत्र कन्हैया कुमार, पांच वर्षीय पुत्री लाडो कुमारी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

# जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय बाजार में गुरुवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन स्थानीय विधायक सह मत्स्य समाधान मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने फीता काटकर उद्घाटन किया। केंद्र के संचालक प्रशांत कुमार उर्फ ललित कुमार ने बताया कि इस केंद्र के खुलने से लोगों को जेनरिक दवाई उचित मूल्य पर मिलेगी।इससे उन्हें सहूलियत होगी। अब लोगों को जेनरिक दवाई के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। यहां सर्जिकल सामग्री समेत 1900 से अधिक किस्म की दवाएं उपलब्ध होगी। मौके पर पूर्व मुखिया जय प्रकाश सिंह, अमलेश कुमार उर्फ चुन्नू, अशोक सिंह, रामजीवन राय, अमित कुमार उर्फ गुड्डू, विश्वनाथ महतो, रामप्रकाश महतो आदि उपस्थित थे।

# धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आज खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 के लिए धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, भागलपुर सतीश कुमार मिश्रा द्वारा अवगत कराया गया कि भागलपुर जिले में अभी तक 14300 मेट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति कर ली गई है। धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य घटकर 37285 मैट्रिक कर दिया गया है जो पूर्व में



40000 मेट्रिक टन था। उन्होंने बताया कि आगामी 28 फरवरी तक क अधिप्राप्ति करना है। अभी तक लगभग 2700 किसानों से धान के अधिप्राप्ति की गई है और 89% किसानों को भुगतान भी कर दिया गया है। इधर जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने कहा कि जिन पैक्स का प्रदर्शन अच्छा रहेगा, उनका कोटा कम प्रदर्शन करने वाले पैक्स से काटकर बढ़ाया जाएगा। जबकि वैसे पैक्स जो अपने दिए गए लक्ष्य से 20% से भी कम अधिप्राप्ति किए हैं। उनसे कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया गया है। 9 दिसंबर को बाजार समिति बागबाड़ी में 1:00 बजे तक में जिलाधिकारी द्वारा सीएमआर की आपूर्ति एस एफ सी को करने का शुभारंभ किया जाएगा।

# सांसद के सौजन्य से शिवाजीनगर में व्हीलचेयर व सिलाई मशीन का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड में सांसद शांभवी के सौजन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रम के तहत व्हीलचेयर एवं सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शिवाजीनगर को एक व्हीलचेयर प्रदान की गई, जिससे अस्पताल में आने वाले दिव्यांग एवं असहाय मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। वहीं सामाजिक सरोकार के तहत मनीषा कुमारी पति



स्वर्गीय मुकेश राम को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन प्रदान की गई कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सांसद के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली व्हीलचेयर से मरीजों को इलाज के दौरान आवागमन में सुविधा मिलेगी, जबकि सिलाई मशीन मिलने से लाभार्थी महिला को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकेंगी। इस कार्यक्रम में प्रखंड चुनाव प्रभारी अशोक पटेल, सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, रोसड़ा विधानसभा आईटी सेल सह मीडिया संयोजक नवीन कुमार सिंह, मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष माधव झा, रामप्रसाद सिंह, विक्रम कुमार चौधरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. कुमार अमित, मैनेजर अमानुल्ला एवं मीरा देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे अंत में उपस्थित लोगों ने माननीय सांसद के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों से क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलता रहेगा।

# पिता ने पुत्र को कट्टा, गोली के साथ भिजवाया जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना पुलिस ने बड़का लौहर गांव से एक युवक को दो गोली और एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक सत्रुघ्न सिंह उर्फ मूसा सिंह है। वह बड़का लौहर निवासी पप्पु सिंह उर्फ अंगद सिंह का पुत्र है। इस संबंध में स्थानीय निवासी सिद्धनाथ सिंह के पुत्र पप्पु सिंह उर्फ अंगद सिंह ने अपने ही पुत्र पर मारपीट, गाली-गलौज समेत अन्य आरोप लगा बड़हरा थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए आरोपी के पास से दो गोली और एक देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। इधर, बड़हरा थाना प्रभारी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि पुलिस आरोपी के पूर्व में संलिप्त मामलों की जांच पड़ताल में जुटी है।

## मुसहर परिवारों को उजाड़ने की साजिश नहीं चलेगी : माले

**बेगूसराय।** माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा कि मंझौल पंचायतद्द3 के जयमंगला गढ़ मुसहर टोला को खाली कराने का एसडीओ मंझौल एवं चेरिया बरियारपुर के बीडीओ का आदेश घोर अमानवीय, असंवैधानिक और गरीब-विरोधी कदम है। लगभग 300 मुसहर परिवार पिछले 90 वर्षों से अधिक समय से यहां निवास कर रहे हैं। जिन्हें बुलडोजर की धमकी देकर उजाड़ने की कोशिश लोकतंत्र और सामाजिक न्याय पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह टोला कोई अवैध बस्ती नहीं है। स्वतंत्रता के बाद प्लेग महामारी के समय तत्कालीन आईसीएस एसडीओ ओमर साहब ने हरिजन सेवक संघ के मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी रामखेलावन शास्त्री के नेतृत्व में सरकार की ओर से मुसहरों के लिए पक्के ईंट और खपड़ैल छत वाले मकानों का निर्माण कराया था। जिन परिवारों को तत्कालीन प्रशासन ने बसाया, आज उन्हीं के वंशजों को उजाड़ने की कोशिश शर्मनाक है। चंद्रदेव वर्मा ने कहा कि 2 जनवरी को अधिकारियों द्वारा खाली करने का आदेश देना और 4 जनवरी को उजड़ने वाले परिवारों का सर्वे कराना यह साबित करता है कि प्रशासन बिना वैकल्पिक पुनर्वास और बिना कानूनी प्रक्रिया के एक पूरी बस्ती को खत्म करना चाहता है।


**ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा | Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in**

**ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

*e-Tender reference no. 28/2025-26/EE/BCD/GARHWA*

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथ | ई–निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Proposed Construction of 50 Bedded Hostel for Madarsa Darul-Ulum-Gosai Nuria Minority, Block- Dhurki, Dist-Garhwa. | ₹2,95,77,300.00 | ₹ 2,95,800.00 | ₹ 10,000.00 | 16.01.2026 | 24.01.2026 | 27.01.2026 | 11 माह | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची, लिंक टेंक रोड, पिन कोड–834001 |

नोटः– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
3. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पावति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेंगे।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
5. विस्तृत जानकारी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 370310 Building (25-26)_D

# विस्फोटकों की सूचना मिलते ही सिविल कोर्ट कैंपस कराया गया खाली

## चलाया गया सघन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**






**मसौढ़ी।** मसौढी सिविल कोर्ट समेत विभिन्न कोर्ट कैंपस में आरडीएस रखने की एक बार फिर से मेल से सूचना आने पर कोर्ट कैंपस को आनन-फानन में खाली कराया गया है। दरअसल यह सूचना गुरुवार को 11:00 बजे पटना हाई कोर्ट के डीजे के मेल पर आई थी, सूचना मिलते ही सभी कोर्ट कैंपस को आनन फानन में खाली कराया गया है। उसके बाद स्थानीय पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम आकर पूरे कैंपस की तलाशी अभियान चलाई गई है। बम की सूचना मिलने की यह घटना तीसरी बार है। सबसे पहले जून महीने में यह खबर मिली थी उसके बाद अक्टूबर महीने में और इस बार जनवरी महीने में बम होने की सूचना मिली है। आरडीएक्स मिलने की सूचना से हर कोई के दहशत मे दिखे। गौरतलब है कि मेल पर आई सूचना मे लिखा गया है की तमिलनाडु के कांस्टेबलों को निवेथा पेयूराज और अन्य डीएमके की रखैलों के कपड़े और गंदे बर्तन साफ करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कई लोगों को इस वजह से अपमान और दस्त की समस्या हुई है। इसलिए, पूर्व एलटीटीई सदस्यों ने आजाद कश्मीर पाक सदस्यों के साथ मिलकर इस प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने और तमिलनाडु में कांस्टेबलों के लिए 1979 के नैनार दास पुलिस यूनियन की सिफारिशों को लागू करवाने के लिए आज आपकी कोर्ट को निशाना बनाया है। हमारी मांगों को सुनाने का हमारे पास कोई और रास्ता नहीं है, माफ़ करें। इसके अलावा उन्होंने लिखा है की ए-4 आरडीएक्स का इस्तेमाल करके बनाए गए 3 पहले ही कोर्ट बिल्डिंग में आहम जगहों पर रख दिए गए हैं। 1 या 2 सदस्य लंच के समय कोर्ट ब्रांच के करीब आएंगे और जब रिमोट कंट्रोल ट्रिगर ले जा रहे सदस्य परिसर के 100 फीट के दायरे में आएंगे तो आरडीएक्स अपने आप फट जाएंगे। अगर किसी वजह से वे एक्टिवेट नहीं होते हैं, तो सदस्य खुद बिल्डिंग के अंदर आएंगे और श्रीलंका के ईस्टर ऑपरेशन की तरह सभी स्टाफ और ग्राहकों के साथ खुद को उठा लेंगे। बहरहाल सिविल कोर्ट मसौढी के अभियोजन पदाधिकारी भरतजी ने बताया कि धमकी भरे मेल मिलने पर एहतियात बरतते हुए सभी कोर्ट कैंपस में सुरक्षा बलों को की सक्रियता बढ़ा दी गई है और पुलिस को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है सभी जगह पर सघन तलाशी अभियान चलाई जा रही हैं।

# कार से 25 बोरियों में भरी 1500 लीटर शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पिपरा थाने की पुलिस ने बीते बुधवार की देर रात को थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के समीप छापेमारी करते हुए एक सफ़ेद रंग की विक्टा कार से 25 बोरियों में भरे हुए तकरीबन 1500 लीटर देसी शराब को जप्त किया है। इसके साथ ही शराब सप्लायर को भी गिरफ्तार किया गया है। इतने बड़े पैमाने पर देसी शराब की सप्लाई करने के दौरान पिपरा पुलिस ने रंगे हाथ दबोच लिया है। गिरफ्तार युवक नाम सोनू कुमार पिता संजय मिस्त्री, रामधनी पुर बेईमान टोला मुसहरी, गोपालपुर का निवासी है। जो नौबतपुर की से अधिकता कर में शराब भरकर ला रहा था जिसे लोदीपुर के समीप है गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार शराब सप्लायर से पूछताछ की जा रही है। की बड़े पैमाने पर देसी शराब की खेप कहां डिलीवरी करने जा रहा था और यह शराब किसे देना था, बहरहाल पुलिस पूरे मामले की बिंदुवार जांच पड़ताल में जुटी है।

# हत्या का केस उठाने को लेकर जान से मारने की दे रहा था धमकी, गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जगपुरा बिगहा गांव में हत्या का केस में नामजद आरोपी के द्वारा लगातार केस उठाने की धमकी पीड़ित महिला को दी जा रही थी ऐसे में अंजू देवी पति स्वर्गीय उदल कुमार ने एक बार फिर से मसौढी थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दरअसल बताया जाता है कि बीते 27.9.2025 को अपने बेटे की हत्या के मामले में जगपुरा गांव के रहने वाले संजय कुमार पिता राम जी प्रसाद पर हत्या की केस का दर्ज करायी थी, जहाँ केस दर्ज होने के बाद लगातार आरोपी पक्ष की ओर से केस उठाने की धमकी दी जा रही है जिसको लेकर दिसंबर महीने में भी पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी, इसके अलावा गुरुवार को भी शराब के नशे में आकर घर में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था उसी वक्त पुलिस को सूचना दी गई जहां शराब के नशे में उसे गिरफ्तार किया गया है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रेल अधिकारियों को आज...

और उपलब्धियों को मान्यता दी जाएगी। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में वे कर्मी भी शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ जैसे विशाल आयोजनों के दौरान सुरक्षित एवं निर्बाध रेल परिचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कठिन परिस्थितियों में निर्बाध रेल सेवाएं और जन राहत सुनिश्चित करने वाले अधिकारी तथा चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में उन्नत बैलास्ट क्लीनिंग मशीनों की शुरुआत कर ट्रैक सुरक्षा, यात्रा गुणवत्ता और दीर्घकालिक रखरखाव दक्षता में सुधार लाने वाले अधिकारी भी शामिल हैं। यह पुरस्कार समारोह भारतीय रेल की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसके तहत समर्पण, पेशेवर दक्षता और उत्कृष्ट सेवा को सम्मानित किया जाता है तथा एक सुरक्षित, अधिक कुशल और यात्री-केंद्रित रेल प्रणाली के निर्माण में इसके कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का उत्सव मनाया जाता है।

### बिहार की विकास दर ...

सांसदों की अनुशंसा पर 261.95 करोड़ की 2914 योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। श्री यादव ने कहा कि षष्ठम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा पर दो हजार पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके पूर्व राज्य योजना अंतर्गत 1162 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत 293 भवनों का निर्माण पूर्ण किया गया है। इस अवसर पर विभाग के प्रधान सचिव मयंक बरबड़े, निदेशक रंजीत कुमार मौजूद थे।

### सड़क हादसे में...

ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। घटना की सूचना मिलते ही उनके पैतृक गांव में मातम छा गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात रोहित कुमार अपनी बुलेट बाइक से डिहरी से सासाराम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर लेरूआ पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोहित कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और धौडाड़ थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। परिजनों को सूचना देने के बाद उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया और शव उन्हें सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### जीरो फैटेलिटी जिलों में...

संबंधी कार्यक्रम और क्षतिग्रस्त क्रैश बैरियर की मरम्मत जैसे बिंदु शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना प्रवण क्षेत्र के रूप में ब्लैक स्पॉट व ग्रे स्पॉट चिन्हित किए गए है। एनएचएआई के अनुसार राज्य में 2022 में 160, 2023 में 145 और 2024 में 114 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए। वहीं पथ निर्माण विभाग ने 2022 में 96, 2023 में 96 और 2024 में 91 ब्लैक स्पॉट की पहचान की। इन स्थानों पर सुधार के लिए तेज मोड़ों को सुरक्षित, साइन बोर्ड, सड़क चौड़ीकरण और बैरिकेडिंग जैसे काम किए जा रहे हैं। ब्लैक स्पॉट सड़क का वह हिस्सा होता है जहां पिछले 3-5 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं और मौतें दर्ज की जाती हैं। इसमें तेज मोड़, खराब डिजाइन वाले चौराहे, अंधेरा क्षेत्र, गड्ढे या बार-बार दुर्घटना वाले स्थान शामिल हैं। इनके सुधार के लिए साइन बोर्ड, सड़क चौड़ीकरण, अंडरपास/ओवरपास निर्माण, मरम्मत, अवैध कट बंद करना, बैरिकेडिंग और जागरूकता अभियान जैसे कदम उठाए जाते हैं।

# खेलने के दौरान कुएं में गिरने से मासूम की मौत

## खाता खुलवाने बच्चे के साथ गई थी बैंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी थाना क्षेत्र के नूरा पंचायत के भखरा गांव में गुरुवार की सुबह में कुएं के पास खेल रहे 3 साल के मासूम बच्चे की डूबने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान आशीष कुमार (3 वर्ष) पिता विवेकानंद पंडित के रूप में हुई है। घटना के वक्त आसपास के लोग दौड़े और कुएं में कूद कर बच्चे के बचाने की काफी कोशिश की उसके बाद निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दरअसल बताया जाता है की भखरा गांव स्थित मध्य बिहार ग्रामीण बैंक में एक जीविका के नए समूह के सदस्य का खाता खुलना था उसी को लेकर कई जीविका दीदी अपना खाता खुलवाने के लिए पहुंचे थे, जिसमें एक घोरहुआं के जिवीका दीदी रूपा कुमारी पति विवेकानंद पंडित है जो अपने तीन साल के बच्चे के साथ बैंक में पहुंची थी उसी दरमियान अपने बच्चों को छोड़कर बैंक के अंदर गई थी और बच्चे खेलने के दौरान कुआं में गिर पड़ा, लेकिन कुआं में गिरने की खबर किसी को पता नहीं चली, बाद में जब अपने बच्चे को खोजने लगी तो आसपास में लोग देखें कि कुआं में गिरा हुआ है तो तो उसके साथ आए रूपा कुमारी के देवर कुआं में कूद कर बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी बहुत ठंड रहने के कारण वह कुआं से बाहर निकल गया, उसके बाद लोहे कुएं के अंदर झगड़ा सिकड़ डालकर बाहर निकाला गया और आनन-फानन में निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया जाए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरा जीविका समूह में इस घटना के प्रति मर्माहत है पीड़ित परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हैं। जीविका कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश ने बताया की घोरहुआं के जीविका दीदी नए सदस्य के रूप में बनी थी और उनका खाता खुलवाने के लिए लोग बैंक में गए हुए थे उसी दौरान यह घटना घटी हैं।

# प्रेस क्लब भवन निर्माण को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढी में पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब भवन निर्माण की मांग एक लंबे अरसे से लंबित रही है। इसके साथ ही अनुमंडल भर के पत्रकारों के बीच प्रेस क्लब बनने का इंतजार भी रहा है। ऐसे में एक बार फिर से अनुमंडलीय पत्रकार यूनियन की ओर से इस दिशा में पहल की शुरुआत कर दी गई है। जिसको लेकर गुरुवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन से मिलकर उन्हें प्रेस क्लब भवन निर्माण को लेकर पत्रकार युनियन की ओर से ज्ञापन सौंप गया। इसके साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने सभी पत्रकार यूनियन को आश्वासन भी दिया है कि जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किया जाएगा और आगामी बोर्ड की बैठक में इस पर प्रस्ताव को लेकर चर्चा की जाएगी। गौरतलब है की इस दिशा में पहल करते हुए जमीन को भी चिन्हित किया जा रहा है। बहरहाल ज्ञापन देने में अनुमंडलीय पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिन्हा, महासचिव अरुण कुमार, सचिव शशि तुलस्यान, संयुक्त सचिव अरविंद कुमार, सह कोषाध्यक्ष मो. शाहनवाज अहमद आदि शामिल रहे।

# हत्या के प्रयास मामले का फरार आरोपित गिरफ्तार

**अथमलगोला (नबिटा संवाददाता)।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हत्या का प्रयास मामले के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि अथमलगोला थाना कांड संख्या 262/25 में सबनिमा निवासी कुणाल कुमार की तलाश थी। जो फरार चल रहे थे। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# अथमलगोला अंचल में 60 किसानों का निबंधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अथमलगोला।** किसानों को डिजिटल पहचान से आच्छादित करने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में फार्मर रजिस्ट्री- किसान की डिजिटल पहचान अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी अपर्णा कुमारी ने बताया कि पंचायतस्तरीय शिविरों के माध्यम से कृषक लाभुकों का क-खड्डए सत्यापन एवं फार्मर रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप विभिन्न सरकारी योजनाओं की अनुदान या लाभ की राशि प्रत्यक्ष रूप से लाभुकों के बैंक खाते में अंतरण की जाएगी। शिविरों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम कृषि समन्वयक या किसान सलाहकार द्वारा ईकेवाईसी की कार्रवाई की जा रही है। तत्पश्चात अंचल या हल्का कर्मचारी द्वारा भूमि संबंधी अभिलेखों का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन उपरांत आवश्यक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर फार्मर आईडी का सृजन किया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्तों का निर्बाध लाभ, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उपज के विक्रय में सुविधा, फसल क्षति की स्थिति में क्षतिपूर्ति तथा अन्य कृषि कल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शी एवं सुगम लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार को करीब साठ किसानों का निबंधन कार्य किया गया। जबकि 130 किसानों का ईकेवाईसी किया गया है।

# फॉर्मर आईडी पंजीकरण में जमाबंदी की गड़बड़ी बनी बड़ी बाधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** किसानों के लिए फॉर्मर आईडी पंजीकरण को लेकर सरकार की ओर से पंचायत स्तर पर चार दिवसीय विशेष शिविर लगाए गए हैं। सरकार का दावा है कि फॉर्मर आईडी बनने से किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। प्रखंड की सभी पंचायतों में कैंप लगाए गए हैं, लेकिन पंजीकरण के दौरान कई तकनीकी और दस्तावेजी समस्याएं सामने आ रही हैं। सर्वर ठीक से काम नहीं करने और जमाबंदी पंजी में खाता-खेसरा प्लॉट बाइज रकवा दर्ज नहीं होने के कारण करीब 90 प्रतिशत किसानों की फॉर्मर आईडी नहीं बन पा रही है। शिविरों में किसानों की भारी भीड़ जुट रही है, लेकिन अधिकांश किसानों की जमाबंदी में केवल खाता दर्ज है। कई मामलों में जमीन का कुल रकवा एक ही जगह दर्ज है, जबकि प्लॉट बाइज रकवा अंकित नहीं है। इसी कारण पंजीकरण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। केवल वही किसान फॉर्मर आईडी बनवा पा रहे हैं, जिन्होंने हाल के दिनों में नई जमीन खरीदी है। लालगंज सेहरा पंचायत के खपुरा स्थित पैक्स गोदाम में लगे शिविर में भी यही स्थिति देखने को मिली। बड़ी संख्या में किसान पहुंचे, लेकिन सर्वर की समस्या और जमाबंदी में खाता-खेसरा बाइज रकवा दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। इस संबंध में पालीगंज अंचल अधिकारी ने बताया कि किसान पहले जमाबंदी का परमार्जिन करा ले उसके बाद फॉर्मर आईडी बनवाए।

# मसौढ़ी अनुमंडल में अब तक 2070 किसानों का केवाईसी और 751 किसानों का बना फार्मर आईडी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## सुविधा

**मसौढ़ी।** कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मिलकर अब हर किसान को एक अलग डिजिटल पहचान देने जा रहे हैं. इस डिजिटल पहचान को फार्मर रजिस्ट्री आईडी नाम दिया गया है. सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और सीधे मिल सकेगा। ऐसे में मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी धनरूआ और पुनपुन प्रखंड के विभिन्न पंचायत में युद्ध स्तर पर विशेष कैंप आयोजित करते हुए किसानों का आईडी बनाया जा रहा है अब तक कुल 2070 किसानों का केवाईसी किया गया है। और 751 किसानों का फार्मर आईडी बनाया गया है। जिसमे मसौढी प्रखंड मे 1047,पुनपुन प्रखंड में 501एवं धनरूआ प्रखंड में 522 है। वही फार्मर आईडी में मसूरी प्रखंड में 207 किसान पुनपुन प्रखंड के 190 किसान और धनरूआ प्रखंड में 354 किसानों का फार्मर आईडी बनाया गया है। शुक्रवार को फार्मर आईडी कैंप का अंतिम दिन है उसके बाद फिर से दूसरे चरण की शुरुआत की जाएगी। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार शाह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आईडी इसलिए जरूरी है ताकि किसानों की सही जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सके. इससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी योजनाओं का लाभ पाने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी. अब कई सरकारी योजनाओं में फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य कर दी गई है. इसलिए जिन किसानों की आईडी नहीं बनेगी, वे भविष्य में लाभ से वंचित हो सकते हैं. किसानों से अपील की है कि 9 जनवरी के बीच अपने पंचायत में लगने वाले कैंप में जरूर पहुंचें और समय रहते ई-केवाइसी व फार्मर रजिस्ट्रेशन पूरा कराएं. यदि तय समय में ई-केवाइसी नहीं कराई गई, तो किसान का नाम लाभार्थी सूची से हटाया जा सकता है।


**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 239_2025-26 और 244_2025-26, दिनांक 05.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 239_2025-26, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित स्थानों में सेस मरम्मत कार्य हावड़ा-बाली कॉर्ड: डाउन कॉर्ड 9.470-10.000 = 668 घनमी, अप कॉर्ड 4.090-4.570=608 घनमी, 5.100-5.980=1349 घनमी, 7.000-8.000=1575 घनमी, 9.000-10.000 = 1680 घनमी, हावड़ा-बाली डीजल इनकमिंग लाइन 0.750-1.150 = 635 घनमी, डीजल शेड इंजन बहार लाइन 0-0.488 = 956 घनमी, डाउन 7.000-8.000 = 1610 घनमी, रिसीविंग लाइन 10-0.784=1435 घनमी, अप एवीडीजी लाइन 2.150-2.750 = 1377 घनमी बाली-बीओसी: डाउन 10.000-14.000=4410 घनमी, अप 10.000-12.000 = 2100 घनमी, 16.000-19.000 = 4410 घनमी, सेवड़ाफुली-गोघाट: डाउन 13.500 17.650=20750 घनमी, 13.728-14.875 =5162 घनमी, एसएल 38.500-38.563 = 284 घनमी, 39.033-41.366=10500 घनमी, 41.895-47.514 =20800 घनमी, 48.150-48.324=783 घनमी, 51.548-58.610 =31780 घनमी, 60.194-62.031=9100 घनमी, 62.493-62.790=1470 घनमी, 62.830-63.230 =1980 घनमी, 63.500 - 64.100=2970 घनमी, 64.180-64.600= 2079 घनमी, 64.800-68.550=18560 घनमी, अप 4.472-4.786=848 घनमी, 13.500-17.650 =20750 घनमी, बैण्डेल-शक्तिगढ़: डाउन 56.000-58.000=9772 घनमी, 67.500-69.000=7500 घनमी, 73.000-73.800 = 4000 घनमी, 79.320-80.690=6703 घनमी, 82.530-84.370=8110 घनमी, 84.780-87.000=11100 घनमी, 88.795-90.800 =9641 घनमी, अप 57.165-58.720=5738 घनमी, 59.430-59.640 =794 घनमी, 61.635-62.550=3459 घनमी, 73.160-74.210=3875 घनमी, 82.790-83.265 =1838 घनमी, 88.160-88.530=1499 घनमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 8,01,00,134.23, **बयाना राशि:** रु. 5,50,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :**12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 244_2025-26, कार्य का विवरण :** सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, हुगली, सिंगुर, बाहिरखंड, तालपुर, तकीपुर, तारकेश्वर, हरिपाल, बिष्णुपुर, जीएनजेपी, मैनापुर, मायापुर, आरामबाग और गोघाट स्टेशनों पर गैंग हट का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,44,93,913.77, **बयाना राशि:** रु. 3,22,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 27.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-522/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला नजारत शाखा)

**आम सूचना**

बिहार सरकार

औरंगाबाद जिलान्तर्गत सूर्य महोत्सव, देव 2026 दिनांक–25.01.2026, 26.01.2026 एवं 27.01.2026 को रानी तालाब, देव के मैदान में तीन दिवसीय आयोजन निर्धारित है। इस अवसर पर दिनांक–26.01.2026 को आयोजन में भाग लेने हेतु सम्पूर्ण बिहार के इच्छुक कलाकार अपना आवेदन विहित आवेदन प्रपत्र में भरकर एवं अपनी पूर्व की प्रस्तुति से संबंधित तीन विडियो क्लीप के साथ Email Id-kalasanskritiaurangabad@gmail.com एवं Whatsapp Mob No-7488153690 पर दिनांक–18.01.2026 को अपराह्न 06:00 बजे तक भेजना सुनिश्चित करेंगे। विहित आवेदन प्रपत्र जिला के बेवसाईट Aurangabad.bih.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
औरंगाबाद

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 21268 (District) 25-26**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)**

**Email id:-np.hariharganj@gamil.com**

इच्छा की अभिव्यक्ति सं0– **NPH/01/2025-26**

नगर पंचायत हरिहरगंज अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत कचरा संग्रहण, प्रबंधन, सफाई कार्य एवं अन्य IEC गतिविधियों से संबंधित दिवाल लेखन/ पेंटिग का कार्य किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है।

| Sl No | Decription | Rate | Fee Amount (None Refundable) |
|---|---|---|---|
| 1. | 3D Wall Painting under different Places in Hariharganj Nagar Panchayat. | Per Sq. Feet @ Rate | 1000.00 |
| 2. | 2D Wall Painting under different Places in Hariharganj Nagar Panchayat. | Per Sq. Feet @ Rate | 1000.00 |

इच्छुक संस्था/फर्म/व्यक्ति जो उक्त कार्य करने की अहर्ता रखते, हो निम्न शर्तो के साथ वे अपना दर आमंत्रण वैध दस्तावेजों के साथ बंद लिफाफे में हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में दिनांक– 16.01.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक अपना दर आमंत्रण कर सकते है। उसी दिन अपराहन 03:00 बजे आमंत्रित दर खोली जायेगी।

नियम एवं शर्तेः–

1. कोटेशन के साथ दर आमंत्रण सूचना शूल्क 1000/– रू0 बैंक ड्राफट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफट/बैंकर्स चेक कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हरिहरगंज के पदनाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नही की जाएगी।
2. कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ Pan/Adhar/GST की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. इस क्षेत्र में किये गये कार्य में अनुभव रखने वाले संस्था/व्यक्ति ही पात्र होंगे।
4. सशर्त कोटेशन मान्य नही होगी।
5. बिना कारण बताए किसी भी कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. दीवार पर किये जाने वाले सभी पेंटिग का थीम/विषय नगर पंचायत हरिहरगंज द्वारा दिया जायेगा।
7. आवंटन उपलब्ध रहने पर ही विपत्र का भुगतान संभव होगा।
8. एक समान दर होने की स्थिति में संवेदक के बीच अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्य आवंटित किया जायेगा।
9. स्वीकृत दर 01 वर्ष तक के लिए मान्य होगा। आवश्यकता अनुसार अविधि बढ़ाई/घटाई जा सकती है।
10. किसी भी प्रकार का न्यायिक विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही किया जा सकेगा।
11. विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य अविधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 370308 District (25-26)_D

# दो चरणों में संपन्न होगी फार्मर रजिस्ट्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार किसानों को डिजिटल पहचान से आच्छादित करने की दिशा में फार्मर रजिस्ट्री अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत दो चरणों में पंचायतस्तरीय शिविरों का आयोजन कर किसानों की फार्मर आईडी तैयार की जा रही है। प्रथम चरण के अंतर्गत 6 से 09 जनवरी तक एवं द्वितीय चरण में 18 से 21 जनवरी तक शिविरों के आयोजन का कार्यक्रम निर्धारित है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों को पूर्ण कर रहे हैं। अभियान को कैंप मोड में सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से जिले के वरीय पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी शिविर स्थलों पर स्वयं जाकर निरीक्षण एवं निगरानी कर रहे हैं तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जा रहे हैं। आज जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 3,199 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तथा कुल 10,964 किसानों का ई-केवाईसी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी किसानों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित पंचायतस्तरीय शिविरों में स्वयं उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पारदर्शी एवं सुगम रूप से प्राप्त हो सके।

# एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य मामलों में 32 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 32 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी आरोपी हत्या का प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 14 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट में 2, शराब कांड में 7 एवं अन्य शीर्ष कांड में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 779 लीटर देसी एवं 32 लीटर विदेशी शराब एवं 5 बाइक बरामद किया गया है तथा 48 वारंट एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1006 वाहनों की जांच की गई जिसमें 50000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# गृहरक्षकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी : अम्बरीष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मदनपुर।** सीआरपीएफ कैंप में नवनियुक्त गृहरक्षकों के लिए आयोजित बुनियादी प्रशिक्षुओं का पारण परेड संपन्न हुआ। इस अवसर पर एसपी अम्बरीष राहुल को पौधा देकर वरीय जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने सम्मानित किया। मौके पर एसपी द्वारा नवनियुक्त गृहरक्षकों को उनके दायित्वों और कर्तव्यों की शपथ दिलायी गयी। गुरुवार को आयोजित समारोह में एसपी अम्बरीष राहुल ने कहा कि नवनियुक्त प्रशिक्षु से बने गृहरक्षकों पर बड़ी दायित्व है। अपने कर्तव्यों को निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। मदनपुर ग्राउंड में नवनियुक्त गृह प्रशिक्षुओं के पारण परेड में एसपी अम्बरीष राहुल, वरीय जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी, डीएसपी मनीषा बेवी, डीएसपी अर्पणा कुमारी एवं पुलिस इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष राजेश कुमार को सलामी दी गई। इसके पूर्व विधिवत परेड का निरीक्षण किया गया। 120 दिनों के बुनियादी प्रशिक्षण में मुज्जफरपुर जिले से 175, सीतामढी जिले के 68 कुल 243 जवानों का प्रशिक्षण पारण परेड संपन्न हुआ। मदनपुर ग्राउंड में पहली बार जवानों का प्रशिक्षणोपरांत पारण परेड का आयोजन होने से लोगों में हर्ष है। जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने कहा कि गृहरक्षक जवान जहां भी जाएंगे वहां अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। मंच का संचालन वरीय गृहरक्षक सह प्रशिक्षक अजीत कुमार सिंह ने किया। प्रशिक्षक के रुप में वरीय गृह रक्षक सिपाही ज्वाला प्रसाद राय, अधिनायक अनुदेशक विक्रम केरकेट्टा, गृहरक्षक महेंद्र सिंह, युगेश यादव एवं वरीय गृहरक्षक दीपक कुमार ठाकुर शामिल थे।

# चोरी के आरोप में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के बरवाडीह पेट्रोल पंप के समीप राइस मिल के पास से गुरुवार की सुबह पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। प्रथम दृष्टया युवक की पीट-पीटकर हत्या की बात सामने आ रही है। मृत युवक की पहचान नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी बृजा सिंह के 22 वर्षीय पुत्र सुमन कुमार के रूप में की गई है। घटना गुरुवार सुबह ढाई बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में परिजनों के बयान के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमन अपने कुछ साथियों के साथ धान के मिल के समीप गया था। बताया जा रहा है कि वह मिल में घुसा हुआ था। इसी दौरान चोर-चोर का शोर मचाकर कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद हाथ-पैर बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सुमन को उठाकर इलाज के लिए अस्पताल ले गई जहां के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा गठित बोर्ड द्वारा वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करा शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने सदर अस्पताल में कुछ देर हंगामा किया और शहर के रमेश चौक को जाम करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। परिजनों ने बताया कि सुमन की पीट-पीटकर हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# नए सिरे से परिसीमन के लिए आर-पार के मूड में मुखिया संघ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** चुनाव से पूर्व पंचायतों का नए सिरे से परिसीमन कराने की मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधि एकजुट होकर आवाज बुलंद कर रहे हैं। गुरुवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ एवं अन्य प्रतिनिधि संगठनों की जिलास्तरीय कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से पंचायतों के पुनः परिसीमन का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मांगों पर सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने की स्थिति में पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने कहा कि बिहार में वर्ष 2001 में 1991 की जनगणना के आधार पर पंचायतों का परिसीमन किया गया था जबकि वर्तमान में पंचायतों की आबादी लगभग ढाई गुना बढ़ चुकी है। बावजूद परिसीमन नहीं किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। श्री राय ने कहा कि राज्य के कई जिलों और प्रखंडों में कुछ पंचायतों का क्षेत्रफल 10 किलोमीटर से अधिक रेडियस में फैला हुआ है जिससे वहां विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। कई पंचायतों की जनसंख्या अब 20 हजार के पार पहुंच गई है और उनका भौगोलिक क्षेत्रफल भी काफी बढ़ गया है। एक मुखिया के लिए इतनी बड़ी आबादी और बड़े क्षेत्र की समस्याओं को संभालना अब मुश्किल हो रहा है। वहीं नगर निकायों के गठन और उनके क्षेत्र विस्तार के कारण कई पंचायतों का विखंडन एवं पुनर्गठन अव्यवस्थित ढंग से किया गया जिससे गंभीर विसंगतियां उत्पन्न हुई है। श्री राय ने कहा कि पंचायतों का आकार छोटा होना चाहिए ताकि विकास कार्य जमीन तक पहुंच सके और चुनाव लड़ने के इच्छुक आम लोगों को भी मौका मिले। श्री राय ने कहा कि मनरेगा सामग्री मद का बकाया रहने से पंचायतों का विकास कार्य प्रभावित है। कहा कि बकाया को प्राथमिकता के आधार पर एक माह के अंदर शत-प्रतिशत भुगतान कराया जाय। मनरेगा प्रशासनिक स्वीकृति का बढ़ा हुआ दायरा 10 लाख को अविलंब लागू किया जाय। मनरेगा में पंचायत्तों को 20 योजनाओं के प्रतिबंध से मुक्त किया जाए। मनरेगा में एनएमएमएस दिन में एक बार ही लागू किया जाए। बैठक में बिहार जिला परिषद संघ के प्रदेश सचिव ई. सुबोध कुमार सिंह, जिला पार्षद शंकर यादव, जिला पार्षद विकास कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि संजय यादव, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेश यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष सुजीत सिंह, मुखिया बृजमोहन यादव सहित कई जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सिवान को पराजित कर छत्तीसगढ़ बना विजेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के गेट स्कूल मैदान में आयोजित गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट के पांचवें दिन सिवान बनाम छत्तीसगढ़ के बीच मैच खेला गया। मैच का उद्घाटन श्री सीमेंट के यूनिट हेड अतुल शर्मा एवं एचआर राकेश सिंह ने किया। खेल के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ी मो. कादिर ने सिवान के खिलाफ एक गोल किया। इसके बाद दोनों टीमें गोल के लिए संघर्ष करती रही। आखिरकार छत्तीसगढ़ की टीम ने 1-0 से मैच जीत लिया। इस अवसर पर श्री सीमेंट के यूनिट हेड अतुल शर्मा एवं एचआर राकेश सिंह ने कहा कि औरंगाबाद के खेल के विकास में श्री सीमेंट सहयोग करती रही है। यहां से बेहतर खिलाड़ी निकलकर देश में नाम रोशन करें यही हमारी कामना है। हम आगे भी खिलाड़ियों के विकास के लिए सहयोग करते रहेंगे। मैच समाप्ति पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर अतिथि नबीनगर विधायक चेतन आनंद एवं उनकी पत्नी डा. आयुषी सिंह तोमर शामिल हुई। विधायक ने कहा कि नीतीश कुमार सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। खेल में नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सरकार सीधे नौकरी दे रही है। विधायक ने मैन आफ द मैच का खिताब कादिर को दिया। उन्होंने अपनी ओर से पांच हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की। कुश्ती संघ अध्यक्ष उदय तिवारी एवं आफताब राणा ने कमेंट्री कर दर्शकों को बांधे रखा। मौके पर वार्ड पार्षद खुर्शीद अहमद, कुंदन सिंह, आयोजन समिति के सचिव फकरूद्दीन, मनोज कुमार उर्फ गुरूजी, सत्येंद्र सिंह सरपंच, बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष मरगूब आलम आदि मौजूद रहे।

